CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 15°C
न्यूनतम : 05°C

मेरठ, गुरुवार 8 जनवरी 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 219 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 18 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मनरेगा को खत्म करने की गोपनीय साजिश रची गईः अखिलेश यादव पेज 2



ICC भारत में विश्व कप खेलने को लेकर चिंताओं पर बात करने को तैयारः बीसीबी खेल टाइम्स




इंडिगो प्रकरण में नियामक सुस्ती बनी गलत मिसाल सम्पादकीय



ऑपरेशन सिंदूर पर पश्चिमी देशों की दोहरी नीतिः एस. जयशंकर पेज 12

# समूचा उत्तर भारत शीतलहर की चपेट में, लोगों को घरों में कैद रहने पर किया मजबूर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में भी शीत लहर ने लोगों को घरों में कैद रहने पर मजबूर कर दिया है। कई इलाकों में घना से बेहद घना कोहरा छाया हुआ है। इसकी वजह से दिन के तापमान में बढ़ोतरी नहीं हो पा रही है।

रात के समय चलने वाली ठंडी हवाओं ने ठिठुरन और बढ़ा दी है। कभी घने कोहरे की धुंधली सुबह, कभी दोपहर में खिलखिलाती तेज धूप और शाम होते ही बर्फीली हवाओं की चुभन। उत्तर भारत समेत राजधानी दिल्ली में इन दिनों मौसम मानो आंख-मिचौनी खेल रहा है। ठंड जरूर महसूस हो रही है, लेकिन हालात न पूरी तरह कोल्ड डे के हैं और न ही कोल्ड वेव जैसी सख्ती दिख रही है। दिन में धूप निकलने के बावजूद सर्दी पीछा नहीं छोड़ रही, जिसकी वजह उत्तर-पश्चिम से चल रही ठंडी और बर्फीली हवाएं हैं। दिल्ली-एनसीआर में मौसम का यह अजीब मिजाज लोगों को उलझन में डाल रहा है। कभी घना कोहरा छा जाता है, तो कभी बिल्कुल साफ आसमान नजर आता है। दिन में धूप थोड़ी राहत देती है, लेकिन शाम ढलते ही ठंड तेजी से बढ़ जाती है। दिन में धूप खिलने के बावजूद ठंडी हवाएं लोगों को कंपकंपाने पर मजबूर कर रही है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, अगले दस दिनों तक यही हालात बने रहने की संभावना है। इस दौरान ठंडी हवाएं चलती रहेंगी, लेकिन तापमान में बड़ी गिरावट नहीं होगी। राजधानी में इस बार सूखी सर्दी का दौर चल रहा है। फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं है। हालांकि 15 जनवरी के बाद तापमान में हल्की बढ़ोतरी जरूर देखने को मिल सकती है। दिल्ली में धुंध के कारण दिन में धूप नहीं निकल पाती, जिससे दिन का तापमान दबा रहता है। राजधानी के सभी इलाकों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है।



- कई इलाकों में घना से बेहद घना कोहरा छाया
- दिन में धूप निकलने के बावजूद सर्दी पीछा नहीं छोड़ रही

## कश्मीर में 15 दिन बर्फबारी का अलर्ट उत्तराखंड में पाइपलाइनों में पानी जमा

**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी राज्यों की तरफ चल रही सर्द हवाओं से पूरे देश में तापमान में गिरावट आई है।

राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ में तापमान 5 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। इन राज्यों के कई जिलों में घना कोहरा छाया है, जिसके कारण 8वीं तक के स्कूल बंद कर दिए गए हैं। स्कूलों का टाइम भी बदला है। यूपी में 20 फ्लाइट्स और 100 ट्रेनें लेट चल रही हैं। जयपुर में बुधवार को विजिबिलिटी जीरो है, इसके कारण 8 फ्लाइट देरी से चल रही हैं। मध्य प्रदेश के भोपाल में जनवरी की सर्दी का 10 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। यहां मंगलवार को 3.8 डिग्री तापमान रहा। बुधवार को छिंदवाड़ा में 2 डिग्री तापामान रहा।

## दिल्ली के एक्यूआई में मामूली सुधार, एयरलाइंस ने परामर्श किया जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में मामूली सुधार के साथ 299 दर्ज किया गया, हालांकि हवा की गुणवत्ता अभी भी 'खराब' श्रेणी में बनी रही। मंगलवार को राजधानी का एक्यूआई 310 दर्ज किया गया था। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार सुबह 9:05 बजे लिए गए नेहरू नगर (360), आनंद विहार (349), पूसा (345), चांदनी चौक (342), जहांगीरपुरी (342), ओखला फेज-2 (342), और सिरीफोर्ट (342) जगहों पर एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### इसरो 12 जनवरी को भेजेगा PSLV-C60 मिशन

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 12 जनवरी को पूर्वाह्न 10:17 बजे श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) के शार रेंज से पीएसएलवी-सी62 मिशन अंतरिक्ष में भेजेगा। इसरो ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में घोषणा की कि पीएसएलवी-सी62 मिशन का प्रक्षेपण 12 जनवरी 2026 को पूर्वाह्न 10:17 बजे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के शार रेंज से निर्धारित है। पीएसएलवी सी-62 भारत के भरोसेमंद 'पोलर सेटेलाइट लॉन्च व्हीकल' की 64वीं उड़ान होगी। यह मिशन प्राथमिक पेलोड के रूप में ईओएस-एन1 को ले जाएगा, जो रणनीतिक उद्देश्यों के लिए रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित एक 'अर्थ ऑब्जर्वेशन इमेजिंग सेटेलाइट' है।

### मौजूदा वित्त वर्ष में GDP की वृद्धि दर 7.4 % रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जारी किया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा बुधवार को इस साल 31 मार्च को समाप्त हो रहे मौजूदा वित्त वर्ष के लिए जारी पहले अग्रिम अनुमान में कहा गया है कि पूरे साल के दौरान जीडीपी 201.90 लाख करोड़ रुपये रहने की संभावना है। यह पिछले वित्त वर्ष के 187.97 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 7.4 प्रतिशत अधिक है। पिछले वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रही थी। वित्त वर्ष के दौरान लोक प्रशासन, रक्षा एवं अन्य सेवाओं की और वित्तीय, रियल एस्टेट एवं पेशेवर सेवाओं की वृद्धि दर 9.9 प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है। इसके बाद व्यापार, होटल, परिवहन, संचार एवं प्रसारण सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 7.5 प्रतिशत रहने की संभावना है। अनुमान के अनुसार, विनिर्माण और निर्माण क्षेत्रों की वृद्धि दर सात-सात फीसदी रहेगी। कृषि क्षेत्र में 3.1 प्रतिशत और बिजली, गैस, जलापूर्ति एवं अन्य यूटिलिटी सेवाओं की वृद्धि दर 2.1 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है।

### जेल में बंद पूर्व आईपीएस अमिताभ की तबीयत बिगड़ी गोरखपुर भेजे गए

**देवरिया।** धोखाधड़ी के आरोप में उत्तर प्रदेश की देवरिया जिला जेल में बंद आईपीएस के पूर्व अधिकारी अमिताभ ठाकुर की मंगलवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर डाक्टरों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेज दिया। सूत्रों के अनुसार जेल में बंद श्री ठाकुर को मंगलवार की रात सीने में दर्द, बेचैनी और घबराहट की शिकायत पर जेल के डाक्टर के प्राथमिक उपचार के बाद जेल प्रशासन ने उन्हें तत्काल देवरिया मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। प्राथमिक जांच के बाद डाक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए रात करीब दो बजे गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेज दिया। सूत्रों के अनुसार, गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में जांच के दौरान डाक्टरों ने श्री ठाकुर को दिल का दौरा पड़ने की आशंका जताई है।

# कैसे पता चलेगा, कुत्ता काटने के मूड में है या नहीं: सुप्रीम कोर्ट

## आवारा कुत्तों से जुड़े मामले पर सुनवाई के दौरान कोर्ट की वकील के बयान पर बड़ी टिप्पणी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** आवारा कुत्तों से जुड़े मामले में दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई के दौरान एक वकील के बयान पर बड़ी टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने अधिवक्ता वंदना जैन की एक दलील पर टिप्पणी की कि जब हम पशु प्रेमियों की बात करते हैं, तो इसमें सभी जानवर शामिल होते हैं।

मैं अपने घर में कोई जानवर रखना चाहता हूं या नहीं, यह मेरा विवेक है। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि यही बात गेटेड कम्युनिटी पर भी लागू होती है। गेटेड कम्युनिटी में कुत्ते को घूमने देना चाहिए या नहीं, यह समुदाय को तय करना होगा। मान लीजिए, 90 प्रतिशत निवासियों को लगता है कि यह बच्चों के लिए खतरनाक होगा, लेकिन 10 फीसदी कुत्ते रखने पर जोर देते हैं। कोई कल भैंस ला सकता है। वे कह सकते हैं कि मुझे भैंस का दूध चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसा कोई प्रावधान होना चाहिए, जिसके तहत गेटेड कम्युनिटी मतदान के जरिये फैसला ले सके। वकील वंदना जैन ने कहा कि हम कुत्तों के खिलाफ नहीं हैं। हमें कुत्तों के खतरे और सार्वजनिक सुरक्षा को देखना होगा। 6.2 करोड़ कुत्तों की आबादी है और स्थिति नियंत्रण से बाहर होती जा रही है। मामले की सुनवाई गुरुवार को भी जारी रहेगी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की दलीलों पर सवाल करते हुए कहा कि क्या कुत्तों को यह सिखाया जा सकता है कि वे किसी को न काटें? किसी को कैसे पता चलेगा कि कौन सा कुत्ता काटने के मूड में है या नहीं? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पशु प्रेमियों को शेल्टर में मौजूद कुत्तों को खाना खिलाना चाहिए। 18 दिसम्बर 2025 को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया था। दिल्ली नगर निगम की ओर से बनाए गए कुछ नियमों को अमानवीय बताने वाली आपत्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए अदालत ने कहा था कि अगली सुनवाई में एक वीडियो चलाया जाएगा और पूछा जाएगा कि मानवता आखिर है क्या।



- कहा: ऐसा कोई प्रावधान होना चाहिए, जिसके तहत गेटेड कम्युनिटी मतदान के जरिये फैसला ले सके
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा: पशु प्रेमियों को शेल्टर में मौजूद कुत्तों को खाना खिलाना चाहिए

## अगस्ता वेस्टलैंड केस में याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाले में आरोपी वकील गौतम खेतान की याचिका पर सख्त रुख अपनाया। कोर्ट ने इसे ट्रायल से बचने की कोशिश बताया और याचिका खारिज कर दी। खेतान ने मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की एक धारा को चुनौती दी थी।

सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने कहा कि यह नया चलन बन गया है कि अमीर आरोपी ट्रायल का सामना करने के बजाय कानून की वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने लगते हैं। कोर्ट ने कहा कि ऐसे लोग सोचते हैं कि वे सिस्टम को बायपास कर सकते हैं, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। उन्हें आम नागरिक की तरह ट्रायल का सामना करना चाहिए। सीनियर वकील सिद्धार्थ लूथरा ने दलील में कहा कि यह याचिका किसी विशेषाधिकार के लिए नहीं, बल्कि पहले से लंबित विजय मदनलाल चौधरी केस की समीक्षा याचिकाओं से जुड़ी है, लेकिन कोर्ट ने इसे मानने से इन्कार कर दिया।

# यूपी में असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा को निरस्त करने का आदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश में होने वाली समस्त भर्तियों/चयन प्रक्रियाओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण बनाए रखने के प्रति पूर्णत: प्रतिबद्ध है।

इसी प्रतिबद्धता के अनुरूप नकल माफियाओं के विरुद्ध अभिसूचना संकलन करते हुए एसटीएफ उत्तर प्रदेश को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज द्वारा विज्ञापन संख्या-51 के अंतर्गत सहायक आचार्य पद हेतु अप्रैल 2025 में आयोजित परीक्षा के संबंध में अनियमितताओं/ धांधली एवं अवैध धन वसूली से जुड़ी सूचनाएं प्राप्त हुईं। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश द्वारा मामले की गोपनीय जांच के आदेश दिए गए। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर कार्यवाही करते हुए दिनांक 20-04-2025 को यूपी एसटीएफ को उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग प्रयागराज द्वारा दिनांक 16-04-2025 व 17-04-2025 को आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा का फर्जी प्रश्नपत्र बनाकर अभ्यर्थियों से ठगी करने वाले गैंग के तीन अभियुक्तों- महबूब अली, बैजनाथ पाल एवं विनय पाल-को परीक्षा में धांधली एवं अवैध धन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में यूपी एसटीएफ द्वारा थाना विभूतिखंड, जनपद लखनऊ पर मु.अ.सं. 144/25, धारा 112, 308(5), 318(4) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023, अभियोग पंजीकृत कराया गया।



- अप्रैल 2025 में आयोजित परीक्षा के संबंध में अनियमितताओं/धांधली एवं अवैध धन वसूली से जुड़ी सूचनाएं प्राप्त हुई

## बांग्लादेश में नहर में कूदने से हिंदू युवक की मौत

**ढाका।** नाओगांव जिले में नहर में कूदने से 25 साल के हिंदू युवक की मौत हो गई। घटना मंगलवार दोपहर की है। मृतक की पहचान भंडारपुर गांव निवासी मिथुन सरकार के तौर पर हुई है। कुछ लोगों ने हाट चकगौरी बाजार इलाके में मिथुन पर चोरी का आरोप लगाते हुए उसका पीछा किया। बचने की कोशिश में वह पास की नहर में कूद गया और लापता हो गया।

# ट्रम्प का मोदी पर बयान, राहुल गांधी बोले: फर्क समझो सर जी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी की लीडरशिप की तुलना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से की। राहुल ने एक्स पर फर्क समझो सर जी कैप्शन के साथ 3 जून का वीडियो शेयर किया। राहुल ने कहा कि मोदी ट्रम्प के आगे सरेंडर हो जाते हैं, लेकिन इंदिरा गांधी ने अमेरिका को झुकाया था।

आपको वह समय याद होगा जब फोन काल नहीं था, सातवां फ्लीट आया था। 1971 के युद्ध में अमेरिका ने अपने एयरक्राफ्ट कैरियर और हथियार भेजे थे। तब इंदिरा गांधी जी ने कहा था कि मुझे जो करना है, मैं करूंगी। राहुल ने कहा कि इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जरा सा दबाव डालो वे सरेंडर कर देते हैं। मैं अब इन भाजपा-आरएसएस के लोगों को बहुत अच्छी तरह जानता हूं। उन्हें थोड़ा धक्का दो और वे डर के मारे भाग जाएंगे। राहुल गांधी का यह वीडियो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान के एक दिन बाद आया है, जिसमें ट्रम्प ने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी मुझसे मिलने आए और कहा सर, क्या मैं आपसे मिल सकता हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक दिन पहले कहा था कि पीएम मोदी उनसे ज्यादा खुश नहीं हैं, क्योंकि वाशिंगटन ने रूसी तेल खरीदने की वजह से दिल्ली पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि पीएम मोदी खुद मुझसे मिलने आए थे। वह मेरे पास आए और बोले- सर, क्या मैं आपसे मिल सकता हूं? और मैंने कहा- हां।



- कहा: तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने अमेरिका को झुकाया था, ट्रम्प के आगे मोदी सरेंडर हुए

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों पर भड़के रॉबर्ट वाड्रा

**नई दिल्ली।** उद्योगपति रॉबर्ट वाड्रा ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को लेकर वहां की सरकार की कड़ी आलोचना की है। बुधवार को सोशल मीडिया पर जारी एक संदेश में श्री वाड्रा ने हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे पूरी तरह अस्वीकार्य बताया।

# पाक ने संघर्ष रुकवाने के लिए 60 बार गुहार लगाई

## ऑपरेशन सिंदूर पर अमेरिकी फर्म का दावा: भारत सरकार ने भी किया था संपर्क

नई दिल्ली, वार्ता

**अमेरिका के फॉरेन** एजेंट्स रजिस्ट्रेशन एक्ट (एफएआरए) के दस्तावेज सार्वजनिक हुए हैं। इसके मुताबिक पिछले साल अप्रैल में भारत के चलाए ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान डर गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जंग रोकने के लिए पाकिस्तान ने अमेरिका में अपने डिप्लोमैट के जरिये लॉबिंग की थी।

इसके तहत अमेरिका में शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों, सांसदों, पेंटागन और विदेश विभाग के अफसरों के साथ करीब 60 बार संपर्क किया था। एफएआरए के तहत अमेरिकी न्याय विभाग में दाखिल दस्तावेजों से पता चला है कि पाकिस्तानी राजनयिकों ने ईमेल, फोन काल, वन-टू-वन बैठकों के जरिये अप्रैल अंत से लेकर 4 दिन के ऑपरेशन सिंदूर के बाद तक संघर्ष विराम के लिए बैठकें जारी रखी थीं। पाकिस्तान किसी भी तरह से भारत पर अमेरिका का दबाव बनाकर युद्ध रुकवाना चाहता था। उसने ट्रम्प प्रशासन तक तेजी से पहुंच बनाने, व्यापार और कूटनीतिक फैसलों को प्रभावित करने के लिए 6 लॉबिंग फर्मों पर करीब 45 करोड़ खर्च किए थे। अमेरिकी लॉबिंग फर्म एसएचडब्ल्यू पार्टनर्स एलएलसी ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय दूतावास ने अमेरिकी सरकार और उसके अधिकारियों से संपर्क बढ़ाने के लिए फर्म की सेवाएं ली थीं। अमेरिकी लॉबिंग फर्म एसएचडब्ल्यू पार्टनर्स एलएलसी के मुताबिक ट्रम्प प्रशासन के साथ कई अहम मुद्दों पर भारतीय दूतावास की बातचीत में मदद की गई। अप्रैल से दिसम्बर 2025 के बीच भारतीय दूतावास के लिए काम किया। एफएआरए में दी गई जानकारी के अनुसार 10 मई को इस फर्म ने भारतीय दूतावास की ओर से व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ सूसी वाइल्स, अमेरिकी ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव जेमिसन ग्रीर और नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के रिकी गिल से संपर्क कराने में मदद की। इस दौरान भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी मीडिया कवरेज जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। 10 मई को ही भारत और पाकिस्तान के बीच चला 4 दिन का सैन्य टकराव समाप्त हुआ था। फर्म की भूमिका में बैठकों की व्यवस्था करना, फोन कॉल और ईमेल के जरिये दोनों देशों के अधिकारियों को जोड़ना शामिल था।



- पाकिस्तान ने अमेरिका में अपने डिप्लोमैट के जरिये लॉबिंग की थी

## संक्षिप्त समाचार

### अधर में लटकी औद्योगिक गलियारा बनाने की योजना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक गलियारा विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना पर सवाल खड़े होने लगे हैं। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) अब तक इस परियोजना पर करीब 691 करोड़ रुपये खर्च कर चुका है, लेकिन जमीन का बैनामा शुरू हुए दो साल बीत जाने के बावजूद एक भी उद्यमी ने यहां उद्योग लगाने में रुचि नहीं दिखाई है। यूपीडा के सूत्रों की मानें, तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप निवेश शिखर सम्मेलन के तहत मांगे गए प्रस्तावों में भी इस औद्योगिक गलियारे के लिए एक भी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के अंतिम छोर पर स्थित गाजीपुर जिले को औद्योगिक गलियारे के लिए चुना गया था। सरकार की योजना थी कि 340 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेसवे के दोनों किनारों पर औद्योगिक इकाइयां स्थापित कर निवेश और रोजगार को बढ़ावा दिया जाए।

### मंत्रियों ने की आतिशी की सदस्यता रद्द करने की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में सिख गुरु तेग बहादुर के अपमान के मामले में दिल्ली सरकार के सभी मंत्रियों ने विपक्ष की नेता आतिशी की सदस्यता रद्द करने उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। दिल्ली के कैबिनेट मंत्रियों ने बुधवार को इस मामले में विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता को एक पत्र सौंपा, जिसमें सुश्री आतिशी की सदस्यता रद्द करने की मांग की। इस पत्र में प्रवेश साहिब सिंह, मनजिदर सिंह सिरसा, आशीष सूद, कपिल मिश्रा, डॉ. पंकज कुमार सिंह और रविन्द्र इंद्राज के हस्ताक्षर हैं।

# महाराष्ट्र में भाजपा-कांग्रेस की मिलीभगत: आप

## आम आदमी पार्टी ने कहा: उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना को किनारे करने के लिए दोनों राष्ट्रीय दल एक साथ आ रहे

**नई दिल्ली, वार्ता**

आम आदमी पार्टी ने महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच कथित मिलीभगत का आरोप लगाया है। आप का दावा है कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना को किनारे करने के लिए दोनों राष्ट्रीय दल एक साथ आ रहे हैं। हालांकि कांग्रेस ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है।

आप नेता अनुराग ढांडा ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा और कांग्रेस, जो पहले एक-दूसरे की परोक्ष मदद करती थीं, अब खुलकर साथ आती दिख रही हैं।



■ शिंदे गुट पर भ्रष्टाचार के आरोपों के विरोध में विभिन्न दलों ने मिलकर 'अंबरनाथ विकास मोर्चा' बनाया: कांग्रेस

उन्होंने कहा कि पहले ये प्रेमी प्रेमिका की तरह छुप छुप कर मिलते थे, लेकिन भाजपा और कांग्रेस का संबंध अब सार्वजनिक हो चुका है। क्या ए देश के लोगों की आंखों में धूल झोंकने जैसा नहीं है? दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविद केजरीवाल ने ढांडा की पोस्ट को साझा करते हुए कहा कि क्या भाजपा ने अपने ही सहयोगी शिंदे सेना को हराने के लिए कांग्रेस से हाथ मिला लिया है? आखिर चल क्या रहा है?

गौरतलब है कि महाराष्ट्र में फिलहाल महायुति सरकार है, जिसमें भाजपा, अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और एकनाथ शिदे की शिवसेना शामिल हैं। वहीं कांग्रेस नेता सचिन सावंत ने आप के आरोपों को तुरंत खारिज करते हुए कहा कि अंबरनाथ में स्थानीय स्तर पर शिदे गुट पर भ्रष्टाचार के आरोपों के विरोध में विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं ने मिलकर 'अंबरनाथ विकास मोर्चा' बनाया है, जिसमें निर्दलीय उम्मीदवार भी शामिल हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसे भाजपा-कांग्रेस की मिलीभगत बताना गलत है। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र में नगर पालिका चुनाव 15 जनवरी को होने हैं, ऐसे में सियासी आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं।

# गुरुवार के बाद ठंड से राहत मिलने के आसार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का प्रकोप लगातार जारी है, लेकिन गुरुवार के बाद प्रदेशवासियों को ठंड से थोड़ी राहत मिलने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में यह तीव्र शीतलहर का दौर 8 जनवरी तक बिना किसी बड़े बदलाव के बना रहेगा। हालांकि इसके बाद कुछ समय के लिए ठंड से हल्की राहत मिलने की संभावना जताई गई है, लेकिन यह राहत अल्पकालिक होगी।

लखनऊ मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आठ जनवरी तक प्रदेश में ठंड की स्थिति लगभग यथावत रहेगी। इसके बाद कोहरे की तीव्रता में कमी आने और तापमान में हल्की बढ़ोतरी होने से कुछ राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार इटावा लगातार दूसरे दिन प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा। यहां न्यूनतम तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक दिन पहले इटावा में पारा 2.4 डिग्री तक गिर गया था। इसके बाद गोरखपुर में न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री, कानपुर शहर में 4.6 डिग्री, चुरक और आजमगढ़ में 5.2 डिग्री



■ उप्र के अधिकांश हिस्सों में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का प्रकोप लगातार जारी

सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को दिन के तापमान की बात करें, तो गोरखपुर में सबसे कम अधिकतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 7.9 डिग्री कम रहा। इसके बाद आजमगढ़ और शाहजहांपुर में 12 डिग्री, बरेली में 12.2 डिग्री, हरदोई में 12-6 डिग्री और इटावा में 12.8 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज हुआ। सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद बर्फ से ढके पर्वतीय क्षेत्रों से आ रही ठंडी और शुष्क उत्तर-पश्चिमी तथा पश्चिमी हवाओं के प्रभाव से 4 जनवरी के बाद प्रदेश में न्यूनतम तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई है।

# उप्र में 20 आईपीएस अफसरों के हुए तबादले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ उप्र की योगी सरकार ने पुलिस प्रशासन में व्यापक फेरबदल किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस प्रशासन में व्यापक फेरबदल करते हुए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 20 वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। शासन द्वारा बुधवार को जारी आदेश के अनुसार प्रयागराज जोन के अपर पुलिस महानिदेशक को हटाया गया है, जबकि लखनऊ पुलिस आयुक्तालय के भी अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। सूत्रों के अनुसार लखनऊ आयुक्तालय के संयुक्त पुलिस आयुक्त अमित वर्मा को उनके पद से हटाकर नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी किरण एस को लखनऊ रेंज का पुलिस महा. निरीक्षक नियुक्त किया गया है। पीटीएस जालौन में लंबे समय से तैनात ज्योति नारायण को प्रयागराज जोन का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। इसके साथ ही विजय ढुल को प्रयागराज पुलिस आयुक्तालय में अपर पुलिस आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है। जारी आदेश के तहत श्री रामकुमार को अपर पुलिस महा. निदेशक लॉजिस्टिक्स, राजकुमार को अपर पुलिस महानिदेशक मानवाधिकार तथा डा. संजीव गुप्ता को अपर पुलिस महानिद. शक, उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, लखनऊ बनाया गया है। प्रशांत कुमार को एडीजी प्रशासन और तरुण गाबा को एडीजी सुरक्षा, उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा श्री आशुतोष कुमार को एडीजी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, अपर्णा कुमार को संयुक्त पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ तथा राजेश मोदक को आईजी स्थापना, लखनऊ नियुक्त किया गया है।

## अखिलेश यादव ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला

# मनरेगा को खत्म करने की साजिश रची गई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने की कोशिश इस प्रमुख ग्रामीण रोजगार योजना को धीरे-धीरे खत्म करने की एक 'गोपनीय साजिश' रची गई है।

गौरतलब है कि पिछले संसदीय सत्र में पारित नया कानून विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन -ग्रामीण (वीबी-जीरामजी) अधिनियम, 2025, मनरेगा की जगह ले रहा है। इस नए कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के मजदूरी रोजगार की गारंटी दी गई है। इसका ध्यान बुनियादी



■ कहा: मनरेगा का नाम बदलने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा, भाजपा की योजना को खत्म करने की मंशा उजागर हुई

ढांचे और परिसंपत्तियों के निर्माण पर है, जिसमें तकनीक का उपयोग, मजदूरी के लिए केंद्र-राज्य के बीच 60:40 का नया वित्तीय अनुपात, पारदर्शिता (बायोमेट्रिक/जियो-टैगिंग) और पीएम गति शक्ति जैसे राष्ट्रीय लक्ष्यों से ग्रामीण कार्यों को जोड़ने का प्रावधान है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि मनरेगा एक सरकारी योजना थी, जो ग्रामीण परिवारों को प्रति वर्ष 100 दिनों के अकुशल मजदूरी कार्य की कानूनी गारंटी देती थी। इसका उद्देश्य आजीविका सुरक्षा बढ़ाना और सड़कों, तालाबों और जल संरक्षण संरचनाओं जैसे ग्रामीण बुनियादी ढांचे का निर्माण करना था। यह न्यूनतम मजदूरी, पुरुष- महिला को समान वेतन और 15 दिनों के भीतर काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता सुनिश्चित करती थी। यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर एक बयान पोस्ट करते हुए कहा कि मनरेगा का नाम बदलने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा, बल्कि यह भाजपा की उस मंशा को दर्शाता है, जिसके तहत इस योजना को गुपचुप तरीके से खत्म करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि मनरेगा का नाम बदलने से कुछ नहीं बदलेगा। असल में यह मनरेगा को धीरे-धीरे खत्म करने की भाजपा की गुप्त साजिश है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार कई तरीकों से इस योजना को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा सरकार लगातार मनरेगा का बजट घटा रही है, दूसरी तरफ उसने राज्यों पर ऐसा वित्तीय दबाव बना दिया है कि केंद्र से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) मुआवजे में देरी और कमी के कारण पहले से खाली खजाने वाले राज्य यह सोचने को मजबूर हैं कि अतिरिक्त धन कहां से लाएं। यादव ने दावा किया कि इससे राज्य अंतत: इस योजना को सीमित करने या छोड़ने को मजबूर हो जाएंगे। सपा अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र ने सैकड़ों ग्राम सभाओं को 'शहरी श्रेणी' में डालकर मनरेगा को एक और झटका दिया है, जिससे वे ग्रामीण रोजगार निधि से वंचित हो गई हैं।

### भाजपा सरकार ने मनरेगा बजट भी छीन लिया

कई ग्राम सभाओं को शहरी श्रेणी में डालकर भाजपा सरकार ने उनका मनरेगा बजट भी छीन लिया है। यादव ने कहा कि भाजपा का असली लक्ष्य सिर्फ मनरेगा का नाम बदलना नहीं, बल्कि उसे पूरी तरह 'राम-राम' कह देना है। भाजपा की प्राथमिकताओं पर तंज कसते हुए उन्होंने जोड़ा, भाजपा अपने अलावा किसी और का पेट भरते देख नहीं सकती। विपक्षी दल लंबे समय से केंद्र पर मनरेगा के लिए अपर्याप्त बजट आवंटन और मजदूरी भुगतान में देरी के आरोप लगाते रहे हैं, हालांकि सरकार इन आरोपों को खारिज करती रही है और कहती है कि आवंटन मांग-आधारित है तथा आवश्यकता के अनुसार धन जारी किया जाता है।



सेंसेक्स 84961.14
निफ्टी 26140.75



सोना रु. 138450
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 254620
प्रति किलो



# दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से लुढ़के प्रमुख सूचकांक

**मुंबई, वार्ता**

विदेशों से मिले मिश्रित संक. ेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को दिग्गज कंपनियों में बिकवाली देखी गई और प्रमुख सूचकांक लगातार तीसरे दिन लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 102.20 अंक (0.12 प्रतिशत) टूटकर 84,961.14 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचक. ांक 37.95 अंक यानी 0.14 प्रतिशत उतरकर 26,140.75 अंक पर रहा। दोनों प्रमुख सूचक. ांकों में आज बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया। मंगलवार को 85,063. 34 अंक पर बंद होने वाला सेंसेक्स करीब 443 अंक की गिरावट में खुला। यह नीचे 84,617.49 अंक और ऊपर



85,075.99 अंक तक गया। निफ्टी-50 का दिन का निचला स्तर 26,067.90 अंक और अधिकतम स्तर 26,187.15 अंक रहा। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने पैसा लगाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.36 प्रतिशत और स्मॉलकैप- 100 सूचकांक 0.39 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। आईटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, स्वास्थ्य, फार्मा, दूरसंचार और रसायन सेक्टरों के सूचकांकों में तेजी रही। ऑटो, तेल एवं गैस, रियलिटी और बैंकिग सेक्टर गिरावट में रहे। सेंसेक्स में मारुति सुजुकी का शेयर पौने तीन फीसदी टूट गया। पावरग्रिड, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, हिंदुस्तान यूनीलिवर, भारतीय स्टेट बैंक और भारती एयरटेल के शेयर एक प्रतिशत से ज्यादा टूटे। महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, इंडिगो, बजाज फिनसर्व, अडानी पोर्ट्स, एनटीपीसी और आईटीसी के शेयर भी लाल निशान में रहे। टाइटन में करीब चार प्रतिशत की तेजी रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर दो प्रतिशत चढ़ा। टेक महिंद्रा, इंफोसिस, सनफार्मा, टीसीएस और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में बंद हुए। इटरनल, एलएंडटी, बीईएल और ट्रेंट के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए।

# चांदी नया रिकॉर्ड बनाकर फिसली, सोने में हल्का दबाव देखने को मिला


**नई दिल्ली।** बुलियन मार्केट में बुधवार को भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। चांदी की कीमतों ने वायदा बाजार में 2,59,692 रुपये प्रति किलोग्राम का अब तक का सर्वोच्च स्तर छू लिया, लेकिन इसके बाद गिरावट दिखी। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति को लेकर अनिश्चितता और प्रमुख आर्थिक आंकड़ों के जारी होने से पहले व्यापारियों की ओर से की गई भारी मुनाफावसूली के चलते चांदी की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर मार्च डिलीवरी वाली चांदी का अनुबंध चार दिनों की लगातार तेजी को थामते हुए 4,161 रुपये या 1.61 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,54,650 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ। इससे पहले, बुधवार को शुरुआती कारोबार में चांदी 881 रुपये या 0.34 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,59,692 रुपये के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले यानी मंगलवार को चांदी की कीमतों में अभूतपूर्व उछाल आया था, जब यह 13,167 रुपये (5.35 प्रतिशत) बढ़कर 2,59,322 रुपये के स्तर पर पहुंची थी और 2,58,811 रुपये पर बंद हुई थी। चांदी के साथ-साथ सोने की कीमतों में भी सीमित दायरे में कारोबार और हल्का दबाव देखने को मिला। फरवरी डिलीवरी वाला सोना 633 रुपये या 0. 46 प्रतिशत गिरकर 1,38,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया, जो हालिया तेजी के बाद मुनाफावसूली का संकेत है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भी इसी तरह का रुझान दिखा।

# चावल नरम, गेहूं, चीनी सुस्त, खाद्य तेलों, दालों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव घट गए। वहीं, गेहूं और चीनी में टिकाव रहा, जबकि खाद्य तेलों तथा दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 18 रुपये घटकर 3,848 रुपये प्रति क्विटंल रह गई। गेहूं 2,849 रुपये प्रति क्विटंल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत भी कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही रही। दाल.दलहनों में उतार.चढ़ाव देखा गया। मसूर दाल की औसत कीमत 19 रुपये और मूंग दाल की 14 रुपये प्रति क्विटंल गिर गई। वहीं, तुअर दाल तीन रुपये और चना दाल दो रुपये प्रति क्विटंल



सस्ती हुई। उड़द दाल के भाव स्थिर रहे।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 45 रिंगिट चढ़कर 4,035 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मार्च का अमे. रिकी सोया तेल वायदा भी 1.05 प्रतिशत की बढ़त में 49.92 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 36 रुपये प्रति क्विटंल महंगा हुआ। मूंगफली तेल और वनस्पति की कीमत 26.26 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 24 रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल और सोया तेल में भी 10.10 रुपये प्रति क्विटंल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव लगभग अपरिवर्तित रहे। चीनी के भाव में भी कोई बदलाव नहीं हुआ। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे : दाल.दलहन : दाल चना 7800.03 रुपये, मसूर काली 8149.76 रुपये, मूंग दाल 10088.20 रुपये, उड़द दाल 10399.85 रुपये, तुअर दाल 10616.59 रुपये प्रति क्विटंल।

अनाज:(भाव प्रति क्विटंल) गेहूं दड़ा 2849.30 रुपये और चावल 3847.65 रुपये प्रति क्विटंल। आटा (गेहूं) 3298.77 रुपये प्रति क्विटंल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4299.55 रुपये और गुड़ 4990.21 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए।

# वस्त्र मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन का गुवाहाटी में शुभारंभ आज होगा

**नई दिल्ली।** वस्त्र मंत्रियों का राष्ट्रीय सम्मेलन गुरुवार को असम के गुवाहाटी में शुरू होगा जिसमें देश भर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वस्त्र मंत्री तथा वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे।

वस्त्र मंत्रालय द्वारा असम सरकार के सहयोग से आयोजित दो दिन के सम्मेलन की विषय वस्तु 'भारत का वस्त्र उद्योग: विकास, विरासत और नवाचार का संगम' है। सम्मेलन का उद्देश्य वस्त्र क्षेत्र में नीति, निवेश, स्थिरता, निर्यात, अवसंरचना विकास और प्रौद्योगिकीय उन्नति पर विचार- विमर्श के लिए एक मंच प्रदान करना है। यह सम्मेलन भारत को 2030 तक वैश्विक वस्त्र विनिर्माण केन्द्र के रूप में स्थापित करने के सरकार के विजन के अनुरूप है। इसमें निर्यात को बढ़ावा देने, रोजगार सृजन और समावेशी विकास पर विशेष बल दिया गया है, जो 'विकास भी, विरासत भी' के आदर्शों पर आधारित है। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह, असम के मुख्यमंत्री डा. हिमंता बिस्वा सरमा, वस्त्र राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन सत्र में भारत की वस्त्र उद्योग की शक्ति, नवोन्मेषण और समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी के साथ-साथ पवेलियन का भी उद्घाटन किया जाएगा। सम्मेलन में अवसंरचना और निवेश, भारत के वस्त्र निर्यात का विस्तार, कच्चा माल और रेशे, 'टेक्निकल टेक्सटाइल' और 'न्यू-एज फाइबर' तथा हथकरघा और हस्तशिल्प का संरक्षण और संवर्धन जैसे प्रमुख क्षेत्रों को कवर करने वाले सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसमें देश भर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मंत्रियों और अधिकारियों के भाग लेने और विभिन्न क्षेत्रों तथा जिलों में कपड़ा मूल्य श्रृंखला को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सर्वोत्तम कार्य-प्रणालियों, चुनौतियों और नीतिगत सुझावों को साझा किए जाने की भी उम्मीद है। पूर्वोत्तर क्षेत्र के वस्त्र उद्योग को सुदृढ़ और सशक्त बनाने पर भी एक सम्मेलन होगा जिसमें उत्तर-पूर्वी राज्यों के वस्त्र मंत्री, संसद सदस्य और केंद्र एवं राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे।

इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य उत्तर-पूर्व के रेशम, हथकरघा, हस्तशिल्प और बांस आधारित वस्त्रों की क्षमता को उजागर करना है, जिसमें एरी, मूगा और शहतूत रेशम, महिला केन्द्रित उद्यम, ब्रांडिग और बाजार पहुंच पर विशेष जोर दिया जाएगा। राष्ट्रीय सम्मेलन से केंद्र-राज्य सहयोग में सुदृढ़ता, प्रतिस्पर्धी, टिकाऊ और समावेशी वस्त्र सेक्टर के लिए एक स्पष्ट रूपरेखा पेश किए जाने की भी उम्मीद है।

# उप्र में स्वैच्छिक संस्थाओं को मिलेगा अनुदान, योजना लागू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने 'दिव्यांगजन के सर्वांगीण पुनर्वासन' के लिए 'स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता योजना' को प्रभावी रूप से लागू किया है।

योजना के तहत दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 में शामिल 21 प्रकार की दिव्यांगताओं से संबंधित पुनर्वासन परियोजनाओं को अनुदान दिया जाएगा। योजना का लाभ दिव्यांग बच्चों और युवाओं को प्रारंभिक हस्तक्षेप, शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल विकास के रूप में मिलेगा। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने बुधवार को बताया कि योगी सरकार की प्राथमिकता है कि दिव्यांगजन हर क्षेत्र में आगे बढ़ें और आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक संस्थाओं की सहभागिता से दिव्यांग पुनर्वासन को नया

■ धरातल पर पहुंचेगी पुनर्वासन योजना: कश्यप

विस्तार मिलेगा और सामाजिक भागीदारी भी मजबूत होगी। योजना के अंतर्गत अर्ली इंटरवेंशन सेंटर, डे-केयर सेंटर, प्री-प्राइमरी एवं विशेष विद्यालयों का संचालन, कौशल विकास कार्यक्रम, ब्रेल व सहायक उपकरणों की उपलब्धता, पाठ्य सामग्री निर्माण तथा दिव्यांगजनों से संबंधित पुस्तकालयों को अनुदान के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाएगा।

इससे दिव्यांग बच्चों की शुरुआती पहचान कर उन्हें बेहतर भविष्य की ओर ले जाया जा सकेगा। मंत्री ने बताया कि योजना के लिए पारदर्शी और तकनीक आधारित चयन प्रक्रिया अपनाई गई है। वही स्वैच्छिक संस्थाएं पात्र होंगी, जो दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हों, नीति आयोग के एनजीओ दर्पण पोर्टल पर पंजीकरण के साथ विशिष्ट पहचान संख्या रखती हों तथा कम से कम दो वर्षों का अनुभव रखती हों। प्रस्तावों का परीक्षण पहले जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा, इसके बाद निदेशालय स्तर पर अंतिम चयन होगा। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अनुदान केवल वास्तविक और प्रभावी संस्थाओं को ही मिले। उन्होंने सभी मण्डलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने जनपदों में योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं, ताकि अधिक से अधिक संस्थाएं इस अभियान से जुड़ सकें।

### एसआईआर को लेकर दुष्प्रचार कर रहा है विपक्ष: मौर्य



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्ष पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर दुष्प्रचार करने का आरोप लगाया है। गौरतलब है उत्तर प्रदेश में एसआईआर प्रक्रिया के तहत मंगलवार को मसौदा मतदाता सूची जारी कर दिया गया, जिसमें दो करोड़ 89 लाख मतदाताओं के नाम को मतदाता सूची से हटाने के लिए चिह्नित किया गया है। मौर्य ने बुधवार को यहां कहा विपक्ष के दुष्प्रचार का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। मतदाता सूची शुद्ध होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शुद्ध मतदाता सूची से चुनाव हो, वही लोकतंत्र का पवित्र स्वरूप होगा। एसआईआर से सबसे ज्यादा नुकसान भारतीय जनता पार्टी के होने के विपक्ष के दावे पर उन्होंने कहा कि यह तो 2027 के विधानसभा के चुनाव में ही पता चलेगा। उन्होंने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा है कि 2027 के विधानसभा चुनाव में यादव एक गाड़ी में अपने विधायकों को बैठाकर सैफई चले जाएंगे। मौर्य ने कहा कि एसआईआर की एक प्रक्रिया है और उसका अभी केवल प्रथम चरण पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के नाम काटे गए बताए जा रहे हैं वह काटे नहीं गए है। उन्हें जुड़वाने के लिए अभी पर्याप्त समय है। पात्र मतदाता 6 जनवरी से 6 फरवरी तक अपने नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं।

# पुरानी रंजिश में दो पक्षों के बीच हुआ संघर्ष, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

- वाहन खड़ा करने को लेकर हुई थी दोनों पक्षों में मारपीट
- पुलिस से छुटकर भागा आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** गली में वाहन खड़ा करने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद जमकर लाठी डंडे चल पड़े। जिसमें दोनों पक्षों द्वारा कार पर लाठी बजाते हुए नजर आ रहे हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली तथा आरोपियों की गिरफ्तारी करने के लिए दबिश दी। जिसमें आरोपी युवक पुलिस को चकमा देकर भाग निकले। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए तहरीर दी जिसमें पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। बताते चले कि बहसूमा थाना क्षेत्र के रामराज चौकी के सो कदम आगे रास्ते में शुभम रेस्टोरेंट के पीछे ओमवीर पक्ष से राहुल एडवोकेट पुत्र रामोअवतार अपनी कार लेकर आया। उसी समय अरुण बत्रा पुत्र सुभाष पक्ष से कार न खड़ी करने को लेकर आपस में विवाद हो गया और लाठी डंडे चल पड़े। झगड़े की सूचना जब पुलिस को लगी तो मौके पर थाना प्रभारी प्रतिभा सिंह पुलिस फोर्स को साथ लेकर मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। जब आरा. ेपी युवक को हिरासत में लेकर अपने सरकारी वाहन में ले जा रहे थे तभी पुलिस के चंगुल से छूटकर फरार हो गया। थाना प्रभारी प्रतिभा सिंह ने बताया राहुल एडवोकेट ने सनी बत्रा पुत्र सतीश बत्रा प्रज्ञा, अरुण पुत्र सुभाष, भारत बत्रा पुत्र सुभाष के खिलाफ देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं अरुण बत्रा ने दीपक अग्रवाल व उसके भाई पंकज अग्रवाल पुत्र मूलचंद के खिलाफ गाड़ी में तोड़फोड़ तथा अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि इन दोनों का विवाद पहले भी हो चुका है जिसमें ओमवीर पक्ष से सनी बत्रा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज है। इन दोनों के बीच पुरानी रंजीश चली आ रही है। इनका शांति भंग में चालान भी किया हुआ है। आरोपियों की गिरफ्तारी कर जेल भेजा जाएगा। दोनों पक्षों की झगड़े की पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। जिसमें एक पक्ष दूसरे पक्ष के वाहन पर ताबड़तोड़ लाठियां बांझ रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि अगर मौके पर पुलिस स्टाफ समय पर हस्तक्षेप न करती तो दबंग उसकी जान ले लेते। मामले की सूचना तत्काल एसएसपी मेरठ को दी गई।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इंचौली।** बुधवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत इंचौली क्षेत्र के बहचौला गांव में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मेरठ हरिद्वार हाईवे प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा के महत्व एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षित व्यवहार को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों द्वारा ग्रामीणों के साथ सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें हेलमेट एवं सीट बेल्ट के प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, पैदल यात्रियों की सुरक्षा तथा जिम्मेदार वाहन चलाने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी गई। ग्रामीणों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और क्षेत्र से संबंधित सड़क सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। इसके साथ ही गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के पैरामेडिक डाक्टर द्वारा ग्रामीणों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई। स्वास्थ्य परीक्षण के अंतर्गत ब्लड प्रेशर सहित अन्य आवश्यक जांच की गई तथा आवश्यकता अनुसार स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम एसपीवी प्रोजेक्ट मैनेजर गोविंद कुमार सैनी के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आई टीम से कासिम, एसपीवी से मेंटेनेंस मैनेजर संजय पोसवाल, सेफ्टी मैनेजर धर्मेंद्र कुशवाहा, कैंपेल प्रोजेक्ट मैनेजर पार्थनाथ, एचआर मैनेजर निखिल सिंह भदौरिया, सीआरओ सोनू ठाकुर, आरपीओ जितेंद्र दुबे, फरमूद, तथा पैरामेडिक डॉ. समुद्र एवं रामदयाल की उपस्थिति रही। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन पर ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत मेरठ हरिद्वार हाईवे प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित इस प्रकार के जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम सड़क सुरक्षा के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने, सामुदायिक स्वास्थ्य में सुधार लाने तथा सुरक्षित यातायात संस्कृति को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# सपा प्रमुख अखिलेश यादव को अयान सैफी ने भेंट की मेरठ की गजक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** समाजवादी पार्टी का कुनबा दिन पर दिन बढ़ता ही जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के पास सिवालखास विधान सभा का हर नेता अपनी-अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहा है वहीं जानी खुर्द निवासी अयान सैफी समा. जवादी पार्टी के सिवाल खास विधानसभा अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड लखनऊ उनके आवास पर मेरठ की मशहूर गज्जक लेकर पहुंचे। जिसमें अखिलेश को उन्होंने मेरठ की गज्जक से नवाजा। अखिलेश ने भी उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

अखिलेश यादव ने कहा कि मेरठ की गज्जक का हमारा पुराना नाता रहा है पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय नेताजी मुलायम सिंह भी मेरठ की गज्जक के शौकीन थे और आज भी हमारे पुराने समाजवाद के नेता मेरठ की गज्जक रेवड़ी लेकर उनके पास आते हैं जिससे उनकी पुरानी यादें ताजा हो जाती हैं। अगर देखा जाए तो मेरठ की गज्जक का पुराना नाता राजनेताओं का रहा है पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई भी दीवाने थे और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मेरठ की गज्जक के शौकीन है वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अयान से चुनावी चर्चा की और मेहनत लगन से पार्टी का कुनबा बढ़ाने की बात कही और समाजवादी पार्टी को मजबूत करने को कहा।



**अखिलेश को गजक देते।**

# भाजपा नेता ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का पुतला फूंका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बांग्लादेश में हिन्दूओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ भाजपा नेता आदेश फौजी ने बांग्लादेश प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया है। ग्राम दबथुवा में भाजपा नेता पंडित आदेश फौजी के नेतृत्व में बांग्लादेश की यूनूस सरकार का पुतला दहन किया गया और बांग्लादेश मुर्दाबाद, यूनुस सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। इस दौरान पंडित आदेश फौजी ने कहा भारत के मुसलमानों और मौलानाओं एवं मुस्लिम संगठनों को फतवा जारी करके बांग्लादेश की कट्टरपंथी युनूस सरकार के खिलाफ हिन्दूओं के सर्मथन में बांग्लादेशी मुसलमानों का बहिष्कार करना चाहिए और अंतर्राष्ट्रीय पटल पर विरोध दर्ज करना चाहिए और हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई भाईचारे की कहावत को मजबूत करने का काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार नहीं रूका तो भारत के हिन्दू सड़क पर उतर कर बड़ा आंदोलन करने का काम करेगा। इस दौरान जोनी चौधरी, सत्यप्रकाश जांगिड़, किसान नेता वीरपाल सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, अंकित चौधरी, अंकित कश्यप, सुमित वाल्मीकि, विपिन कुमार, सिद्धांत, अतुल कश्यप, योगेश गोस्वामी, जगवती, सुदेश आदि मौजूद रहे।

# पांचली खुर्द की सरकारी जमीन में हुए फर्जीवाड़े की जांच करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहलवान मुनेंद्र गुर्जर ने एक ज्ञापन डीएम को सौंपा है। जिसमें उनका कहना था कि करोड़ों रुपए की सरकारी भूमि पर भू माफिया प्रदीप जैन ऋतु जैन ने भ्रष्टाचार में लिप्त सरकारी मशीनों का दुरुपयोग कर फर्जी बनामें कराए हैं पांचली खुर्द की सरकारी जमीन के साथ हुए फर्जीवाड़े के संबंध में 11 बिंदुओं पर जांच की मांग सरकारी अधिकारियों से की गई थी 17 दिन धरना प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शन समाप्त करने के लिए प्रशासन ने अपने प्रति. निधि के रूप में नायब तहसीलदार सोनपाल सिंह को जांच रिपोर्ट की प्रतिलिपि लेकर धरनास्थल पर भेजा था जिस पर अधिकारियों के हस्ताक्षर थे। जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर लेने की भी बात कही गई थी लेकिन समय बीत जाने के बाद आज तक संगठन को जांच उपलब्ध नहीं कराई गई है। उन्होंने मांग की है कि जल्द भूमाफियाओं पर कार्रवाई हो।

# संगीत सोम व उनका परिवार मीट फैक्ट्रियों के संचालकः अतुल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरधना से समाजवादी पार्टी के विधायक अतुल प्रधान ने पूर्व विधायक और भाजपा नेता संगीत सोम पर बड़ा हमला बोला है। अतुल प्रधान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया कि संगीत सोम और उनके परिवार के लोग कई मीट फैक्ट्रियों के संचालक हैं, जो मीट सप्लाई और स्टोरेज का काम करती हैं।

उन्होंने दावा किया है कि इन कंपनियों के जरिए मीट और मछली का कारोबार किया जा रहा है। अतुल प्रधान ने कहा कि संगीत सोम को पहले भी धमकियां मिल चुकी हैं और उन पर हमले भी हुए हैं, जिनका आज तक पूरा खुलासा नहीं हो सका। उन्होंने आरोप लगाया कि जब-जब संगीत सोम की सुरक्षा की समीक्षा या रिन्यू होने का समय आता है, तभी किसी ना किसी बहाने से धमकी मिलने की खबर सामने आ जाती है। सपा विधायक का आरोप है कि हाल ही में संगीत सोम की सुरक्षा का रिव्यू होना था, उसी दौरान उन्हें बांग्लादेश से धमकी मिलने की बात सामने आई। अतुल प्रधान ने इसे संदेहास्पद बताते हुए कहा कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अतुल प्रधान ने कुछ दस्तावेज भी मीडिया के सामने जारी किए और सरकार से मांग की कि इस पूरे प्रकरण में निष्पक्ष एजेंसी से जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की एजेंसियां उनकी और संगीत सोम की जांच करें, ताकि सच्चाई सामने आ सके। इस बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है, वहीं अब सभी की नजरें संगीत सोम की प्रतिक्रिया और सरकारी एजेंसियों की कार्रवाई पर टिकी हैं।



# डी मोनफोर अकादमी में ई-मैगजीन एस्पायर का हुआ भव्य शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डी मोनफोर अकादमी में एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि के रूप में ई-मैगजीन एस्पायर का भव्य शुभारंभ किया गया।

इस ई-मैगजीन का लोकार्पण स्कूल के निर्देशक डॉ. के.के शर्मा द्वारा किया गया। ई-मैगजीन एस्पायर विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मक सोच और विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों को एक सशक्त मंच प्रदान करती है। ई-मैगजीन का विमा. ेचन डिजिटल युग में शिक्षा की दिशा में एक सराहनीय कदम है। ई मैगजीन एस्पायर में विद्यालय में अब तक आयोजित शैक्षणिक सह शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया है। इसके साथ ही इसमें विद्यालय के निर्देशक डॉ. के.के शर्मा, प्रिंसिपल डॉ. समीर वर्मा व निर्देशिका डॉ. गरिमा वर्मा द्वारा किये गये शैक्षणिक एवं प्रशासनिक क्रिया कलापों तथा विद्यालय के समग्र विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान को भी प्रमुखता से दर्शाया गया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. समीर वर्मा व विद्यालय की निर्देशिका डॉ. गरिमा वर्मा तथा उप प्रधानाचार्या रितु चिकारा आदि रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने भड़ोली गांव में कार्यकर्ताओं संग की समीक्षा बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश में मंगलवार को 12.55 करोड़ मतदाताओं की ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी कर दी गई है। विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के दौरान 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। छह फरवरी तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी, जबकि अंतिम मतदाता सूची छह मार्च को प्रकाशित की जाएगी। इसी क्रम में एसआईआर अभियान को गति देने के उद्देश्य से भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक भड़ोली गांव स्थित भाजपा नेता देवेंद्र गुर्जर के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष हरवीर पाल ने कार्यकर्ताओं को मतदाता पुनरीक्षण अभियान को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। इससे पूर्व कस्बा शाहजहांपुर स्थित एफबी बैंक्विट हॉल पर जिला अध्यक्ष हरवीर पाल का भाजपा नेताओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में भाजपा नेता मुनाजिर खान और प्रवीन सैनी प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस अवसर पर अनुज मंडल अध्यक्ष, अमित सैनी महामंत्री, विक्रांत त्यागी, तारिक खान मंडल उपाध्यक्ष, मुनाजिर खान, प्रवीन सैनी, तारा चंद, दानिश कस्सार सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 15 जनवरी को होगा श्री वेंक्टेश्वरा विवि का एकादश दीक्षांत समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुध्वार को राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के आगामी 15 जनवरी को एकादश दीक्षांत समारोह को लेकर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय प्रबंधन/प्रशासन ने इस एकादश (11वें) दीक्षांत समारोह में शिरकत करने वाले अतिथियों/शिक्षाविदों, उपाधि पाने वाले स्टूडेंट्स एवं विश्वविद्यालय की पिछले डेढ़ दशक की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के डॉ. सी.वी. रमन सभागार में आगामी 15 जनवरी को आयोजित होने जा रहे एकादश दीक्षांत समारोह के लिए आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए वेंक्टेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि के आधिकारिक प्रतिनिधि एवं विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने बताया कि विश्वविद्यालय का एकादश दीक्षान्त समारोह आगामी 15 जनवरी गुरूवार को आयोजित होने जा रहा है, जिसमें उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री उच्च शिक्षा डॉ. योगेन्द्र उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होगे। इसके साथ ही जनपद के प्रभारी मंत्री के.पी. मलिक, सांसद अमारोह कंवर सिंह तंवर, शिक्षक एवं स्नातक विधायकगण, मण्डल भर के जनप्रतिनिधि, शीर्ष प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों, वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद भी इस दीक्षान्त समारोह का हिस्सा बनेगे। देश के विख्यात शिक्षाविद एवं भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के पूर्व अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) डी.एस. चौहान की गरिमामयी उपस्थिति डिग्री पाने वाले हजारो स्टूडेंट्स को प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्रदान करने का काम करेगी।

वेंक्टेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि का उदबोधन जहां एक ओर हजारो युवाओ को आगे के स्वर्णिम कैरियर के लिए दिशा देने का काम करेगा, वहीं दूसरी ओर एकेडमिक एक्सीलेंस (उत्कृष्ट प्रदर्शन) करने वाले दो दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक से नवाजा जाएगा। इसके साथ ही इस वर्ष मेडिकल में पोस्ट ग्रेजुएट पूरा करने वाले छात्रो को डॉक्टर ऑफ मेडिसिन यानि एमडी की उपाधि प्रदान की जायेगी। विश्वविद्यालय में ओवर आल शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र को चांसलर मेडल (कुलाधिपति पदक) से विभूषित किया जायेगा। इस अवसर पर कुलपति प्रो. कृष्णकांत दवे, विश्वविद्यालय के एडवाईजर प्रो. आर.एस. शर्मा, डायरेक्टर फाइनेंस युवराज सिंह, कुलसचिव प्रो. पीयूष कुमार पाण्डेय, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. ऐना ऐरिक ब्राउन, डॉ. आशुतोष, डॉ. राजवर्द्धन, डॉ. योगेश्वर, डॉ. सुमन, डॉ. नीतू पंवार, डॉ. ओमप्रकाश गोसाई, डॉ. अश्विन सक्सेना, डॉ. धीरज दुबे, डॉ. श्रीराम गुप्ता, डॉ. मोहित शर्मा, डॉ. एस.के. श्रीवास्तव, डॉ. थॉमस, डॉ. शिल्पा रैना, डॉ. अंजलि भारद्वाज, रीना जोशी, एस. एस. बघेल, विशाल शर्मा, शक्ति ध्वज, अरूण गोस्वामी, मारूफ चौधरी, प्रीतपाल, मेरठ परिसर से निदेशक डॉ. प्रताप सिह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।




# पतंजलि के तीसरे मेगा स्टोर का मोहन पुरी में शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महानगर में बुधवार को पतंजलि के तीसरे मेगा स्टोर का उद्घाटन महापौर हरिकांत अहलूवा. लिया ने किया। महापौर के साथ भाजपा नेता आलोक सिसोदिया हिमांशु भटनागर और बलराज डूंगर मौजूद रहे।

इस दौरान पतंजलि मेगा स्टोर के ऑनर आचार्य ब्रह्मदत्त व दुर्गा ने बताया कि महानगर में पतंजलि का यह मेगा स्टोर तीसरा खुला है इसके अलावा शास्त्री नगर और बच्चा पार्क पर पतंजलि का शोरूम है। इस मेगा स्टोर पर एक डाक्टर अशोक कुमार सिंह की भी नियुक्ति की गई है जो मरीजों को सही परामर्श देकर दवाई लिख रहे हैं। इसके अलावा स्टोर से दवाई खरीदने वाले लोगों का एक कार्ड बनाया जा रहा है हर दवाई पर 5 से 7 प्रतिशत की छूट है और साथ ही उनका इंश्योरेंस भी हो रहा है। ब्रह्म दत्त ने कहा कि पतंजलि के मेगा स्टोर पर यह सुविधा लगातार जारी रहेगी इससे लोगों को काफी राहत मिलने वाली है।

# जिलाधिकारी ने शुद्ध पेयजल आपूर्ति के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को कलेक्ट्रट सभागार में जिलाधिकारी डा. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में शुद्ध पेयजल आपूर्ति एवं कार्यवाही हेतु नगर निगम, नगर पालिका, पंचायत, जल निगम, स्वास्थ्य सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि नगर निगम एवं समस्त नगर पालिकाएं पाइपलाइन, सबमर्सिबल, वॉटर टैंक, पंपों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा तीन दिवस के भीतर जांच एवं की गई कार्यवाही की रिपोर्ट नोडल अधिकारी को उपलब्ध कराये। निर्देशित किया गया कि पूर्व के वर्षों में जिन स्थानो पर लीकेज, साफ सफाई आदि से संबंधित घटनाएं हुई तथा अन्य संभावित क्षेत्र का चिन्हांकन करते हुये जांच एवं आवश्यक प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होने नगर निगम, समस्त ईओ, जल निगम, डीपीआरओ एवं अन्य समस्त संबंधित को गंभीरता के साथ प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी साफ-सफाई, पेयजल परीक्षण कराते हुये कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सीएमओ को निर्देशित किया गया कि सभी सरक. ारी, प्राईवेट अस्पतालो पर पेयजल आपूर्ति की जांच कराते हुये आवश्यक कार्यवाही की जाये। सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों में वाटर डिजीज मरीज आने पर उपचार सुनिश्चित किया जाए तथा संबंधित अधिकारियों को सूचित किया जाये।



जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पेयजल से संबंधित सर्वेक्षण, जांच एवं कराई जा रही समस्त कार्यवाहियों की जियो-टैगिग की जाए। नगर निगम एवं नगर पालिका क्षेत्रों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों/ पार्षदों, सभासदों आदि के साथ बैठक कर उनके माध्यम से संबंधित क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति जानक. ारी, जनजागरूकता एवं समन्वय बनाते हुए कार्रवाई की जाये। पेयजल आपूर्ति से संबंधित सर्वेक्षण, जांच एवं जनजागरूकता सहित कराए जा रहे कार्यो की दैनिक रिपोर्ट नोडल अधिकारीध्अपर नगर आयुक्त पंकज कुमार को प्रेषित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर आयुक्त सौरभ गंगवार, सीडीओ नूपुर गोयल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश सिंह, डीपीआरओ वीरेन्द्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दो बहनों के साथ घर में घुसकर मारपीट और फायरिंग कर आरोपी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लोहियानगर थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर में मंगलवार की रात पुरानी रंजिश के चलते चार युवक घर में घुसकर महिलाओं के साथ मारपीट करने के अलावा घर में घुसकर फायरिंग कर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। सलेमपुर गांव निवासी फरहा ने पुलिस को बताया कि वह अपनी बहन रिमशा के साथ घर पर मौजूद थीं, जबकि उनके भाई जुनैद और राहुल बाहर गए हुए थे। इसी दौरान गांव के फैजान, कैफ, कामिल और खालिद उनके घर में घुस आए और दोनों बहनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। जान बचाने के लिए दोनों बहनें किसी तरह एक कमरे में घुस गई और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। जब दरवाजा नहीं खुला, तो आरोपियों ने फायरिंग कर दी। इसके बाद फरहा ने फोन कर अपने भाइयों को घटना की जानकारी दी, जिन्होंने कंट्रोल रूम पर कॉल कर पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच पिछले तीन साल से विवाद चल रहा है। इस पुरानी रंजिश में पहले भी दो हत्याएं हो चुकी हैं, जिससे तनाव बना हुआ है। कुछ साल पहले फरहा के भाई जुनैद और दूसरे पक्ष के फैजान के बीच विवाद हुआ था। यह मामला इतना बढ़ गया था कि जुनैद ने मस्जिद के बाहर फैजान पक्ष के महराज की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद जुनैद पर दूसरे पक्ष को फंसाने के लिए अपनी मां अफरोज की हत्या करने का आरोप लगा था। दोनों मामलों में एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी गई थी। पुलिस ने एक पक्ष से जुनैद और राहुल तथा दूसरे पक्ष से फैजान और सरताज को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। थाना प्रभारी योगेश चंद्र का कहना है कि चारों आरोपियों फैजान, कैफ, कामिल और खालिद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

**सूचना**

श्रीमति प्रेमवती के नाम का बैनामा संख्या-2126 दिनांक 23/02/2012 का मूलप्रति कहीं गुम हो गई है। यह सम्पत्ति बाद में चलकर ताहिर पुत्र वाहिद ने खरीद ली है। इनके अलावा इस बैनामे का उपयोग अवैध माना जाएगा।

# रेलवे स्टेशन पर चलाया किलेबंदी टिकट चेकिंग अभियान 1.10 लाख रुपये से अधिक का राजस्व हुआ प्राप्त

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद मंडल में अधिकृत रेल यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा रेल राजस्व की क्षति पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन द्वारा निरंतर विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता के निर्देशन में बुधवार, 7 जनवरी 2026 को मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर किलेबंदी टिकट चेकिंग अभियान संचालित किया गया।अभियान का नेतृत्व मुख्य टिकट निरीक्षक भावेश शर्मा एवं सीआईटी विजयंत शर्मा ने किया। उनके नेतृत्व में 19 टिकट चेकिंग स्टाफ ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के 4 जवानों के सहयोग से स्टेशन परिसर और ट्रेनों में सघन जांच की। इस दौरान कुल 25 गाड़ियों की जांच की गई।जांच अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा करने के 97 मामलों में 48,370 रुपये अनियमित यात्रा के 132 मामलों में 61,460 रुपये तथा गंदगी फैलाने के 2 मामलों में 400 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

इस प्रकार कुल 231 मामलों में रेलवे को एक लाख दस हजार दो सौ तीस रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।इसके अलावा गाड़ी संख्या 15623 के कोच एस-2 से 30 कार्टन अवैध पानी की बोतलें बरामद की गईं। प्रत्येक कार्टन में 12 बोतलें थीं।



बरामदगी के समय मौके पर कोई भी अवैध वेंडर मौजूद नहीं मिला।रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे स्टेशन परिसर में प्रवेश करते समय प्लेटफॉर्म टिकट अथवा वैध यात्रा टिकट अवश्य लें। बिना टिकट यात्रा न करें और जिस श्रेणी का टिकट हो, उसी कोच में यात्रा करें। साथ ही स्टेशन और ट्रेनों में गंदगी व धूम्रपान न करने की भी हिदायत दी गई है।

## व्यापार मंडल ने नगर की समस्याओं को लेकर पालिका अध्यक्षा को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई द्वारा बुधवार को नगरपालिका अध्यक्ष को ज्ञापन के माध्यम से नगर की समस्याओं को अवगत कराया। नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि नगर का प्रमुख मार्ग मालगोदम रोड जिससे प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है, सबसे बड़ी बात नगर के पहले अधिकारी उपजिलाधिकारी भी इसी सड़क से जाते हैं फिर भी ये सड़क जर्जर हो गई है जिसकी वजह से आए दिन सड़क दुर्घटना होती रहती है, पहले भी व्यापार मंडल द्वारा इसी सड़क को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया था पर समस्या तस की मस रही। शाहआलम मंसूरी ने सीता रोड की सड़क जो कि पूरी तरह जर्जर हो चुकी है उसे दुरुस्त कराने की मांग की। शुभम अग्रवाल ने कहा कि नगर में पानी की लीकेज की समस्या जिसका समाधान एक दिन में हो जाना चाहिए जबकि उस समस्या में पांच से दस दिन लग जाते है। ज्ञापन में बसीम, रितिक वार्ष्णेय, सपाम, सावन शर्मा, रमाकांत पंडित, नजर मोहम्मद, मतीन, अशरफी, चिराग फैंसी, निशांत शर्मा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### समाज सेवा के चलते कड़ाके की ठंड में भी सुशील यादव कर रहे हैं गांव में सफाई कार्य की निगरानी



**कांठ (शाह टाइम्स)** समाज सेवा के काम को आगे बढाते हुए सलेमपुर निवासी सुशील यादव कड़ाके की ठंड में भी गांव में चल रहे सफाई कार्य की निगरानी करने में लगे हुए हैं। बतादें कि सुशील यादव वैसे तो समाजवादी पार्टी से जुड़े हैं लेकिन इसके साथ-साथ वह किसान यूनियन संगठन में भी सक्रिय रहते हुए जन सेवा का काम करते हैं। सुशील यादव ने समाज सेवा करते हुए कई अच्छे कार्यो को अंजाम दिया है सलेमपुर गांव में इस वक्त सफाई का कार्य ग्राम प्रधान द्वारा कराया जा रहा है लेकिन सुशील यादव कड़ाके की ठंड के बावजूद भी सफाई कर्मियों के साथ खड़े होकर उस कार्य की निगरानी करते देखे जा सकते हैं। गांव में उनके इस कार्य की काफी सराहना की जा रही है।

### नाजायज चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार



**भोजपुर।** पुलिस के उपनिरीक्षक विपिन कुमार सहयोगी सिपाही कमल सिंह और मनोज कुमार के साथ ताजपुर माफी की ओर जाने वाले रास्ते पर रेलवे अंडरपास पर गश्त पर थे। गश्त के दौरान एक व्यक्ति पर शक होने पर तलाशी के दौरान कब्जे से नाजायज चाकू मिला। पुलिस ने तुरंत गिरफ्तार कर थाने ले आई आरोपी की पहचान कासिम पुत्र अब्दुल रऊफ निवासी अमरोहा गेट पालो वाली मस्जिद के सामने मुरादाबाद के रूप में हुई।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### परीक्षा देने जा रहे छात्रों की बाइक ट्रैक्टर ट्राली से टकराई, दो छात्र घायल

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव फतेहपुरडाल के छात्र साजिद पुत्र शाकिर व मोहम्मद समीर पुत्र वलीहसन, चन्दौसी के एफ.आर. इंटर कॉलेज में कक्षा 10 की प्री-बोर्ड की परीक्षा देने बाइक से जा रहे थे। तभी सुबह साढ़े नौ बजे गांव खुशहालपुर के निकट छात्रों की बाइक को ट्रैक्टर ट्राली ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों छात्र सड़क पर जा गिरे और घायल हो गए।

राहगीरों की सूचना के बाद पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों और कालेज के शिक्षकों को दी। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से दोनों छात्रों को चंदौसी सीएचसी भेजा। जहां चिकित्सक ने उपचार के बाद दोनों छात्रों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया और चालक ट्रैक्टर ट्राली को लेकर फरार हो गया। पुलिस ट्रैक्टर ट्राली की तलाश कर रही है।

### अर्द्धसरकारी कॉलेजों की आर्थिक व परीक्षा केंद्र समस्याएं सदन तक पहुंचीं

**चन्दौसी।** अर्द्धसरकारी कॉलेजों में कक्षा 06 से कक्षा 12 तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता है, जबकि वर्तमान समय में कॉलेजों का अधिकांश कार्य ऑनलाइन हो चुका है। इसके साथ ही पंखे, कंप्यूटर सहित अन्य संसाधनों के उपयोग से विद्युत व्यय भी निरंतर बढ़ रहा है। ऐसे में अर्द्धसरकारी कॉलेजों के सामने प्रतिमाह लगभग 15 से 20 हजार रुपये के अतिरिक्त खर्च की पूर्ति का गंभीर प्रश्न खड़ा हो गया है। जनपद भर में अर्द्धसरकारी कॉलेजों की संख्या काफी है। बुधवार को नानकचंद आदर्श इंटर कॉलेज, चन्दौसी में आयोजित हीरक जयंती एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शिक्षक एमएलसी हरी सिंह ढिल्लो ने बताया कि इस समस्या को उन्होंने सदन में रखा है तथा शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है। कार्यक्रम के दौरान कुछ कॉलेजों के प्रधानाचार्यों ने परीक्षा केंद्रों से संबंधित समस्या भी उठाई। प्रधानाचार्यों ने बताया कि यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा के अंतर्गत हाईस्कूल के विद्यार्थियों का परीक्षा केंद्र कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में भेजा गया है। जबकि इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों के परीक्षा केंद्र चन्दौसी एवं आसपास के क्षेत्रों में बनाए गए हैं। चूंकि हाईस्कूल के विद्यार्थी अपेक्षाकृत छोटे होते हैं।

## भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक में किसानों की समस्याओं पर चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** भारतीय किसान यूनियन के कैंप कार्यालय पर मासिक बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें किसानों की अनेकों समस्याओं पर चर्चा की गई।भारी तादात में पहुंचे पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया।

बुधवार को भारतीय किसान यूनियन की बैठक में तहसील अध्यक्ष विक्की चौधरी ने गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर कहा कि इस समय चीनी मिल द्वारा किसानों को समय पर भुगतान किया जा रहा है ,आगे भी ऐसे ही भुगतान जारी रहना चाहिए। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं पर भी चर्चा हुई। जिसमें साफ सफाई और पेयजल व्यवस्था दुरुस्त बनाने पर भी बल दिया गया। बैठक में तहसील अध्यक्ष विक्की चौधरी, राजवीर सिंह यादव, मलखान सिंह, संदीप सिंह, उदय पाल सिंह ,शैलेंद्र सिंह, गंभीर सिंह, शिव ठाकुर आदि ने विचार रखे और संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया।

इसके अलावा अरविंद सिंह, मलखान सिंह ,संदीप सिंह, मंगल सिंह, गुड्डू सिंह, सौदन सिंह,रवि राजपूत, थान सिंह राजपूत,सत्येंद्र राजपूत, विजेंद्र राजपूत ,नत्थू सिंह प्रजापति आदि सहित अनेकों पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रभान सिंह व प्रान्तीय सदस्य मंबरूर मियां का किया भव्य स्वागत

## रोडवेज कर्मचारी संघ की ट्रैफिक प्रशासनिक शाखा ने किया कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ की ट्रैफिक/प्रशासनिक शाखा पीतलनगरी डिपो द्वारा कटघर बस स्टेशन पर मुरादाबाद क्षेत्र से नवनियुक्त कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रभान सिंह एवं प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य मंबरूर मियां के सम्मान में एक ऐतिहासिक, भव्य एवं गरिमामय स्वागत-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूल मालाओं से अलंकृत कर, प्रतीक चिन्ह भेंट करते हुए संघ परिवार की ओर से हृदय से अभिनंदन किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के सम्मानित संरक्षक श्री डी.के. सक्सेना द्वारा की गई, जिनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम अत्यंत अनुशासित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित संघ के समस्त पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं महिला शक्ति ने एक स्वर में दोनों पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं तथा उनके नेतृत्व में संघ को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने की आशा व्यक्त की। सभी साथियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य, दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। समारोह में विशेष रूप से क्षेत्रीय मंत्री अरुण कुमार सिंह, शाखा अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, शाखा मंत्री कर्णवीर सिंह, संजीव कुमार, जगतपाल सिंह, रामेश्वर दयाल भारती, चंदौसी बस स्टैंड प्रभारी राजीव यादव, डिपो फोरमैन उदयवीर सिंह, मुरादाबाद डिपो से चंद्रकेश, रविन्द्र सिंह, लोकेश शर्मा (ए.टी.आई.),गौरव चौहान, अमित कुमार, शुभम जैन, थान सिंह, श्री महेश कुमार, अजय सैनी, राहुल मालिक, शिव शंकर, यशवीर, विनोद कुंबले, अरुण कुमार, गौरव शर्मा, अतुल शर्मा, खुशहाली राम, अमृत सिंह, हिमांशु तिवारी, वीर सिंह, राहुल, सौरभ शर्मा सहित बड़ी संख्या में संघ के समर्पित कर्मचारी साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिला शक्ति की सशक्त भागीदारी भी उल्लेखनीय रही, जिसमें कुमारी मीनाक्षी यादव, श्रीमती रिद्धि भटनागर, श्रीमती मिथलेश शर्मा, श्रीमती रीना सक्सेना, श्रीमती ज्योति रानी एवं कुमारी भाग्यवती ने सक्रिय सहभागिता निभाई। यह स्वागत -सम्मान समारोह संघ की एकजुटता, संगठनात्मक मजबूती एवं सकारात्मक ऊर्जा का जीवंत उदाहरण रहा। सभी उपस्थित साथियों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध हुआ।

# नानकचंद आदर्श इंटर कॉलेज में हीरक जयंती व वार्षिकोत्सव का आयोजन

**चन्दौसी।** नगर के नानकचंद आदर्श इंटर कॉलेज में बुधवार को विद्यालय की हीरक जयंती के अवसर पर वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कार और अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला गया। समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षक एमएलसी हरी सिंह ढिल्लो रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नानकचंद आदर्श इंटर कॉलेज ने छह दशकों से क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। यह संस्था न केवल शैक्षिक उपलब्धियों के लिए जानी जाती है, बल्कि संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करने में भी अग्रणी रही है। नानकचंद आदर्श इंटर कॉलेज काफी पुराना है। इसमें इंटरमीडिएट विज्ञान की मान्यता को को कहा कि कमेटी फाइल पूर्ण कर भेजें। शीघ्र ही विज्ञान इंटरमीडिएट मान्यता को किया जायेगा। वहीं उन्होंने कहा कि आज भारतीय युवाओं की मेहनत एवं



देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशन में भारत प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। वहीं विशिष्ट अतिथि नगरपालिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय ने कहा कि कठिन परिश्रम से ही प्रगति का मार्ग साफ होता है, आवश्यकता है कि लक्ष्य तय कर निरंतर मेहनत की जाए। विद्यालय के प्रधानाचार्या सुषमा उपाध्याय ने कॉलेज के इतिहास, उपलब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, गीत एवं नाट्य प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने सराहा। समारोह में कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डा0 अनामिका यादव, राजेश शंकर राजू, पूर्व एमएलसी परमेश्वरलाल सैनी आदि सहित विद्यालय के पूर्व छात्र, अभिभावक, शिक्षकगण एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# बिलारी में जरूरतमंदों को किए गए कंबल वितरण, लाभार्थियों को मिली राहत

**बिलारी।** शीतकाल में जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाव हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचा. लित कंबल वितरण कार्यक्रम के तहत मंडल बिलारी स्थित एक फार्म हाउस में कंबल वितरण किया गया। इस दौरान पात्र लोगों को कंबल वितरित कर ठंड से राहत दिलाई गई।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने स्वयं पात्र व्यक्तियों को कंबल वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार द्वारा गरीब, किसान, मजदूर और वंचित वर्ग के हित में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंच रहा है, कंबल वितरण कार्यक्रम में मंडल महामंत्री मनोज ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष मेघपाल सिंह, प्रशांत चौधरी, गिरीश बाबू, सभासद अभिलाष गोद, यश प्रताप, मनोज प्रजापति, नवनीत यादव, डॉ. राजीव सैनी, राजीव शर्मा, काशीराम, अनिल कुमार, अभिलाष गौड़, गायत्री कोहली, क्षेत्रीय लेखपाल संजू कुमार, कानूनगो विनय अरोड़ा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## वार्डन व स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय सत्र



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं निद. ेशालय नागरिक सुरक्षा उ0 प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय सत्र का दूसरा दिन था। प्रशिक्षण के पहले सेशन में श्री सतीश कुमार, सहायक उपनियंत्रक (व0 वे0) ने अग्नि त्रिकोण और दहन के सिद्धांत के बारे में बताया। आग बुझाने की विधि एवं उपकरणों के बारे में जानकारी दूसरे सेशन में श्री सतीश कुमार ने आग बुझाने की विधि एवं उपकरणों के बारे में समझाया। उन्होंने आग बुझाने के विभिन्न तरीकों और उपकरणों के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया।

आग का वर्गीकरण, लगने के कारण एवं बचाव दूसरे दिन के अंतिम सेशन में श्री सुरेंद्र कुमार, अग्निशमन विभाग ने आग का वर्गीकरण, लगने के कारण एवं बचाव पर चर्चा की। उन्होंने आग के विभिन्न प्रकारों और उनके बचाव के तरीकों के बारे में बताया।

## आंगनबाड़ी पोषाहार व्यवस्था में गड़बड़ी का आरोप, एसडीएम विनय कुमार सिंह को सौंपा गया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषाहार वितरण में अनियमितता और स्वयं सहायता समूह द्वारा समय पर पोषाहार उपलब्ध न कराए जाने को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि वर्तमान में पोषाहार का कार्य स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कराया जा रहा है, लेकिन कई बार समूह द्वारा न तो समय पर पोषाहार तैयार किया जाता है और न ही उसका वितरण ठीक से हो पा रहा है। इससे गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और छोटे बच्चों को पोषण का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

कार्यकत्रियों ने आरोप लगाया कि समूह अध्यक्ष द्वारा मनमानी की जा रही है और शिकायत करने पर भी कोई सुनवाई नहीं होती। कई बार समूह के लोग काम करने से मना कर देते हैं, जिससे आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषाहार वितरण पूरी तरह बाधित हो जाता है। इससे लाभार्थियों में नाराजगी बढ़ रही है और कार्यकत्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि संबंधित समूह का चयन कई वर्ष पहले किया गया था, लेकिन अब वह समूह कार्य करने में रुचि नहीं दिखा रहा है।

समूह के सदस्य दूर-दराज से आते हैं, जिससे समय पर वितरण संभव नहीं हो पा रहा है। कार्यकत्रियों ने मांग की है कि इस समूह को हटाकर किसी अन्य सक्षम स्वयं सहायता समूह को पोषाहार वितरण का कार्य सौंपा जाए, ताकि व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके। उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए जांच कराने और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# कार्यालय सचिव ग्राम पंचायत हरियाखेड़ा वि.ख. पिलाना ( बागपत )

**पत्रांक: मीमो /पं.रा.वित्त/15वॉ वित्त/एसबीएम/अन्य मद** / 2025-26 **दिनांक**-07.01.2026

## अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना के अन्तर्गत राज्य वित्त / केंद्रीय वित्त आयोग/एसबीएम तथा अन्य मद की धनराशि से निम्नलिखित कार्यो को कराने हेतु इच्छुक पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबंद निविदायें/कुटेशन दिनांक- 13.01.2026 समय 01.00 बजें अपराह्न तक ग्राम पंचायत कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में निम्नलिखित शर्तो सहित आमंत्रित की जाती है। निविदायें/कुटेशन दिनांक- 13.01.2026 को समय 2.00 बजें अपराह्न ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा/कुटेशन प्रप्त्र ग्राम पंचायत के कार्यालय से निविदा/कुटेशन मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है। धरोहर राशि 10 प्रतिशत में से 02 प्रतिशत धनराशि निविदा/कुटेशन के साथ शेष धनराशि 08 प्रतिशत का कार्य आदेश पर एन.एस.सी./एफ.डी. के रूप में प्राप्त की जायेगी जो सचिव, ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अपेक्षित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. स. | योजना का नाम | स्वीकृत कार्य / सामग्री | स्वीकृत अनु. लागत | धरोहर राशि | आमंत्रण की तिथि | निविदा खुलने की तिथि | निविदा मूल्य ( रू. ) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | अमित से संजय तक इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य। | 196594 | 2% | 08.01.2026 | 13.01.2026 | 200 |
| 2 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | कुक्कु से सुदेश तक इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य। | 212453 | 2% | 08.01.2026 | 13.01.2026 | 200 |
| 3 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | प्राईमरी पाठशाला में शौचालय पर कार्य। | 299967 | 2% | 08.01.2026 | 13.01.2026 | 300 |
| 4 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | वाटर कुलर स्थापना कार्य। | 100000 | 2% | 08.01.2026 | 13.01.2026 | 100 |
| 5 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | वाटर कुलर स्थापना कार्य। | 100000 | 2% | 08.01.2026 | 13.01.2026 | 100 |

**नोट- अनुबन्ध आदि की कार्यवाही कार्यो की तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के प्राप्त होने के उपरान्त ही सम्पादित की जायेगी। प्राक्कलन की धनराशि घटाई/बढ़ाई जा सकती है। किसी कारणवश उक्त स्वीकृति प्राप्त न होने की दशा में यह निविदा/कुटेशन स्वतः निरस्त समझी जायेगी।**

1. बिना कोई कारण बताये निविदा/कुटेशन निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
2. कोई भी सशर्त निविंदा/कुटेशन स्वीकार नही की जायेगी। समस्त कार्य निर्धारित अवधि **तीन माह** में पूर्ण करने होगें।
3. निविदायें/कुटेशन दरें स्पष्ट भरी जायें, कटिंग/ओवर राईटिंग मान्य नही होंगी।
4. प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा/कुटेशन देनी अनिवार्य है।
5. प्राप्त निविदाओं की समीक्षा उपरान्त सबसे कम दरों वाली निविदा/कुटेशन को ही स्वीकृती प्रदान की जायेगी।
6.प्रत्येक निविदा के साथ ठेकेदार को 10रू. के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित करना अनिवार्य है।
7. भुगतान के पूर्व कार्य के बिल से सभी देय कर एंव जामनत राशि की कटौती नियमानुसार की जायेगी।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत हरियाखेड़ा**
**विकास खण्ड- पिलाना ( बागपत )**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत हरियाखेड़ा**
**विकास खण्ड- पिलाना ( बागपत )**

# सभी प्रतिभागी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विजयी होकर लौटेंगे: राज्यपाल

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने युवा प्रतिभागियों से संवाद कर दी प्रदेश के करोड़ों युवाओं के सफल प्रतिनिधित्व की शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से 10 से 12 जनवरी 2026 तक नई दिल्ली में आयोजित 29वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव एवं विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग हेतु बागपत से एकमात्र युवा अमन कुमार का चयन हुआ। पूरे प्रदेश से चयनित युवाओं के दल की अगुवाई हेतु बागपत से माय भारत स्वयंसेवक एवं राज्य युवा पुरस्कार विजेता अमन कुमार को यूथ कैप्टन नियुक्त किया गया है। आज राजभवन लखनऊ में महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने युवा प्रतिभागियों से संवाद कर प्रदेश के करोड़ों युवाओं के सफल प्रतिनिधित्व की शुभकामनाएं दी।



विकसित भारत टीम यूपी के यूथ कैप्टन अमन कुमार ने राज्यपाल का टीम की ओर से अभिनंदन किया एवं टीम का परिचय कराया। राज्यपाल ने राजभवन में उपस्थित सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए उनकी वेशभूषा की सराहना की तथा उनके द्वारा पहने गए पगड़ी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह पगड़ी सम्मान, दायित्व और विश्वास का प्रतीक है, जिसकी लाज रखना प्रतिभागियों के हाथ में है। जिस उद्देश्य के लिए वे जा रहे हैं, उसमें सफलता प्राप्त कर उत्तर प्रदेश की प्रतिष्ठा को गौरवान्वित करना उनका कर्तव्य है। वहीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने टीम कैप्टन अमन कुमार को यूपी टीम के नेतृत्व हेतु चुने जाने पर बधाई दी। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी प्रतिभागी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विजयी होकर लौटेंगे। साथ ही युवाओं को विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। प्रतिभागियों को आपसी परिचय, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और देशभर के युवाओं से संबंध स्थापित करने की प्रेरणा देते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि ऐसे कार्य किए जाएं जिनसे सकारात्मक और सुंदर परिणाम सामने आएं तथा किसी को कोई क्षति न पहुंचे। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट उपलब्धि के साथ लौटने वाले प्रतिभागियों को पुन: राजभवन में आमंत्रित किया जाएगा। प्रतिभागियों से अपने अनुभवों पर आधारित एक पुस्तक अथवा लेखन कार्य करने, सृजनात्मक विचारों को संजोंने और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश के युवाओं को नेतृत्व, नवाचार एवं राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के उद्देश्य से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग की शुरुआत की गई है। राज्य मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष भी उत्तर प्रदेश से चयनित युवा टीम कैप्टन के नेतृत्व में अपनी प्रतिभा एवं कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश को गौरवान्वित करेंगे। राष्ट्रीय युवा उत्सव विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2026 में उत्तर प्रदेश से कुल 79 प्रतिभागी सहभागिता करेंगे। इनमें 28 युवा कल्चरल एवं इनोवेशन ट्रैक, 45 युवा विकसित भारत चौलेंज ट्रैक, 02 युवा डिजाइन फॉर भारत ट्रैक तथा 04 युवा हैक फॉर सोशल कॉज ट्रैक के अंतर्गत चयनित हुए हैं। उन्होंने कहा कि उत्सव के दौरान युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मार्गदर्शन प्राप्त होगा तथा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें नेतृत्व क्षमता, कौशल विकास एवं विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा को निखारने के अवसर मिलेंगे। उन्होंने युवाओं से आहवान किया कि वे प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाएँ और देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में योगदान दें। विदित है कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस 12 जनवरी के अवसर पर वर्ष 1995 से राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 29वाँ राष्ट्रीय युवा महोत्सव 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' का आयोजन 08 जनवरी से 12 जनवरी, 2026 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में किया जा रहा है। इस अवसर पर विशेष कार्याधिकारी डा.सुधीर महादेव बोबडे, युवा कल्याण एवं खेल सचिव सुहास एल.वाई., युवा कल्याण एवं खेल के विशेष सचिव कुमार विनीत उपस्थित रहे।

## चोरों ने किया पांच नलकूपों से लाखों का सामान चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ललियाना गांव के जगंल में अज्ञात चोरो ने पांच नलकूपों पर धावा बोल केवल, स्टार्टर व अन्य समान चोरी कर ले गये। पीड़ित किसानो नें थानें में तहरीर दी है।

ललियाना निवासी अनिरुद्ध पुत्र राजपाल ने बताया कि देर शाम वह नलकूप का ताला लगा घर चले आये थे। सुबह जब वह नलकूप पर पहुंचे तो नलकूप में कुम्बल हुआ मिला जहां से केवल स्टार्टर, सहित अन्य समान चोरी हुआ मिला। उसने अन्य किसानो को बताया तो पता चला की गांव के ही जितेन्द्र पुत्र राजकुमार, अशोक पुत्र श्याम, विनोद पुत्र शिवचरण, राजबीर पुत्र किशन के नलकूपों में भी चोरी हुई है। किसानों ने बताया लगभग एक लाख का नुकसान हुआ है। किसानों ने बताया कि एक चोर गेंग सक्रिय है जो रात में नलकूपों पर स्थान बदल बदल चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। पीड़त किसानो ने थानें में तहरीर देते हुए चोरी की घटना के खुलासे की मांग की है।

## उ.प्र.पुलिस में आयु सीमा बढ़ाने पर छात्रों ने बाटी मिठाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती के लिए आयु सीमा बढाये जाने पर ढिकोली गांव की सार्वजनिक पुस्तकालय में छात्रों ने मिठाई बाट जश्न मनाया।

उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए भर्ती का विज्ञापन प्रकाशित किया गया था जिसे लेकर युवाओं में आयु सीमा बढाने की मांग की गयी थी जिससे मानते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने आयु सीमा में बढोतरी की थी जिसे लेकर ढिकोली के सार्वजनिक पुस्तकालय में छात्रों द्वारा खुशी मनायी गयी और मिठाई बाटी गयी। इस मौकें पर बोलते हुए अभी ढाका ने कहा की मुख्यमंत्री आदित्यनाथ नें युवाओं के हित के लिए कार्य किया है जिसके लिए वह हमेशा उनके आभारी रहेगे। उन्होंने कहा जिन युवाओं की आयु सीमा निकल चुकी थी उन्हें भी उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा की युवाओं के लिए रोजगार के हित में सोचने के लिए मुख्यमंत्री आदित्यनाथ गम्भीर है।



## पुलिस ने गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली पुलिस ने निवाड़ा चौकी के पास से एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 1 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस अधीक्षक सूरज राय के निर्देश पर पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि हरियाणा से बागपत में एक गांजा तस्कर आ रहा है। सूचना के आधार पर निवाड़ा चौकी के समीप चेकिंग के दौरान आरोपी को पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान इंतजार पुत्र इश्तियाक, निवासी निवाड़ा के रूप में हुई है। बरामद गांजा बागपत में अलग-अलग स्थानों पर तस्करी के लिए लाया जा रहा था। आरोपी इंतजार पर बागपत कोतवाली में पहले से ही दो मामले दर्ज हैं। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई जा रही है। कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



## एक नजर

### वायु प्रदूषण फफेड़ों और गर्भस्थ शिशु दोनों के लिए खतरनाक : प्रमोज जिंदल

eFkjkA वायु प्रदूषण आज देश की सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक बन चुका है। तेजी से बढ़ता शहरीकरण, औद्योगिक गतिविधियां, वाहनों का धुआं और त्योहारों पर पटाखों का धड़ल्ले से इस्तेमाल हवा को जहरीला बना रहा है। इसका सबसे सीधा असर हमारे फेफड़ों और सांस से जुड़ी बीमारियों पर पड़ रहा है। बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नई दिल्ली के थोरैसिक ऑन्कोलॉजी और लंग ट्रांसप्लांटेशन विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ. प्रमोज जिंदल का कहना है हम रोज जिस हवा में सांस लेते हैं, वही हमारी सेहत तय करती है। प्रदूषित हवा सिर्फ खांसी या सांस फूलने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह फेफड़ों को धीरे-धीरे अंदर से नुकसान पहुंचाती है।'' हवा में मौजूद सूक्ष्म कण, जैसे च्ड2.5 और च्ड10, इतने छोटे होते हैं कि वे सीधे फेफड़ों की गहराई तक पहुंच जाते हैं और कई बार खून में भी मिल जाते हैं। इसके कारण गले में जलन, लगातार खांसी, सीने में जकड़न और सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। लंबे समय तक प्रदूषण के संपर्क में रहने से अस्थमा, फेफड़ों में संक्रमण, क्रॉनिक ब्रोंकाइटिस और यहां तक कि फेफड़ों के कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है। बच्चों में यह फेफड़ों के विकास को प्रभावित करता है, जिससे भविष्य में सांस की समस्याएं हो सकती हैं वायु प्रदूषण का सबसे गंभीर असर सीओपीडी (क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज) के मरीजों पर पड़ता है। डॉ. जिंदल बताते हैं, ''सीओपीडीके मरीजों के फेफड़े पहले से ही कमजोर होते हैं। ऐसे में प्रदूषण का हल्का-सा बढ़ना भी उनकी हालत बिगाड़ सकता है और उन्हें अस्पताल तक पहुंचा सकता है। गर्भवती महिलाओं के लिए भी प्रदूषित हवा बेहद खतरनाक साबित हो सकती है। गर्भावस्था के दौरान मां द्वारा सांस के जरिये लिए गए हानिकारक तत्व गर्भस्थ शिशु तक पहुंच सकते हैं। इससे समय से पहले डिलीवरी, कम वजन के बच्चे और भविष्य में बच्चों को अस्थमा या सांस की अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। त्योहारों के दौरान पटाखों से होने वाला प्रदूषण इस जोखिम को और बढ़ा देता है। डॉ. जिंदल के अनुसार वायु प्रदूषण से बचाव सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। हमें भी जागरूक होकर पटाखों से दूरी बनानी होगी, अनावश्यक वाहन इस्तेमाल से बचना होगा और साफ हवा को अपनी प्राथमिकता बनाना होगा।''स्वच्छ हवा कोई विलासिता नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन की बुनियाद है। समय रहते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो इसका खामियाजा आने वाली पीढ़ियों को गंभीर बीमारियों के रूप में भुगतना पड़ेगा।

### जिला पंचायत अधयक्ष ने सेवा, सहयोग के रूप में मनाया जन्मदिन

eFkjkA जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने अपने जन्मदिन को सेवा, सहयोग और गरीब असहायों की मदद करके मनाया। उन्होंने कार्यक्रम में आए सभी आंगुतकों को नववर्ष और मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामना देते हुए संदेश दिया कि उत्सव का सच्चा अर्थ समाज के कमजोर वर्ग की सहायता में निहित है। मंगलवार को केएम विश्वविद्यालय सहित अन्य दर्जनों स्थानों पर जिला पंचायत अध्यक्ष के शुभचिंतकों ने जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष का दर्जनों गांवों से आए ग्राम प्रधानों, कई गांवों की सरदारी ने फूल माला सहित पगड़ी बांधकर और श्रीराधाकृष्ण की तस्वीर भेंटकर जन्मदिन की शुभकामना दी एवं बुजुर्गों ने उन्हें दीर्घायु का आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा केक काटकर सभी क्षेत्रवासियों से कहा आपका विश्वास, सहयोग और मार्गदर्शन ही मुझे जनसेवा के दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ करने की निरंतर प्रेरणा देता है। आप सभी को विश्वास दिलाता हूँ कि आपके स्नेह और सहयोग से क्षेत्र के सर्वांगीण विकास एवं जनकल्याण हेतु सदैव प्रतिबद्ध रहूँगा।" उन्होंने आगे कहा ब्रजक्षेत्र के लिए विकास करता रहूंगा और क्षेत्र के गरीब परिवारों की बेटियां अब शिक्षा से वंचित नहीं रहेगी जिसके लिए केएम विश्वविद्यालय खुला हुआ है और गरीब परिवार, बुजुर्गों के लिए भी चिकित्सा की व्यवस्था यहां है, मुझे जो सेवा करने का मौका गिरिराज महाराज श्री राधारानी ने दिया है उसका निर्वहन करता रहूंगा। जिला पंचायत अध्यक्ष ने इस दौरान गरीब और असहाय लोगों को गर्म कंबल वितरित किया एवं केएम विश्वविद्यालय के प्रांगण में विशाल भण्डारे का आयोजन करवाया। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने जिला पंचायत अध्यक्ष की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि देवी सिंह, उनके सुपुत्र पार्थ चौधरी, प्रथम चौधरी, केएम विवि के कुलसचिव डा. पूरन सिंह, उपकुलसचिव सुनील अग्रवाल, अस्पताल के एडीशनल मेडीकल सुप्रीटेंट डा. आरके गुप्ता, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे सहित दर्जनों गांवों के ग्राम प्रधान, पूर्व सौंख चेयरमैन, विवि और अस्पताल का समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र नवेज उर्फ सोनू से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

सरवरी पत्नि मरहूम एनुदीन निवासी लक्ष्मीनगर वार्ड नं.4 भट्टा बस्ती कस्बा व थाना खेकड़ा जनपद बागपत।

## जिलाधिकारी ने की होम्योपैथिक व यूनानी कार्यो की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में होम्योपैथिक एवं यूनानी चिकित्सा पद्धति से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में विभागीय योजनाओं, औषधि उपलब्धता, चिकित्सालयों की कार्यप्रणाली तथा जनसामान्य को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।



जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने चिकित्सालयों में दवाओं की नियमित उपलब्धता, साफ-सफाई, चिकित्सकों एवं स्टाफ की समयबद्ध उपस्थिति तथा मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग होम्योपैथिक एवं यूनानी चिकित्सा पद्धति का लाभ उठा सकें। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। इस अवसर पर बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बृजेंद्र शुक्ला सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रतिस्पर्धा की जोंक, मनुष्य के खून को लेती है चूस: विमर्श सागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** अजितनाथ सभागार मंडी में मंगल प्रवचन देते हुए आचार्य विमर्श सागर महाराज ने कहा कि मनुष्य प्रतिस्पर्धा , प्रदर्शन और प्रतिष्ठा की आकांक्षा से भरा होने के कारण दु:खी है। मनुष्य सदैव दूसरे के समान बनने की कोशिश करता है और उसी पुरुषार्थ में रत रहता है। प्रतिस्पर्धा में सफल होकर वह प्रदर्शन करने लगता है और उसे अपनी प्रतिष्ठा समझकर स्वयं के जीवन को धूमिल करने लगता है।

मनुष्य प्रतिस्पर्धा के कारण जिसे सुख का साधन समझता है, वही दुरूख का कारण बन जाता है। दु:ख बाहर से नहीं, भीतर की आकांक्षा से आता है। उन्होंने कहा कि सूर्य प्रात: उदित होता है, सांय डूब जाता है, पर इस बीच में वह हजारों कमलों को खिला देता है, कीचड़ सूखा देता है, विटामिन श्डीश दे जाता है।पर मनुष्य जन्म से मरण तक के बीच में प्रतिष्ठा, प्रदर्शन, प्रतिस्पर्धा के सिवाय कुछ भी नहीं कर पाता। मनुष्य को चाहिये कि वह संसार की क्षण-भंगुरता का सतत् स्मरण करें।क्षण-भंगुरता को एक क्षण भी विस्मरण करने से मनुष्य स्वयं की प्राप्ति नहीं कर पाता। वस्तु की क्षण भंगुरता का ज्ञान, उसे प्रतिस्पर्धा नहीं कराता, अपितु संतोषी बनाता है।सभा का संचालन पंडित श्रेयांस जैन ने किया। सभा में महेंद्र जैन, मदन लाल जैन, मुकेश जैन, प्रदीप जैन, वरदान जैन, संजय जैन, अनिल जैन, राकेश जैन, विनोद जैन एडवोकेट आदि उपस्थित थे।

## रामकिशन को सेवानिवृत्ति पर कार्यक्रम में किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** क्षेत्र के किशनपुर बिराल निवासी रामकिशन को डाक विभाग से पोस्टमेन के पद से सेवानिवृत्त होने पर पोस्ट ऑफिस किशनपुर बिराल में कार्यक्रम आयोजित कर किया। प्रोफेसर ओमपाल सिंह की अध्यक्षता में संचालन अजय कुमार बहोत द्वारा किया गया। सोमपाल ने बताया कि रामकिशन ने विभाग में 41 वर्ष तक सेवा की अनिल रुहेला बताया कि वे ईमानदार परिश्रम से कार्य किया। फूलमाला तथा भागवत गीता लेकर उनको सम्मानित किया। प्रधानाचार्य शिव कुमार कुमार ने भी सम्मानित किया तथा उन्होंने अपने बच्चों को शिक्षित और कामयाब करके समाज में विशेष स्थान बनाया तथा समाज सेवा करके सर्व प्रिय बन गए उनके मधुर व्यवहार की सब ने सराहा गर्म जोशी से ग्राम वासियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर पोस्ट मास्टर अनिल रुहेला को अजय कुमार एडीओ ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। उसके बाद कार में बैठाकर ढोल नगाड़ों से स्वागत किया तथा विदाई दी गई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान विजेंद्र सिंह सोमपाल रामफल प्रमोद शर्मा ऋषि सुनील कुमार सैनी रविंद्र कुमार राजीव डा.मदनपाल अमरपाल जयपाल कंवरपाल जयंत तोमर राधेश्याम रमेश सुमित ललित आशुतोष सुरेन्द्र जयवीर राकेश प्रमोद हरिताभ सुधीर सुरेश, जोगी, प्रवीन हर्ष मोहित आदि मौजूद रहे।



## युवक का शव मिलने से हड़कंप, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद के सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र में पिलाना भट्टे के समीप एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कमाला गांव निवासी संजय 38 वर्षीय पुत्र ज्ञानेंद्र के रूप में की।

परिजनों के अनुसार, संजय घर से निकला था और उसका शव पिलाना भट्टे के पास सड़क किनारे पड़ा मिला। परिजनों ने संजय की हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई है। संजय की शादी करीब 18 वर्ष पहले हुई थी और उसका एक पुत्र है। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है और उन्होंने पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रत्येक बिंदु पर गहनता से जांच कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी पड़ताल की जा रही है। पुलिस ने पीड़ित परिवार को निष्पक्ष जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया है।





## फायरिंग के मामले में पुलिस ने अभियुक्त को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** कस्बे मे स्थित सब्जी मंडी के सामने फास्ट फूड की एक दुकान पर युवक पर फायरिंग के मामले में न्यायालय में आत्मसमर्पण करने वाले आरोपी को पुलिस ने रिमांड पर लेकर पूछताछ की। मिली जानकारी के अनुसार रिमांड के दौरान आरोपी की निशानदेही पर घटना में किया गया स्तेमाल अवैध तमंचा बरामद कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार घटना बीते 16 दिसंबर की देर शाम करीब आठ बजे की है बताई गई है, कस्बा निवासी हर्ष कुमार सब्जी मंडी के सामने एक फास्ट फूड की दुकान पर बैठकर चाऊमीन खा रहा था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला युवक नकुल वहां पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए और जान से मारने कि नियत से आरोपी ने तमंचे से फायर कर मौके से फरार हो गया। फायरिंग में हर्ष कुमार बाल बाल बच गया इस दौरना पीडित कि हाथ की उंगली में गोली लगने से वह मामूली रूप से घायल हो गया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। विवेचना के दौरान आरोपी ने करीब एक सप्ताह पूर्व न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था, जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने न्यायालय से रिमांड स्वीकृत कराकर आरोपी से सघन पूछताछ की। प्रभारी निरीक्षक आशीष पुंडीर ने बताया कि रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ कर घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा बरामद कर लिया गया है। बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले की जांच आगे बढ़ा रही है।

## स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने किया बच्चों के टीकाकरण के लिए लोगों को जागरुक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से नगर की ठाकुरद्वारा पीएचसी पर विशेष टीकाकरण शिविर लगाकर छूटे बच्चों का टीकाकरण किया गया। शिविर का शुभारंभ सीएमओ डा. तीरथलाल ने किया।

टीकाकरण से मना करने से छूटे बच्चों का टीकाकरण करने के लिए जिले में विशेष सत्र लगाए जा रहे हैं। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने लोगों को बच्चें के टीकाकरण के लिए जागरुक किया। उन्होंने बताया कि टीकाकरण से बच्चों को जानलेवा बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। उन्होंने अभिभावको से बच्चों को बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण जरूर कराने का आहवान किया। शिविर में डिप्टी सीएमओ डा.यशवीर सिंह, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा.सुरूचि शर्मा, सीएचसी अधीक्षक डा.विभाष राजपूत, डा. दिव्यानी, मुफ्ती शाह आलम, जुनैद, समीना चौधरी, महफूज खान मौजूद रहे।

# शीतकालीन अवकाश में भी एसडीएम को खुला मिला निजी विद्यालय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** विद्यालयों में शीतकालीन अवकाश होने के बावजूद भी स्कूल संचालक शासन के आदेश को ठेंगा दिखाकर स्कूलों में शिक्षण कार्य कर रहे है, जिससे छात्र छात्राएं ठंड से ठुटरते हुए स्कूल पहुंच रहे हैं।

बुधवार को एसडीएम मीरगंज आलोक कुमार सिंह अचानक गांव सहोड़ा पहुंचे तो एसकेबीएस हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षण कार्य होता मिला । शीतकालीन अवकाश होने के बाद भी स्कूल में पढ़ाई होते देख एसडीएम आलोक कुमार का पारा चढ़ गया। उन्होंने स्कूल में कार्यरत सभी अध्यापकों की जमकर फटकार लगाई और फिर स्कूल के बच्चों की छुट्टी करा दी गई।

शीत लहर ब कड़ाके की ठंड से बचाव को लेकर शासन प्रशासन के आदेश पर कक्षा 1 से 12 तक के विद्यालयों को 10 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया जा चुका है। फिर भी निजी स्कूल संचालक शासन के आदेश की धज्जियां उड़ाकर विद्यालय खोल कर शिक्षण कार्य कर रहे हैं। शीशगढ़ एवं मानपुर क्षेत्र में भी कुछ निजी स्कूलों ने शिक्षण कार्य होने की सूचनाएं मिली है।

एसडीएम मीरगंज आलोक कुमार सिंह ने बताया कि वह सहोड़ा स्कूल पहुंचे। शीतकालीन अवकाश के दिन भी स्कूल मे पढ़ाई होती मिली। जिसकी रिपोर्ट बीएसए व डीआईओएस को भेजी जाएगी और ऐसे स्कूल संचालकों पर कार्यवाही की जाएगी।

निरीक्षण जारी रहेगा शीतकालीन अवकाश में कोई भी विद्यालय खुला पाया गया तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# बकाया गन्ना भुगतान पर भाकियू का धरना

- चीनी मिल प्रबंधन पर वादाखिलाफी का आरोप एक अरब 46 करोड़ के
- भुगतान न होने से आक्रोशित किसान
- महापंचायत धरने में बदली, अधिकारियों को सौंपे ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** भारतीय किसान यूनियन के आवाहन पर गन्ना समिति परिसर में किसान महा पंचायत का आयोजन किया गया। जो बाद में धरने में तब्दील हो गई। चीनी मिल प्रबंधन ने धरना स्थल पर पहुंचकर भुगतान को लेकर कोई ठोस जवाब नहीं दिया। इधर उत्तेजित किसानों के बीच पहुंचे जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों को समझाया। किसानों ने मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी को संबोधित अलग-अलग ज्ञापन दिए। गन्ना समिति परिसर में आयोजित धरने को संबोधित करते हुए भाकियू के उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष बलजिंदर सिंह मान ने कहा कि केसर चीनी मिल प्रबंधन ने वायदा किया था 31 दिसंबर तक पिछले सत्र का एक अरब 46 करोड़ रूपया अदा कर दिया जाएगा, लेकिन प्रबंधन वायदे से मुकर गया। एक रूपया भी पिछला भुगतान का नहीं दिया। उन्होंने किसानों से कहा कि एकजुट होकर संघर्ष करो। विधायक तथा सांसद जो आपसे वोट मांगने आते हैं उनको भी इस धरने में आना चाहिए था, लेकिन आपकी कोई नहीं सुन रहा क्योंकि उनका आपसे सरोकार महज वोट लेने तक है। उन्होंने कहा चीनी मिल प्रबंधन के वायदे से अब वह सहमत नहीं हैं। जिला गन्ना अधिकारी धरना स्थल पर जाकर किसानों के बीच चीनी मिल प्रबंधन की राय स्पष्ट करें। इधर दोपहर बाद जिला गन्ना अधिकारी दिलीप सैनी धरना स्थल पर पहुंचे। वहीं केसर चीनी मिल के वाइस प्रेसिडेंट केन रविंद्र सिंह, असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट केन सुभाष तोमर ने किसानों के बीच कहा 31 जनवरी तक पिछले भुगतान को अदा करने का प्रयास किया जा रहा है।

चालू सत्र के भुगतान में भी तेजी लाई जाएगी। लेकिन उनकी इस बात पर किसान नहीं माने किसान हंगामा करने लगे। किसान बिजेंद्र सिंह ने कहा कि चीनी मिल आर्थिक स्थिति खराब होने की बात कह रहा है, लेकिन मिल के अधिकारियों के लगातार प्रमोशन होते जा रहे हैं उनके पैकेज बढ़ते जा रहे हैं। जिला गन्ना अधिकारी के समझाने के बाद किसान माने। किसानों ने मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, गन्ना मंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया। धरने में चौधरी अजीत सिंह, सूरज पाल सिंह, दानिश खान, विजय पाल सिंह, प्रदीप सिंह, कुलवीर राठी, जगन लाल मौर्य, चौधरी अमर पाल सिंह, विजेंद्र सिंह, राकेश गंगवार आदि ने विचार रखे।

## एक नजर

### धार्मिक कुआं तोड़ने का आरोप, विरोध पर दबंगों ने दी जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम आनंदापुर लक्ष्मी नारायन में धार्मिक आस्था से जुड़े एक कुएं को दबंगों द्वारा तोड़कर मिट्टी से पाट दिए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त कुआं वर्षों से गांव में शादी-विवाह और धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान पूजा-पाठ के लिए उपयोग में लाया जाता रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार छह जनवरी की रात करीब साढ़े नौ बजे गांव के श्यामाचरण, शंकरलाल और छोटेलाल पुत्रगण गणेश प्रसाद तथा हीरालाल पुत्र श्यामाचरण ने कथित रूप से दबंगई के बल पर कुएं को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया और उसकी भूमि को अपनी जमीन में मिला लिया।

आरोप है कि जब ग्रामीणों और ग्राम प्रधान ने इस कार्रवाई का विरोध किया तो उक्त लोगों ने गाली-गलौज करते हुए कहा कि उन्होंने जो करना था कर दिया और कोई उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

स्थिति बिगड़ती देख ग्राम प्रधान विमलेश ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मौके पर पहुंचते ही आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि बाद में आरोपियों के घर की महिलाओं ने बाहर निकलकर गाली-गलौज की।

इस मामले की तहरीर ग्राम प्रधान विमलेश, बनारसी लाल, हजारी लाल, दीप कुमार, वेदप्रकाश ने पुलिस पर देकर दबंगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। मामले को लेकर गांव में तनाव का माहौल है। पीड़ित ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले में सख्त कार्रवाई और धार्मिक स्थल की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की है।

### पुलिस ने युवक को अवैध हथियार के साथ दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक अवैध 12 बोर की पौनिया और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार टीम गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रहपुरा अंडरपास के पास एक युवक संदिग्ध हालत में मौजूद है और उसके पास अवैध हथियार है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से एक अवैध 12 बोर की पौनिया और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इसके बाद आरोपी को थाने लाकर उसके खिलाफ धारा 9/25 आर्म्स एक्ट में केस दर्ज किया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान जितेन्द्र के रूप में हुई है। वह ग्राम भोलापुर, थाना फतेहगंज पश्चिमी, जनपद बरेली का रहने वाला है और उसकी उम्र करीब 19 वर्ष बताई जा रही है।

थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया कि आरोपी जितेन्द्र के खिलाफ पहले से भी एक आपराधिक मामला दर्ज है। वर्ष 2024 में उसके खिलाफ फतेहगंज पश्चिमी थाने में बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है और उसके द्वारा बताई गई कुछ जानकारियों की गहन जांच की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई पंकज कुमार, हेड कांस्टेबल सुरजीत सिंह, कांस्टेबल लवी कुमार शामिल रहे।

### बहेड़ी बार ने अधिवक्ताओं को बांटी इलेक्ट्रॉनिक केतली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नये साल के अवसर पर बहेड़ी बार एसोसिएशन ने बार से जुड़े अधिवक्ताताओं को उपहार स्वरूप इलेक्ट्रॉनिक केतली उपहार के तौर पर वितरित की। बहेड़ी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ठाकुर रन सिंह व महासचिव मनोज कुमार जौहरी एडवोकेट एवं कोषाध्यक्ष विजय कुमार मौर्य ने अधिवक्ताओं को उपहार सौंपा। सभी अधिवक्ताओं ने इलेक्ट्रॉनिक केतली उपहार में मिलने के बाद बहेड़ी बार एसोसिएशन के पदाधिकारीयों का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान बहेड़ी बार के अध्यक्ष ठाकुर रन सिंह, महासचिव मनोज कुमार जौहरी, कोषाध्यक्ष विजय कुमार मौर्य, महासचिव केसर कुमार पटेल एडवोकेट, धर्मपाल सागर एडवोकेट, अरविंद कश्यप एडवोकेट, जगदीश गुर्जर एडवोकेट, राजेंद्र मौर्य एडवोकेट, दीपचंद पांडे एडवोकेट, हरीश कुमार गंगवार एडवोकेट, नाथूलाल मौर्य एडवोकेट, कृष्ण अवतार शर्मा एडवोकेट, मजर मोहसिन एडवोकेट, डी एल गौतम एडवोकेट, जागन लाल सागर एडवोकेट, राजेंद्र कुमार गंगवार एडवोकेट, प्रभात अरोरा एडवोकेट, महेश सागर एडवोकेट, सूरजपाल सागर एडवोकेट, सूरजपाल गंगवार एडवोकेट, धर्मेंद्र दिवाकर एडवोकेट, जसवंत सिंह लाक्खा एडवोकेट, ऋषि गंगवार एडवोकेट, मुजीब उर रहमान एडवोकेट, वसीम अहमद एडवोकेट, मनोज कुमार गंगवार एडवोकेट, रमाकांत शर्मा एडवोकेट, लईक अहमद एडवोकेट, रामपाल एडवोकेट, पातीराम गंगवार एडवोकेट, शकील अहमद गुरु एडवोकेट, इरशाद अहमद एडवोकेट, शकील अहमद लाला एडवोकेट, मोहम्मद आरिफ एडवोकेट, प्रेम शंकर प्रभाकर एडवोकेट, मनोहर लाल गौतम एडवोकेट, भूपेंद्र गंगवार एडवोकेट, गोपीनाथ भारद्वाज एडवोकेट, बलदेव सिंह संधू एडवोकेट, रीतराम मौर्य एडवोकेट, असद खान एडवोकेट, अनिल बाबू एडवोकेट, जसवीर सिंह चौहान एडवोकेट, तेजपाल गंगवार एडवोकेट, महेंद्र पाल सिंह एडवोकेट, फूल सिंह मौर्य एडवोकेट, सैफ रजा एडवोकेट, दिव्यांशु गुप्ता एडवोकेट आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### राज्य महिला आयोग सदस्य पुष्पा पाण्डेय ने की जनसुनवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर पुलिस अधीक्षक सोनाली मिश्रा, अपर नगर मजिस्ट्रेट गुलाब चन्द्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर, जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा और डीसी एनआरएलएम वाईएल भारती सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई की शुरुआत 'बाल विवाह मुक्त भारत' राष्ट्रीय अभियान के तहत शपथ और हस्ताक्षर अभियान से हुई। सभी उपस्थित लोगों ने समाज से बाल विवाह की कुरीतियों को समाप्त करने और किसी भी नाबालिग बालिका का बाल विवाह न होने देने का संकल्प लिया। सदस्या पुष्पा पाण्डेय ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का यथाशीघ्र निस्तारण करने और उसकी आख्या जिला प्रोबेशन कार्यालय, बरेली में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को शासन द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों, विशेषकर समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्तियों को भी इन योजनाओं का लाभ मिल सके। इसके अतिरिक्त, सदस्या पुष्पा पाण्डेय ने आज 07 जनवरी बुधवार को अपने जन्मदिन के अवसर पर महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय दत्तक ग्रहण इकाई का दौरा किया। उन्होंने वहां आवासित बालक-बालिकाओं के साथ अपना जन्मदिन मनाया, नवजात शिशुओं के साथ केक काटा और बच्चों को जलपान वितरित किया।

# धोखाधड़ी: युवती के घर वालों ने शादीशुदा युवती की कराई दूसरी शादी

- शादी में चढ़ाया जेवर और नकदी लेकर युवती अपने मायके बैठी
- एसएसपी के आदेश पर युवती समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** मैरिज करने के बाद युवती के घर वालों ने कोर्ट मैरिज की बात छुपाकर एक युवक के साथ धोखाधड़ी कर शादी करा दी। मामले का खुलासा होने पर युवती ससुराल के जेवरात और पांच लाख की नगदी ले गई। युवक की तरफ से युवती सहित उसके परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गांव मुंडिया नबी बख्श के नरेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र रीत राम सिंह की शादी थाना देवरनियां के गांव गोपालपुर कनमन के रहने वाले कृष्ण पाल की पुत्री स्वाति गंगवार के साथ बीते साल 11 नवंबर की हुई थी। शादी के अगले दिन मायके वाले स्वाति को अपने घर ले गए, साथ में उसकी तरफ से चढ़ाया गया सोना और 5 लाख रुपए साथ ले गए। जब उन्होंने स्वाति को आने को कहा तो उसके मायके वालों ने एग्जाम के बहाने रोक लिया। इसी बीच उन्हें पता चला कि स्वाति ने आर्य समाज मंदिर में विनय कुमार नाम के युवक के साथ शादी कर ली है, और उसका रजिस्ट्रेशन भी करा लिया। उसने उस युवक से तलाक का वाद डाल दिया था। जिसे उसने पोल खोलने के डर से वापस ले लिया। नरेंद्र का कहना है कि स्वाति ने शादीशुदा होते हुए भी उसके साथ शादी करके धोखा किया है। जिससे वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगा है। स्वाति के परिवार ने षणयंत्र के तहत उससे शादी कराई है। इतना होने के बाद स्वाति गंगवार और उसके परिजन उससे 20 लाख रुपए की मांग के लिए दबाव दे रहे हैं। उसका कहना है कि उसके साथ उक्त लोग कोई भी हरकत कर सकते हैं। पुलिस ने नरेंद्र की तरफ से युवती स्वाति गंगवार पुत्री कृष्ण पाल, कृष्ण पाल पुत्र लाला राम, विमलेश पत्नी कृष्ण पाल, गौरव पुत्र कृष्ण पाल निवासीगण गोपालपुर कनमन थाना देवरनियां और शुभरानी पत्नी दया शंकर और दया शंकर निवासीगण ग्राम मुंडिया चौधरी थाना क्योलड़िया के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दुर्घटना को निमंत्रण दे रहा शीशगढ़ का जर्जर मुख्य मार्ग

- अधूरा पिचिंग कर छोड़ गया ठेकेदार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कस्बे के एक किमी तक मुख्य मार्ग पर गहरे गड्ढे हो जाने से राहगीरों के लिए गंभीर समस्या पैदा हो गई है। सड़क पर गहरे गड्ढे दुर्घटना को निमंत्रण दे रहे हैं। विभाग द्वारा पिचिंग कार्य के नाम पर केवल पत्थर डालकर छोड़ दिए गया, जिससे समस्या और भी गंभीर हो गई है।

बताते चलें कि शीशगढ़ कस्बे के बरेली बस अड्डे से लेकर बिलासपुर बस अड्डा तक की सड़क लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई है। मरम्मत के अभाव में सड़क जर्जर हालत में पहुंच चुकी सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिस पर राहगीरों का रास्ता चलना भी अब मुश्किल होता जा रहा है। चेयरमैन नीलोफर की शिकायत पर गत माह पिचिंग करने के नाम पर गड्ढों में पत्थर डलवा दिया गया, जिससे समस्या और भी गंभीर हो गई है। गड्ढों से उखड़कर पत्थर सड़क पर आ जाने से वाहन स्वामियों के लिए खतरा बन गया है। वर्षा होने पर तो सड़क तालाब बन जाती है और वाहन गड्ढों में फंस जाते है ऐसा प्रतीत होता है कि इस गंभीर समस्या पर विभाग चुप्पी साधे बैठा शायद किसी बड़े हादसे का कर रहा है।

कस्बे की मुख्य सड़क पर कुछ स्थानों पर पिचिंग किया गया था। सड़क की हालत बेहद खराब है। पिचिंग से ठीक नहीं हो सकती सड़क की ऊपरी लेयर के निर्माण के प्रस्ताव बनकर शासन को भेजा है। स्वीकृति होते ही निर्माण शुरू करा दिया जाएगा

**विवेक त्रिवेदी**
**अवर अभियंता**
**लोकनिर्माण विभाग बरेली**

हमने मुख्य सड़क पर पिचिंग करते जाने को कई बार लोकनिर्माण विभाग को पत्र लिखे। विभाग ने गहरे गड्ढों में पत्थर डालकर व कुछ स्थानों पर थोड़ा पिचिंग कार्य कराकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर लिया है। अब विभागीय कर्मचारी स्टीमेट का बहाना बनाकर टालमटोल कर रहे है। सड़क की हालत अब तो पहले से ज्यादा बदतर हो चुकी है। वाहन स्वामियों के लिए हर समय दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। अब हमने लोकनिर्माण विभाग के मंत्री को पत्र लिखकर मुख्य सड़क निर्माण की मांग की है।

**नीलोफर**
**चेयरमैन**
**नगरपंचायत शीशगढ़**

# लड़की को भगाने के मामले में युवक व उसके भाई पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक युवक पास के ही गांव की एक लड़की को अपनी बातों में लेकर अपने साथ भगा ले गया। लड़की के घर पर न मिलने पर उसके पिता ने उसे काफी तलाशा, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने इस मामले में लड़की के पिता की तहरीर पर युवक व उसके भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बहेड़ी थाना के ग्राम भोजपुर निवासी एक व्यक्ति का कहना है कि बीती 03 तारीख को ग्राम रोहनिया निवासी भरत सिंह उसकी 18 वर्ष की पुत्री को अजय सिंह की सहायता से बहला-फुसलाकर भगा ले गया।

जब उसने इसकी शिकायत अजय सिंह से की तो अजय सिंह ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर उसे भगा दिया। पुलिस ने इस मामले में लड़की को भगा ले जाने वाले भरत सिंह उम्र 25 वर्ष पुत्र ओमप्रकाश व उसके भाई अजय सिंह निवासीगण ग्राम रोहनिया थाना बहेड़ी के खिलाफ धारा 87/352/351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सट्टा लगाते दो युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि उनकी टीम के उपनिरीक्षक दुष्यंत कुमार ने मंगलवार को अपनी टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर शीशगढ़ गुलाम गंज लिंक मार्ग पर दो युवकों को हिरासत में लिया। पुलिस पूछतांछ में एक ने अपना नाम तौकीर अहमद तो दूसरे ने अपना नाम माजिद अहमद निवासी मोहल्ला शेखुपुरा थाना शीशगढ़ बताया। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर दोनों के पास से 270 रुपये नगदी व एक पेन और डायरी बरामद की। पकड़े गए अभियुक्तों ने पुलिस को बताया कि वह सट्टा लगबाकर,उससे कमाई कर अपना व परिवार का पालन पोषण करते हैं।

# बीमारी से परेशान बुजुर्ग ने पिया तेजाब, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** बीमारी से परेशान एक बुजुर्ग ने तेजाब पी लिया। आनन फानन में पड़ोसियों ने उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने उनकी हालत गम्भीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कस्बे के मोहल्ला नीमगढ में संतोष रस्तोगी 60 वर्ष की पत्नी डेढ़ दशक पूर्व उन्हें छोड़ कर चली गयी थी। जिसके बाद से वह अपनी मां राजेश्वरी देवी और बेटे अशीष के साथ रहते थे। पिछले कई वर्षों से वह बीमार चल रहे थे। साथ ही वह मानसिक तनाव में भी थे। उनके पड़ोसियों का कहना है कि बीमारी से परेशान होकर बुधवार की सुबह उन्होंने तेजाब पी लिया। आनन-फानन में पड़ोसियों ने उन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने उनकी हालत गम्भीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी। चौकी इंचार्ज सुनील कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम हो गया है। मौत का कारण स्पष्ट न होने की वजह से विसरा सुरक्षित कर लिया गया है।

# लाखों की लागत से बन रही नाली निर्माण में लग रही पीली ईट

- एसडीएम की नाराजगी भी बेअसर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे की गुलशन नगर बस्ती में हो रहे निर्माण में घटिया सामिग्री का इस्तेमाल खुले आम किया जा रहा है। नगर पालिका के ईओ और एसडीएम से शिकायत किए जाने का भी ठेकेदार पर कोई असर नहीं हुआ, हां एसडीएम की नाराजगी पर इतना जरूर हुआ कि ईंट का मार्का जरूर बदल गया।

नगर पालिका परिषद में इस समय ठेकेदारों की खूब मौज हो रही है। नगर की बस्ती गुलशन नगर में एक विशाल नाला निर्माण के बाद रोड का निर्माण कराया जा रहा है। पिछले दो दिनों से नाली का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें पीला ईंट के साथ ही घटिया सामिग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसकी जानकारी पर बस्ती के लोगों ने पहले नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी आरआर अंब्रेश को इसकी जानकारी दी, जिसपर उन्होंने स्थल पर जांच करने के लिए कैलाश यादव को भेजा। उन्होंने स्थलीय जांच करते हुए अपनी रिपोर्ट ईओ को दी।

जब निर्माण कार्य नहीं रोका गया तब इसकी जानकारी एसडीएम उदित पवार को दी, जिसपर उन्होंने तत्काल ही नगर पालिका परिषद के ईओ को इसकी जांच के निर्देश दिए थे, एसडीएम के निर्देशों पर अधिशासी अधिकारी ने उन्हें पीला ईंट उखाड़े जाने की जानकारी दी। कहा कि उन्हें इसकी जानकारी मिल चुकी है ठेकदार को पीला ईंट को उखाड़े जाने की सख्त हिदायत दी गई है। अपराह्न 5 बजे जब इसकी जानकारी की गई तो पता चला कि ठेकेदार ने नाली निर्माण में लगवाई गई प्रेमी भट्ठे की पीला ईंट के स्थान पर वीआईपी मार्का की पीला ईंट से निर्माण कार्य करा दिया गया। ठेकेदार पर न तो ईओ के निर्देश का कोई असर हुआ, और न ही एसडीएम की नाराजगी पर ईओ पर कोई असर हो सका। इस घटिया सामिग्री की जानकारी एक बार फिर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को दी गई है।

बस्ती के लोगों ने इस मामले में पालिका अध्यक्ष द्वारा की कार्यवाही न किए जाने पर अपनी नाराजगी भी जताई है। उनका कहना है कि अर्से बाद उनका चेयरमैन बना है उसके बाद भी ऐसा निर्माण कराया जा रहा है इसकी उनसे इस तरह की उम्मीद नहीं थी।

# कृष्णपाल बने राम के भक्त, एक करोड़ बार राम नाम लिखने को संकल्पित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** नगर के पूर्व सभासद पति कृष्णपाल भास्कर ने एक करोड़ एक बार प्रभु श्रीराम नाम लिखने का संकल्प लिया हुआ है। बो प्रतिदिन एक से डेढ़ हजार बार राम शब्द प्रतिदिन लिख रहें हैं, अगर वो ऐसे ही लिखते रहे तो उन्हें अपना संकल्प पूर्ण करने के लिये 20-25 वर्ष या इससे भी अधिक समय लग जायेगा।

अभी तक बीसियों कॉपी राम नाम के लेखन से भर चुकी हैं। दिनभर का अधिक समय राम नाम लिखने में ही व्यत्तीत करते हैं। राम राम सुनना व बोलने में रहते व्यस्त, श्रीराम भक्त कृष्णपाल सोते जागते हर समय श्रवण करते है राम का नाम अभी कुछ समय पूर्व रामभक्त कृष्णपाल का बेटा विशाल भास्कर का एमबीबीएस में चयन हुआ था। इनकी पत्नी कमलेश कुमारी भी नगर पंचायत में हरिजन वार्ड से सभासद रह चुकी हैं, व भाई पिता अन्य परिवारजन पुलिस व फौज में हैं। कृष्णपाल भास्कर कहते हैं कि अब बाकी पूरा जीवन राम नाम के साथ ही गुजारने का मन है, पत्नी व बच्चे भी उनकी इस रामभक्ति में पूर्ण सहभागिता करते हैं। राम मन्दिर निर्माण सहभागिता से लेकर हर प्रकार के धार्मिक सामाजिक आयोजनों में करते हैं सहभागिता लोग उन्हें राम भक्त के नाम से पुकारने लगे हैं।

# दादा मियां का अजीम आयोजन खैर-ओ-खूबी के साथ मुकम्मल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** तहसील बहेड़ी स्थित दरगाह आमडंडा शरीफ पर हजरत सैयद गालिब अली उर्फ दादा मियां (रह.) का 213वां उर्स-ए-मुबारक पूरे अदब, अकीदत और रूहानियत के माहौल में खैर-ओ-खूबी के साथ मुकम्मल हो गया। तीन रोजा यह अजीमुश्शान उर्स 5 जनवरी से 7 जनवरी 2026 तक जारी रहा। जिसका आज दोपहर कुल शरीफ की रस्म के साथ इखष्तिताम हुआ।

उर्स-ए-मुबारक के दौरान दरगाह परिसर में दीनी और रूहानी कैफियत छाई रही। सज्जादा नशीन सैयद अब्दुल समद मियां की कयादत और निगरानी में तमाम रसूमात और तकष्रीबात निहायत मुनज्जम और मुर्त्तब अंदाज में अदा की गईं। चादरपोशी कुरआन ख्वानी नात-ओ-मनकष्बत जिक्र-ओ-अजकार और महफिल-ए-समाअ का सिलसिला पूरे उर्स के दौरान जारी रहा, जिसमें अकीदतमंदों ने बड़ी तादाद में शिरकत की। उर्स में बहेड़ी और दूर-दराज इलाकघें से आए जायरीन ने दरगाह पर हाजिरी देकर दुआओं में हिस्सा लिया। इस मौकघे पर बहेड़ी के मशहूर शायर मोहम्मद सरताज नूरी, मौलाना मोहम्मद राशिद रजा, फैजी-ए-बहेड़ी के सुबहान रजा फैजी, हाफिज मोहम्मद शाहिद रजा समेत कई नामवर उलेमा-ए-किराम और शोअरा की मौजूदगी ने महफिलों को रूहानियत से मामूर कर दिया।

आज 7 जनवरी को दोपहर के वक्त कुल शरीफ की रस्म अदा की गई, जिसके साथ ही उर्स-ए-मुबारक का इखष्तिताम हुआ। कुल शरीफ के बाद लंगर-ए-आम का भी एहतमाम किया गया।

## कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, बरेली

पत्रांक:-878 /जि0ग्रा0का0/बरेली/सी0एफ0सी0 पत्रा0/2025-26 दिनांक:- 07.01.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतदद्वारा समस्त ग्रामीण अभियंत्रण विभाग/जिला पंचायत/राजकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, बरेली द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत माटीकला कॉमन फैसेलिटी सेन्टर हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निर्माण कार्य कराने हेतु सील बन्द निविदायें दिनांक 14.01.2026 तक अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित हैं। निविदाएं तद्दिनांक को अपरान्ह 02:00 बजे जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, बरेली में खोली जायेगी। बिना कारण बताये किसी एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार समिति का होगा, जिसे किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकेगी।

| क्र0सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित धनराशि | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा शुल्क का मूल्य की | कार्य पूर्ण करने अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1000 वर्ग फुट क्षेत्रफल में टीन शेड का निर्माण जिसकी ऊंचाई 12 फिट | 350000.00 (जीएसटी सहित) | 13000.00 | 650.00 | 60 दिन |
| 2 | आधुनिक भट्टी का निर्माण | 300000.00 (जीएसटी सहित) | | | |

**नियम व शर्तें:-** किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

**जिला ग्रामोद्योग अधिकारी**
**बरेली**

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# खेत में पिलखन से लटका मिला युवक का शव

## मानसिक रूप से परेशान था युवक, आत्महत्या की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रजबपुर**। मानसिक रूप से परेशान चल रहे युवक की बुधवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शव खेत में पिलखन के पेड़ पर गमछे से बने फंदे पर लटका मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की, शव को मोर्चरी भेज दिया हालांकि बाद में मोर्चरी पहुंचे परिजन बिना पोस्टमार्टम शव घर ले गए तथा कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया। गांव में युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की चर्चा है। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है

मामला रजबपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां पर एक किसान का परिवार रहता है। किसान का 28 वर्षीय बेटा पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा एक साल का बेटा है। बुधवार सुबह युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। तलाश के बीच उसका शव अपने ही खेत में पिलखन के पेड़ पर गमछे से बने फंदे पर लटका मिला। देखते ही देखते मौके पर भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर आ गई तथा जांच-पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया। लेकिन, बाद में परिजनों ने कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में युवक की बीमारी के चलते मौत की बात सामने आई है।परिजनों ने लिखित तहरीर देते हुए देकर कानूनी कार्रवाई करने से मना कर दिया। लिहाजा, परिजन शव घर ले गए और अंतिम संस्कार कर दिया।

# न्याय न मिला, तो दलित परिवार करेगा पलायन

## पुलिस पर दबंगों को संरक्षण देने का आरोप , एसपी को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। झगड़े के दौरान जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से खफा दलित परिवार ने पलायन करने की चेतावनी दी है। इस संबंध में एसपी अमित कुमार आनंद को शिकायती पत्र सौंपते हुए निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग की है। सीओ कार्यालय में तैनात पुलिसकर्मियों पर आरोपी पक्ष से मिलीभगत का आरोप लगाया है।



शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मोहम्मदी सराय निवासी विकल बुधवार को परिजनों को साथ लेकर पुलिस कार्यालय पहुंचे। एसपी अमित कुमार को शिकायती पत्र सौंपते हुए उन्हें अवगत कराया कि उनके पिता अरविंद सिंह पेशे से राजमिस्त्री हैं। 26 नवंबर 2024 की सुबह लगभग 10 बजे वह मोहल्ले में ही जितेंद्र सैनी के घर पर काम कर रहे थे। उसी दौरान मोहल्ले के ही रहने वाले चार लोग वहां पहुंचे, इनमें एक व्यक्ति शटरिंग का कार्य करता है। इन लोगों ने शटरिंग के कार्य को लेकर पिता अरविंद सिंह के साथ मारपीट व गाली-गलौज की, इतना ही नहीं उन्हें जातिसूचक शब्दों से अपमानित भी किया। आरोप है कि उस समय शिकायत पर शहर कोतवाली पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई लिहाजा थकहार कर विकल ने 4 दिसंबर 2024 को आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा दी, जिसकी जांच वासुदेव चौकी प्रभारी द्वारा की गई। चश्मदीद गवाहों के बयानों के आधार पर उन्होंने पिता अरविंद सिंह के साथ गाली-गलौज, मारपीट व जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने की पुष्टि अपनी रिपोर्ट में की है, जो आईजीआरएस पोर्टल पर भी दर्ज है। आरोप है कि सीओ कार्यालय में तैनात दो पुलिसकर्मी आरोपी पक्ष से हमसाज हो गए। जिन्होंने सांठगांठ कर कथित तथ्यों पर चौकी इंचार्ज की रिपोर्ट को दबा दिया। विकल का आरोप है कि आरोपी दबंग हैं जबकि वह खुद दलित समाज से हैं। ऐसे में उन्हें न्याय मिलने की उम्मीद नहीं है। एसपी को सौंपे शिकायती पत्र में विकल ने न्याय नहीं मिलने पर परिवार समेत मोहल्ले से पलायन करने की चेतावनी दी है।

# चोरी में तीन को साढ़े तीन साल की सजा

## एक को तीन साल की सजा, सात को किया बरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। चोरी के मामले में कोर्ट ने तीन दोषियों को साढ़े तीन वर्ष तथा एक को तीन वर्ष की सजा सुनाई, जबकि साक्ष्य के अभाव में सात आरोपियों को बरी कर दिया गया।

मामला बछरायूं थाना क्षेत्र से संबंधित था। कस्बे के मोहल्ला पेशथाना में मुनव्वर का परिवार रहता है। दो दिसंबर 2016 की रात उनके घर में घुसे चोर आठ हजार रुपये की नकदी और सोने-चांदी के आभूषण समेत लाखों रुपये की कीमत का सामान चुरा ले गए थे। मामले में पीड़ित मुनव्वर ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बाद में पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए 11 आरोपियों की गिरफ्तारी की थी। जिसमें नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव सिकरिया का रहने वाला भूरा शेख, गांव अहरौला का रहने वाला हाशिम, मसीत उर्फ इरशाद, यमीन, बिजनौर जिले के चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव गोयली का रहने वाला इरशाद, इरफान, बछरायूं के मोहल्ला पेशथाना का रहने वाला शकील, बाबू, गांव मोहनपुर शुमाली का रहने वाला अरमान, बिजनौर जिले में कस्बा चांदपुर का रहने वाला मोहम्मद इसराइल और गांव बीलना का रहने वाला फैसल शामिल थे। इन सभी आरोपियों को पुलिस ने अदालत में पेश कर जेल भेज दिया था। फिलहाल सभी जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई के एडीजे तृतीय की अदालत में चल रही थी। मंगलवार को अदालत में मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने यामीन, अरमान, मोहम्मद इसराइल और फैसल को दोषी करार दिया। यामीन, अरमान, मोहम्मद इसराइल को तीन साल छह महीने तथा फैसल को तीन साल जेल की सजा सुनाई। चारों दोषियों पर सात हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जबकि साक्ष्यों के अभाव में भूरा शेख, हाशिम, इरशाद, इरफान, शकील, बाबू, मसीता उर्फ इरशाद को बरी कर दिया।

# कैंटीन में आग से 15 लाख का माल स्वाह

## शार्ट सर्किट से लगी आग ने मचाई तबाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। शॉर्ट सर्किट होने के कारण कैंटीन में लगी आग से लाखों का नुकसान हो गया। फायर ब्रिगेड के दो वाहनों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारण अफरा तफरी मच गई।



मंगलवार की रात भाजपा नगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष संदीप कुमार गुप्ता अंबेडकर पार्क स्थित अपने कैंटीन को बंद करके सोने के लिए घर चले गये थे। बुधवार की तड़के किसी ने उन्हें कैंटीन में आग लगने की सूचना दी तो वह तुरंत मौके पर पहुंच गये। कैंटीन के ऊपर भारतीय स्टेट बैंक की शाखा होने से अधिकारियों में भी हड़कंप मच गया। कुछ देर में मौके पर फायर ब्रिगेड के दो वाहन वहां पहुंच गये। कैंटीन के शटर को जेसीबी से तोड़ा गया। लेकिन तब तक भीतर से आग ने सब कुछ जलाकर स्वाह कर दिया था। कड़ी मशक्कत के बाद अग्निशमन विभाग के वाहनों ने आग पर काबू पा लिया। आग इतनी विकराल थी कि कैंटीन के बराबर में स्थित कमरुद्दीन के कैंटीन में भी आग लग गई। लेकिन समय रहते हुए उस पर काबू पा लिया गया। कमरुद्दीन के कैंटीन में भी हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। भाजपा नगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष संदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि आग लगने के कारण करीब 15 लाख का नुकसान हुआ है। आग लगने की सूचना मिलने पर मौके पर बड़ी संख्या में व्यापारी भी पहुंच गये।

# किसान के घर से उड़ाया चार लाख का माल

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हसनपुर**। चोरों ने किसान के घर से 113000 की नगदी और सोने चांदी के जेवरत समेत 4 लाख के माल को चोरी कर लिया। पुलिस को चोरों के खिलाफ तहरीर दे दी गई हैं।

कोतवाली क्षेत्र के गांव भैंसरोली में मंगलवार की रात अज्ञात नितिन पुत्र थान सिंह के घर में घुस गये। घर में गहरी नींद सो रहे परिवार के लोगों को जरा भी आहट नहीं हो सकी। चोरों ने कमरे के मचान पर रखी एक लाख 113000 की नगदी दूसरे कमरे से डेढ़ तोला सोने व डेढ़ किलो चांदी के आभूषणों कीमती कपड़े व अन्य सामान को चोरी कर लिया। चोरों ने वारदात को इतनी होशियारी के साथ अंजाम दिया कि घर में सो रहे परिवार के लोगों को भनक तक नहीं लग सकी। बताया जा रहा है कि नितिन कुमार की आगामी 5 फरवरी को शादी है। इसके लिए घर में नकदी वह सोने चांदी के आभूषण रखे हुए थे। पीड़ित नितिन ने बताया कि बुधवार सुबह चोरी होने के मामले में उन्हें जानकारी हुई है। उन्होंने बताया कि चोर करीब 4 लाख रुपये के माल को चोरी करके ले गये है। सुबह होने पर जब पुलिस को सूचना दी गई तो उसने मौका मुवायना किया। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## एक नजर

### अधिवक्ता की जेब से पर्स चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। अमरोहा। मुकदमे की पैरवी के लिए अदालत में जा रहे अधिवक्ता की जेब से पर्स चोरी हो गया। उचक्के ने भीड़भाड़ का फायदा उठाते हुए हाथ साफ कर दिया। पर्स में 15 हजार रुपये व अन्य जरूरी दस्तावेज थे। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। स्थानीय निवासी अंकित कुमार गुप्ता पेशे से अधिवक्ता हैं तथा जिला न्यायालय में चौंबर नंबर 39 से प्रैक्टिस करते हैं। तीन जनवरी की दोपहर वह एक मुकदमे में पैरवी के लिए अदालत में गए थे, उसी दौरान उचक्के ने पेंट के पीछे की जेब में रखा पर्स निकाल लिया। थोड़ी देर बाद जब अंकित कुमार गुप्ता ने किसी काम से जेब में हाथ डाला तो पर्स गायब होने पर वह दंग रह गए। काफी तलाश किया लेकिन पर्स का कुछ पता नहीं चला। अंकित कुमार के मुताबिक पर्स में 15 हजार रुपये, आईडी, विजिटिंग कार्ड व अन्य जरूरी दस्तावेज थे। सीओ अवधभान भदौरिया ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

### आर्टिगा व बाइक भिड़ंत में युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता, सैदनगली**। संभल मार्ग पर ढक्का मोड़ के निकट एक तेज रफ्तार अर्टिगा कार व बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में कोतवाली क्षेत्र के गांव गागटकोला निवासी बाइक सवार अमित पुत्र उदयचंद, गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को घायल को तत्काल नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करा दिया है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन कार व बाइक को कब्जे में ले लिया है।

### विभाग ने छापेमारी कर बिजली चोरी पकड़ी

**शाह टाइम्स ब्यूरो सैदनगली**। बिजली विभाग की टीम ने गांव शब्दलपुर शर्की में छापेमारी कर औद्योगिक परिसर में बिजली चोरी पकड़ी। उपकेंद्र इकोंदा के अवर अभियंता नवीन कुमार व उपखंड अधिकारी राजेंद्र प्रसाद की टीम ने छापेमारी के दौरान पाया कि उपभोक्ता सोरन पुत्र सूरवीर, स्वीकृत लाइन के बजाय कृषि पोषक ढक्का की एलटी लाइन से अवैध केबल जोड़कर बिजली का प्रयोग कर रहे थे। जांच के दौरान टीम ने मौके से अवैध केबल जब्त कर लिया है। अवर अभियंता ने बताया कि 13.3 भार वाले इस कनेक्शन पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत मामला दर्ज कराने हेतु थाने में तहरीर दी गई है।

### किसान के 10 पॉपुलर के पेड़ चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। थाना क्षेत्र के गांव चुचेला खुर्द में पुलिस चौकी से लगभग 300 मीटर की दूरी पर अज्ञात चोरों ने किसान के खेत में खड़े 10 पॉपुलर के पेड़ काटकर चोरी कर लिए। घटना से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। गांव निवासी रामपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार सुबह जब वह अपने खेत पर पहुंचे तो देखा कि खेत में खड़े पॉपुलर के 10 पेड़ रात के समय अज्ञात लोगों द्वारा काट लिए गए हैं। मौके पर केवल कटे हुए ठूंठ ही शेष बचे थे। किसान ने मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आसपास के क्षेत्र में पूछताछ की जा रही है और जल्द ही चोरों का पता लगाकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### खूनी संघर्ष में चार के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। युवती बरामद करने की मांग को लेकर दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में पुलिस ने एक पक्ष की ओर से 4 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव बाट्पुरा में एक फरार विवाहिता की बरामदगी को लेकर चल रही पंचायत खूनी संघर्ष में तब्दील हो गई थी। दो पक्षों के बीच सरेराह चले लाठी-डंडों, सरियों और पथराव में महिलाओं समेत 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक पक्ष के चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित रघुवर की तहरीर पर आरोपी तीर्थ,जयप्रकाश पुत्र छोटे, परसोत्तम पुत्र बुधन, महेंद्र पुत्र भूप सिंह निवासी बाटुपुरा के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सर्दी से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। बुधवार का दिन बेहद ठंडा रहा। हाड़कंपाऊ ठंड, किटकिटाती सर्दी, चिल्ला जाड़ा, खून जमा देने वाली शीतलहर। लोगों ने सर्दी से बचने के लिए अलाव जलाए तो वहीं रूम हीटर का प्रयोग किया। एक दो बार सूर्यदेव ने बादलों से लड़ झगड़कर बाहर आने की कोशिश भी की मगर उनका प्रयास सफल नहीं हो सका। दिन भर लोग ठंड से जूझते नजर आए। सर्दी और शीतलहर के कारण बाजारों में भी ज्यादा रौनक नहीं दिखाई दी।

बुधवार को हुई सर्दी ने जनजीवन को हिलाकर रख दिया है। शहर में बर्फीली हवाएं चल रही हैं। कोहरे धुंध के कारण लेटलतीफ हो रहीं ट्रेनें, बसें की कंपकंपा रही हैं। वहीं कामकाजी लोगों को घर का चूल्हा जलाने के लिए सर्दी से जूझते हुए अपने काम पर जाना पड़ रहा है। साधन सम्पन्न लोग जाड़े से बचने के लिए ब्लोअर, गीजर और रूम हीटर का प्रयोग कर रहे हैं, वहीं नगर पालिका के द्वारा भी नगर के विभिन्न चौराहों पर अलाव जलवाए जा रहे हैं। सर्दी से बचने के लिए लोग अपने स्तर से हर संभव प्रयास कर रहे हैं। बुधवार को दोपहर के समय एक बार तो लगा था कि धूप निकल आएगी मगर ऐसा हो न सका। सूर्यदेव ने बादलों की ओट से निकलने की कोशिश तो की मगर वे कुछ ही मिनटों में बादलों की ओट में छिप गए। इंटरनेटर पर मौसम विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार न्यूनतम तापमान छह डिग्री तक रहा। आने वाले दिनों में भी कड़ाके की सर्दी पड़ने के अनुमान विभाग ने दर्शाए हैं।

# मासूम से हैवानियत करने वाला मुठभेड़ में गिरफ्तार

## इंसानियत शर्मसार: नानी के घर आयी मासूम को लालच देकर ले गया था दरिंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। सैद नगली थाने के गांव में इंसानियत को शर्मसार कर दिया गया। नानी के घर आई चार साल की मासूम के साथ लालच देकर हैवानियत की गई। पुलिस के मुठभेड़ के दौरान आरोपी की टांग में गोली मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया।



थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव में एक दरिंदे ने महज चार वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। आरोपी दरिंदे ने मासूम बच्ची को पहले लालच दिया और फिर उसे नहर के पास ले गया। जहां उसने इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद हैवान बच्ची को गंभीर हालत में छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मासूम को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही सैदनगली पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना की जानकारी होने पर एसपी अम कुमार आनंद भी मौके पर पहुंच गये। उन्होंने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगलवाते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने के कई टीमों का गठन के दिया। सीसीटीवी कैमरों की लोकेशन के आधार पर पुलिस ने आरोपी की घेराबंदी कर ली। पुलिस की दरिंदे से मुठभेड़ हो गई। आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। दरोगा की बुलेट प्रूफ जैकेट पर गोली लगते हुए निकल गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी की टांग में पुलिस की गोली लग गई। उसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

# छेड़छाड़ के विरोध पर पिता का हाथ तोड़ा

## पढ़ाई कर रहे भाई की नजर पड़ी तो खुला राज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। थाना क्षेत्र के एक गांव में देर रात घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ और विरोध करने पर परिजनों के साथ मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना से गांव में हड़कंप मच गया। पीड़ित परिवार ने पुलिस को ताहिर देकर कार्यवाही की मांग की है पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित परिजनों के अनुसार, रात के समय परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। उसी दौरान उनका बेटा पढ़ाई कर रहा था। तभी उसे घर में कुछ आहट सुनाई दी। उठकर देखा तो बहन कमरे में नहीं थी। तलाश करने पर वह छत की ओर जाती दिखी, जहां गांव का ही चन्द्रशेखर उसके साथ छेड़छाड़ कर रहा था। भाई ने साहस दिखाते हुए आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया और कमरे में बंद कर दिया। आरोप है कि कुछ ही देर बाद आरोपी के परिजन मौके पर पहुंच गए और चन्द्रशेखर को छुड़ाकर ले गए। इस दौरान उन्होंने युवती के परिजनों के साथ जमकर मारपीट की, जिससे उनका हाथ टूट गया। इसके बाद गांव के ही चंचल पुत्र पतराम, हरपाल पुत्र घसीटा, उनकी पत्नी गीता तथा नानक पुत्र माहया भी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार के साथ मारपीट की। घटना के बाद पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष बालेंद्र कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त हुई है। सभी आरोपों की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## दोनों के प्रेमियों संग फरार होने की चर्चाएं

# कालेज जाने के बहाने निकली दो बहनें हुई लापता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। कॉलेज जाने की बात कहकर घर से निकलीं दो बहनें देर शाम तक वापस नहीं लौटीं। मोबाइल बंद मिलने और कॉलेज न पहुंचने की पुष्टि होने के बाद परिजनों की चिंता बढ़ गई। मामले में एक युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया गया है, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां एक किसान का परिवार रहता है। उनकी लगभग 21 वर्षीय बेटी स्थानीय एक डिग्री कॉलेज में बीए की छात्रा है। बताया जा रहा है कि संभल जिले के एक गांव में रहने वाले किसान के साले की लगभग 19 वर्षीय बेटी भी छुट्टियों में बुआ के घर पर आई हुई थी। पांच जनवरी की सुबह करीब दस बजे किसान की बेटी जरूरी काम से कॉलेज जाने की बात कहते हुए अपनी मेमरी बहन को लेकर घर से निकली थी लेकिन दोनों दोपहर तक घर वापस नहीं लौटीं। चिंता होने पर परिजनों ने संपर्क करने का प्रयास किया तो दोनों के मोबाइल बंद मिले। इसके बाद कॉलेज के अलावा बेटी के साथ पढ़ने वाली क्षेत्र की दूसरी छात्राओं से जानकारी ली तो कॉलेज नहीं आने का पता चलने पर होश उड़ गए। परिजनों ने काफी तलाश किया लेकिन दोनों का कोई सुराग नहीं मिला। किसान का आरोप है कि सिरसागढ़ पंडकी का रहने वाला नितिन दोनों को बहला फुसलाकर ले गया है। बताया जा रहा है कि नितिन का काफी समय से किसान की बेटी से प्रेम-प्रसंग चल रहा था, जिसकी राजदार ममेरी बहन भी थी। वहीं, चर्चा ये भी है एक अन्य युवक से उसका भी प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों बहनें एक साथ अपने-अपने प्रेमी संग फरार हुई हैं। सीओ अवध भदौरिया ने बताया कि मामले में आरोपी नितिन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। युवतियों को जल्दी ही बरामद कर लिया जाएगा।

# हवन यज्ञ के साथ भागवत कथा का समापन, भंडारा भी हुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। ब्लॉक क्षेत्र के गांव चौकपुरी स्थित मानव सेवा संस्थान में

■ **क्षणिक लाभ के लिए न रखें स्वार्थ के भाव: आचार्य नितिन**

आयोजित हो रहे सप्त दिवसीय भागवत कथा का समापन हवन यज्ञ के साथ हुआ। वहीं इस दौरान भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।



बुधवार को सातवें दिन कथा वाचक आचार्य नितिन भारद्वाज ने कहा कि हमें सदमार्ग पर चलना चाहिए। क्षणिक लाभ और स्वार्थ के लिए हमें कभी भी अनुचित कार्य नहीं करना चाहिए। कथा के दौरान गायक कलाकार जेपी वर्मा ने धार्मिक भजनों से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रीमद् भागवत कथा के उपरांत हवन कुंड में आहूति प्रवेश करके जनमानस के कल्याण की कामना की गई। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद देवेंद्र नागपाल के प्रतिनिधि कुलवंत चौधरी, नरेंद्र चौधरी एवं आदित्य चौधरी ने पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर ह्यूमन राइट्स अवेयरनेस आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एलसी गहलोत,रमेश सिंह, एडवोकेट मनमोहन सिंह सेन, चौधरी धर्मेंद्र सिंह, नीतू चौधरी, कल्पना, मुकेश पुरी,पिंकी, मोनिका, रामगोपाल गंगवार, महेंद्रपाल भारद्वाज, विजेंद्र सिंह, प्रदीप वर्मा उपस्थित रहे।

# अम्बेडकर पार्क का सौंदर्यकरण कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। तहसील क्षेत्र के गांव सहेलिया में अखिल भारतीय अंबेडकर संघ द्वारा डा. भीमराव अम्बेडकर पार्क में स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। शाखा अध्यक्ष द्वारा सर्वप्रथम बताया गया कि अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ का नाम बदलकर अब अखिल भारतीय अंबेडकर संघ पंजीकृत हो गया है। बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए उनके संघर्षों की कहानी सुनाई एवं अन्य पदाधिकारी ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यकर्ताओं द्वारा अंबेडकर पार्क की चाहरदीवारी की तथा एक डिजिटल लाइब्रेरी की मांग करते हुए सौंदर्य करण की मांग की गई। शासन द्वारा भी यह फरमान जारी कर दिया गया है। इस मौके पर मास्टर थान सिंह, अध्यक्ष, चंद्रभान सिंह, संरक्षक रोहित कुमार, महामंत्री, रवि कुमार, हरफूल सिंह, उमेश कुमार, झूंडे सिंह, आनन्द सिंह, रिन्कू सिंह, मास्टर वीर सिंह , शिवा कुमार, कुलदीप सिंह कृष्ण पाल सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# प्री-बोर्ड से बढ़ेगा छात्रों का आत्मविश्वास



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं से पहले जनपद अमरोहा के इंटर कॉलेजों में 12 जनवरी से प्री-बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। शासन के निर्देशानुसार आयोजित इन परीक्षाओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को मुख्य बोर्ड परीक्षा के लिए शैक्षणिक व मानसिक रूप से तैयार करना है। शाह टाइम्स से बातचीत में सुशीला देवी किसान इंटर कॉलेज के वरिष्ठ अध्यापक संदीप पंवार ने बताया कि प्री-बोर्ड परीक्षाएं छात्रों को अपनी तैयारी का आकलन करने और कमजोरियों को दूर करने का अवसर देती हैं। इससे समय प्रबंधन, उत्तर लेखन और परीक्षा अनुशासन में सुधार होता है, जिससे बोर्ड परीक्षा का तनाव कम होता है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे परीक्षा को लेकर अनावश्यक चिंता न करें और आत्मविश्वास के साथ तैयारी करें।

# चाचा के साथ खेत पर गई मासूम की मौत

## जंगली जानवर के हमले की आशंका





शाह टाइम्स संवाददाता

**चांदपुर।** शिवाला कला थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां तीन वर्षीय बच्ची हिमानी की जंगली जानवर के हमले में मौत हो गई। बच्ची अपने चाचा के साथ खेत पर गई थी, जहां से वह खेलते-खेलते पास के मछली तालाबों की ओर निकल गई। इन तालाबों के आसपास शिकारी कुत्ते और जंगली जानवर घूमते रहते हैं।

शाम को जब बच्ची के चाचा घर लौटे, तो उन्हें लगा कि हिमानी घर पहुंच चुकी होगी। हालांकि, घर पर बच्ची के न मिलने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद भी जब हिमानी का पता नहीं चला, तो परिजनों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही शिवाला कला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरी रात बच्ची की तलाश की गई।

अगली सुबह करीब 8:30 बजे गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर एक गेहूं के खेत में बच्ची का शव बरामद हुआ। शव की स्थिति देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि उसे जंगली जानवरों ने अपना शिकार बनाया है।

घटनास्थल पर क्षेत्राधिकारी चांदपुर देश दीपक सिंह और थाना प्रभारी शिवाला कला लखपत सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक हिमानी अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी। इस घटना के बाद से परिजनों में गहरा शोक व्याप्त है।

## सीबीआई जांच से घबरा रही उत्तराखंड सरकार : मंसूरी

**नजीबाबाद।** साहनपुर नगर पंचायत के चेयरमैन एवं आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता खुर्शीद मंसूरी ने उत्तराखंड सरकार को एक पत्र लिखकर अंकिता भंडारी हत्याकांड की जांच तत्काल सीबीआई से कराने की मांग की है। श्री मंसूरी का कहना है कि आज तक उत्तराखंड की धामी सरकार ने अंकिता केस में जांच की जगह तथ्यों को छिपाने का काम अधिक किया है। ऐसा लगता है धामी सरकार अंकिता के मामले में आरोपी कुछ वरिष्ठ बीजेपी नेताओं को बचाने का घिनौना प्रयास कर रही है। घटना के तत्काल बाद धामी सरकार ने घटनास्थल पर बुलडोजर चलवा कर सबूत नष्ट करके अपनी गलत नीयत का परिचय दे दिया था। इस घटना से बीजेपी सरकार के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारे की पोल खुल गई है।

# रिटायर्ड शिक्षक से धोखाधड़ी के दो आरोपी पुलिस ने दबोचे



शाह टाइम्स संवाददाता

**नहटौर।** एक रिटायर्ड शिक्षक व उनकी पत्नी को झांसे में लेकर 10000 रुपए की नगदी व सोने के कानों के कुंडल लेकर फरार होने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। उनका इसी तरह की एक अन्य वारदात में भी शामिल होना पाया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम टपरोला निवासी रिटायर्ड शिक्षक उदल सिंह अपनी पत्नी उर्मिला के साथ सोमवार को नहटौर के पंजाब नेशनल बैंक में पैसे लेने के लिए आए थे। जब वह पैसे निकाल कर बाहर आए तो एक व्यक्ति ने आकर उनसे कहा कि तुम्हारे एक रिश्तेदार ने नूरपुर रोड पर एक्सीडेंट कर दिया है। वह उदल सिंह को ई रिक्शा में बैठाकर नूरपुर रोड की ओर चल दिया और रास्ते में ई रिक्शा से उतर गया। ई रिक्शा से उतरने के बाद वह एजेंसी चौराहे पर आया, जहां उर्मिला देवी खड़ी हुई थी। उर्मिला देवी को बाजार में ले गया और रिश्तेदार के एक्सीडेंट करने की बात कहते हुए फैसले में पैसा देने के लिए झांसे में ले लिया और उनसे 10000 रुपए की नगदी व कानों से सोने के कुंडल निकाल लिए और चकमा देकर फरार हो गया। नूरपुर रोड पर उदल सिंह को कोई नहीं मिला तो वह एजेंसी चौराहे पर आए। दंपति को ठगी का एहसास हुआ। मामले की शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए। बुधवार को पुलिस ने गांगन पुल के पास से नहटौर क्षेत्र के ग्राम बूढ़पुर के दिलशाद पुत्र शकूर और नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव मोरना निवासी अहसान पुत्र जाबुद्दीन को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान कराई गई। उनसे 6000 रुपए की नगदी व कानों के कुंडल बरामद किए गए।

पूछताछ में उन्होंने इसी तरह की एक और घटना करना स्वीकार किया, जिसमें बताया कि ग्राम जलालपुर निवासी रामपाल सिंह को झांसे में लेते हुए 14000 रुपए की नगदी कांनो के कुंडल ले लिए थे। पुलिस ने उनके भी 4000 रुपए बरामद किए गए हैं।

थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि दोनों आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

# सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में छह माह के डिप्लोमा कोर्स का समापन

## विद्यार्थियों को किया सम्मानित



शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** नारी गांधी कल्याण समिति द्वारा संचालित शिवाड़ प्रशिक्षण केंद्र में चल रहे 6 माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन किया गया। इस अवसर पर 15 दिसंबर को 24 विद्यार्थियों की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने मेहनत और लगन के साथ भाग लिया।

परीक्षा के उपरांत विद्यार्थियों के कार्यों का मूल्यांकन किया गया। नए साल के शुभ अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण-पत्र एवं डिप्लोमा वितरित किए गए। साथ ही उनकी मेहनत और लगन की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

कार्यक्रम में शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक भाषण दिए गए। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ मोबाइल के सही उपयोग के बारे में भी जागरूक किया गया। इस दौरान मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले नुकसान पर आधारित एक हास्य नाटक भी प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में प्रमाण पत्र पाने वालों में निशा, मंतशा, मुस्कान, सानिया, गुलबशाह, तरन्नुम, अफीफा बानो, इसरानाज आदि शामिल रही।

समारोह में समिति के पदाधिकारी, प्रशिक्षकगण विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अध्यक्ष डा. रश्मि रावल, सचिव नीरा गोयल, विनोद शर्मा, ऐश्वर्या चौधरी, बबीता गुप्ता, सुनीता नंदा, अनीता सिंह, भारती चौहान आदि शामिल रही। सभी ने कार्यक्रम की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया और भविष्य में ऐसे ही प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन सलमा मेडम ने किया।

# एक्सपेंशन जॉइंट ठीक कराने को लिखा पत्र



शाह टाइम्स संवाददाता

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश सेतु निगम ने रेलवे क्रॉसिंग पर बने फ्लाईओवर ब्रिज की मरम्मत के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के मुख्य प्रबंधक को पत्र लिखा है।

आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में उत्तर प्रदेश सरकार को भेजी एक शिकायत में अवगत कराया गया था कि नगर पंचायत जलालाबाद स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 119 और रेलवे क्रॉसिंग संख्या 484 पर पूर्व में करोड़ों रुपए की लागत से फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण यूपी सेतु निगम द्वारा कराया गया था और वर्तमान में पुल के एक्सपेंशन जॉइंट तथा अन्य जगहों पर गड्ढे हो गए हैं, जिससे आम जनमानस का जीवन खतरे में है और जब इस संबंध में पूर्व में राष्ट्रीय राजमार्ग और उत्तर प्रदेश सेतु निगम में को अवगत कराया गया तो यह तय नहीं हो पा रहा है कि उक्त फ्लाईओवर ब्रिज किसके अधिकार क्षेत्र में है राष्ट्रीय राजमार्ग का कहना है कि उक्त ब्रिज हमें अभी तक स्थानांतरित नहीं हुआ है और दोनों विभागों की लड़ाई में आम जनमानस पिस रहा है। उधर उक्त शिकायत के संबंध मे उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के उप परियोजना प्रबंधक शशिकांत ने रेलवे क्रॉसिंग पर बने फ्लाईओवर ब्रिज की मरम्मत के लिए देहरादून स्थित भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के मुख्य प्रबंधक को पत्र लिखा है, जिसमें उप परियोजना प्रबंधक ने कहा कि उक्त फ्लाईओवर ब्रिज पूर्व में राष्ट्रीय राजमार्ग को स्थानांतरित किया जा चुका है। इस संबंध में समस्त दस्तावेज भी संलग्न किए गए हैं।

इस संबंध में उप परियोजना प्रबंधक ने अपनी आख्या रिपोर्ट की छाया प्रति शासन और आरटीआई कार्यकर्ता को भी भेजी है।

## एक नजर

### किसानों की समस्याओं पर चर्चा

**हल्दौर।** नगर स्थित ब्लॉक कार्यालय के सभागार कक्ष में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय किसानों से जुड़ी ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उनके त्वरित समाधान की मांग उठाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के वरिष्ठ नेता हुकुम सिंह, बिजनौर तहसील ने कहा कि चीनी मिल द्वारा किसानों के गन्ने का भुगतान 14 दिन की निर्धारित अवधि में सुनिश्चित किया जाए। साथ ही क्षेत्र में संरक्षित पशुओं एवं बंदरों से किसानों को हो रहे नुकसान से निजात दिलाने, मिल द्वारा किसानों को मैली उपलब्ध कराने, फसलों की सिंचाई हेतु प्रतिदिन कम से कम 10 घंटे विद्युत आपूर्ति चालू रखने तथा फुंके ट्रांसफार्मरों को शीघ्र बदलवाने की मांग रखी। बैठक के उपरांत मौके पर पहुंचे खंड विकास अधिकारी कुणाल रस्तोगी को किसानों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। बीडीओ ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभागों से समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर संगठन के बिजनौर जिला अध्यक्ष उदयवीर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष नौबहार सिंह, मीडिया प्रभारी राजन कुमार, मनोज कुमार, सुरेश प्रधान, मोहित कुमार, केशव कुमार, अशोक कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### माता सीता के जन्म का प्रसंग सुनाया



**नहटौर।** श्री चामुंडा देवी मंदिर प्रांगण में इन दिनों भक्ति की अविरल धारा बह रही है। कथा के चतुर्थ दिवस कथा व्यास सुदर्शन जी महाराज ने भगवान विष्णु के रामावतार के कारणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब प्रभु अवतार लेते हैं। जैसे ही कथा में 'भय प्रकट कृपाला, दीनदयाला' का प्रसंग आया, श्रद्धालु भावविभोर होकर नृत्य करने लगे। महाराज जी ने बताया कि राम का जन्म केवल एक राजा का जन्म नहीं, बल्कि मर्यादा और आदर्शों की स्थापना का पर्व है। महाराज जी ने श्रीराम जन्म के साथ ही मिथिला नगरी में माता सीता के प्राकट्य प्रसंग का भी विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि कैसे राजा जनक द्वारा हल चलाने पर धरती माता की गोद से सीता माता प्रकट हुईं। उन्होंने बताया कि सीता जी शक्ति, त्याग और समर्पण की प्रतिमूर्ति हैं। श्रीराम और सीता जी का मिलन जीव और ब्रह्म के मिलन का प्रतीक है। श्रद्धालुओं ने पालने में विराजमान प्रभु के दर्शन किए और बधाई गीत गाए। कथा व्यास राजकुमार सुदर्शन जी महाराज ने कहा कि श्रीराम का चरित्र हमें धैर्य सिखाता है और माता सीता का जीवन हमें विपरीत परिस्थितियों में भी अडिग रहना सिखाता है। आज समाज को राम के आदर्शों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। कथा के दौरान मंदिर समिति की ओर से फूलों की वर्षा की गई। कथा विश्राम के बाद आरती के पश्चात भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। कथा में सुरेश चंद्र अग्रवाल, कपिल शर्मा, अशोक चंद्रा, विपिन वर्मा, संजय शर्मा, राहुल चौधरी, प्रमोद त्यागी, उमाशंकर शर्मा, रामबाबू सैनी, मोहित गुप्ता, मुकेश अग्रवाल बोबी, राकेश सैनी, भुवन चंद्रा, अमन वर्मा, राजन चंद्रा, निकुंज वर्मा, मुकेश चंद्रा, बबलू चंद्रा, अमिता चंद्रा, मंजू वर्मा, अर्चना शर्मा, दिव्या वर्मा, मधु प्रजापति, खुशी वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, बबली, रानी, रेनू, सविता, उपासना आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### जेबकतरों ने दो महिलाओं के बैग काटे

**बिजनौर।** साप्ताहिक बाजारों में जेबकतरों का आतंक है। आज रामलीला मैदान में लगे बुध बाजार में जेबकतरों ने दो महिलाओं के बैग काट कर नकदी व जेवर साफ कर दिए। हल्दौर क्षेत्र की सलमा नामक महिला रामलीला बुधबाजार में खरीदारी करने आई थी। सलमा का पति सऊदी अरब में काम करता है। सलमा के अनुसार बुधबाजार में किसी ने उसका बैग काट कर 65 हजार रुपए साफ कर दिए। ट्यूबवैल कॉलोनी निवासी रणवीर की पत्नी का भी जेबकरों ने बैग काट लिया। उसके बैग में चांदी की पायल, एक सोने की अंगूठी और कुछ नकदी थी, जिसे जेबकतरे ले उड़े।

## शिविर में सरकारी योजनाओं की जानकारी दी

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश भवन निर्माण, कर्मचारी कल्याण बोर्ड द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित कर निर्माण श्रमिकों हेतु संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ श्रमिक पंजीकरण, नवीनीकरण आदि के संबंध में अजय नन्द त्रिपाठी श्रम परिवर्तन अधिकारी नजीबाबाद द्वारा विस्तार से बताया गया। उन्होंने ग्राम पीपली तहसील बिलारी स्थित अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा छह एवं कक्षा नौ प्रवेश के संबंध में श्रमिकों, ग्रामवासियों को विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए पात्र लोगों से उक्त विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन करने की अपील की।

# नगर पालिका ने की पुस्तकालय की स्थापना

## समाचार-पत्र और प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें भी उपलब्ध

शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** नगर पालिका परिषद परिसर में स्थापित सार्वजनिक पुस्तकालय विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं तथा आम नागरिकों के अध्ययन हेतु आमनज के लिए खोल दिया गया है, जिससे नगर क्षेत्र में शैक्षिक वातावरण को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

पुस्तकालय की देखरेख की जिम्मेदारी निभा रहे पालिका कर्मचारी रोबिन गुप्ता ने बताया कि नगर पालिका कर्मचारी रोबिन गुप्ता ने बताया कि नगर पालिका परिसर में सार्वजनिक पुस्तकालय की स्थापना का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को प्रोत्साहन देना और युवाओं को सकारात्मक एवं रचनात्मक दिशा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय खुलने से विद्यार्थियों को शांत वातावरण में अध्ययन करने की सुविधा मिलने के साथ-साथ उनकी शैक्षणिक क्षमता में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि पुस्तकालय में विभिन्न विषयों से संबंधित पुस्तकों का समृद्ध संग्रह उपलब्ध कराया गया है। इसके साथ ही दैनिक समाचार पत्र, सामान्य ज्ञान, प्रतियोगिता परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें तथा अन्य आवश्यक संदर्भ सामग्री भी रखी गई है, ताकि छात्र-छात्राओं के साथ-साथ आम नागरिक भी इसका लाभ उठा सकें। नगर पालिका प्रशासन द्वारा यह व्यवस्था की गई है कि कोई भी इच्छुक व्यक्ति नगर पालिका कार्यालय की निर्धारित कार्य अवधि के दौरान पुस्तकालय में आकर अध्ययन कर सकता है। वर्तमान में पुस्तकालय में लगभग 200 से अधिक पुस्तकें उपलब्ध हैं। पालिका प्रशासन ने आने वाले समय में पुस्तकों की संख्या बढ़ाने तथा आवश्यक सुविधाओं में और सुधार किए जाने का भी आश्वासन दिया है। नगर के अभिभावकों ने नगर पालिका द्वारा उठाए गए इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि सार्वजनिक पुस्तकालय का संचालन नगर के युवाओं के लिए लाभकारी सिद्ध होगा और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा।

# भाकियू अराजनीतिक की मासिक पंचायत



## समस्याओं को लेकर उठाई कई प्रमुख मांगें

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक की मासिक पंचायत ग्राम शेखपुरा मुक्ता, तहसील धामपुर में आयोजित की गई। पंचायत की अध्यक्षता रामचंद्र सिंह ने की, जबकि संचालन अरविंद राजपूत द्वारा किया गया। बैठक में किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

पंचायत में किसानों ने धामपुर तहसील क्षेत्र की खतौनियों में अशुद्ध निर्धारण का मुद्दा उठाते हुए इसे शीघ्र ठीक कराए जाने की मांग की। इसके साथ ही क्षेत्र के गांवों में घूम रहे छुट्टा पशुओं को पकड़वा कर गौशालाओं में भेजने तथा गुलदार और बंदरों के बढ़ते आतंक से आमजन को सुरक्षा प्रदान करने की मांग भी रखी गई।

किसानों ने शुगर मिल द्वारा किसानों से किसी भी प्रकार का शुल्क न लिया जाए और फ्री में पर्ची लिखे जाने की व्यवस्था किए जाने की मांग की। वहीं ग्राम शेखपुरा मुक्ता में सहकारी गन्ना खाद गोदाम से संबंधित स्टोर पर समय से उर्वरक उपलब्ध कराने और स्टोर तक पहुंचने के लिए सड़क निर्माण कराए जाने की भी मांग उठाई गई।

पंचायत में प्रयागराज में आयोजित होने वाले किसान चिंतन कार्यक्रम में अधिक से अधिक किसान साथियों से शामिल होने का अनुरोध किया गया।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष अजय राजपूत, न्याय पंचायत अध्यक्ष हरिओम सिंह, संगठन मंत्री सुरेश कुमार, मीडिया प्रभारी दिनेश चौहान, दिनेश प्रधान, अरविंद राजपूत, सुशील कुमार, सुदामा, प्रेम कुमार, सरजीत सिंह, शशि कुमार, जयप्रकाश, दुष्यंत कुमार, वीरेंद्र कुमार, गोलू सहित बड़ी संख्या में किसान सदस्य उपस्थित रहे।

## एक नजर

### लाखों के मोबाइल जलकर खाक



**नजीबाबाद।** बीती रात रेलवे स्टेशन रोड स्थित मोबाइल की दुकान में भीषण आग लगने से नए-पुराने मोबाइल सहित लाखों रुपए का सामान आग में जल गया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड व पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास की दुकानों को जलने से बचा लिया। क्षेत्र में ग्राम कल्हेड़ी निवासी शाह सैफी की रेलवे स्टेशन रोड पर एसबीआई के पास सिटी मोबाइल के नाम से दुकान है। दुकान में नए मोबाइल की ब्रिकी के साथ पुराने मोबाइल की रिपेयरिंग का काम किया जाता है। बीती रात दुकान स्वामी करीब आठ बजे दुकान को बंद करके गए थे। रात को करीब नौ बजे स्टेशन रोड के दुकानदार फुरकान जनरेटर वाले सहित कई लोगों ने मोबाइल की दुकान में धुंआ निकलते देखकर इसकी सूचना पहले तुरंत रेलवे स्टेशन के बाहर पुलिस चौकी पर दी। इसके बाद दुकान मालिक के मोबाइल पर कॉल कर बुलाया गया। फायर ब्रिगेड को घटना के तुरंत बाद सूचना न देकर काफी देर से देने के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ी लेट पहुंची, जिससे दुकान में लगी आग भीषण रूप ले चुकी थी। दुकान मालिक ने बताया कि आग लगने के बाद वह कल्हेड़ी से चलकर नजीबाबाद अपनी दुकान पर पहुंच गए थे, मगर फायर ब्रिगेड की गाड़ी उनके आने के भी काफी देर बाद पहुंची। जिससे उनका काफी नुकसान हुआ है।

### सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई



**बिजनौर।** कृष्णा कालेज ऑफ सांइस एण्ड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026-सड़क सुरक्षा अभियान के अवसर पर सड़क सुरक्षा शपथ ली गयी। इस कार्यक्रम के साथ एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरु हुआ है, जिसका लक्ष्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है जिसमें छात्र-छात्राओं को जागरूकता फैलाने के लिये शामिल किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माधयम से हेलमेट व सीटबेल्ट के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस अभियान के माधयम से छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक नियमों के पालन के लिए प्रेरित करने और भविष्य के सुरक्षित ड्राइवरों के रूप में तैयार करने पर जोर दिया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य यातायात नियमों के प्रति जनता को जागरूक करना सड़क दुर्घटनाओं और मृत्यु की संख्या को कम करना और नागरिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करना है। इस अवसर पर कृष्णा कालेज के प्रबंधक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डा. परवेज अहमद खाँ, कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा उपस्थित रहें। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागाध्यक्षा डा. पूनम गुप्ता, डा. शोमा सिंह, डा. पायल राठी, सहायक प्रवक्ता अदीबा शारिक, सलौनी चौधरी, सौम्या वर्मा, श्वेता टोंक, रश्मि वत्सल, मीतू राजपूत, शुभांशी वर्मा, दीक्षा त्यागी, शिफा, प्रतिभा आदि का विशेष योगदान रहा।

### किसानों का धरना जारी



**नजीबाबाद।** भाकियू टिकैत का अपनी मांगों को लेकर डीएफओ कार्यालय पर चल रहा धरना-प्रदर्शन नौवें दिन भी जारी रहा। ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार ने कहा वन विभाग द्वारा किसानों पर किए गए अत्याचार, भ्रष्टाचार के खिलाफ किसानों की जंग जारी है, किसानों की फसलों को नष्ट करना, किसानों पर मुकदमे करना अत्याचार है। उन्होंने किसानों को राजस्व विभाग की भूमि दिलाने, किसानों को मिले जुले खाते में अलग खाता दिया जाने, भ्रष्टाचार में लिप्त वन विभाग द्वारा एनएच 74 पर किए गए नाला निर्माण की जांच कराने आदि की मांगें की गई। धरने में अजय कुमार, रामेंद्र सिंह, अजीत सिंह, वीरेश राणा, सोनू, प्रमोद, पप्पू, यूसुफ, अजेंद्र सिंह, सत्यपाल, विजय, नीतू, पवन आदि मौजूद रहे।

### सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में शासन के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के रोड सेफ्टी क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र-छात्रा इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। महाविद्यालय के अकादमिक डायरेक्टर प्रो. अनिल कुमार वर्मा ने सभी विद्यार्थियों को सुरक्षित यातायात के प्रति संकल्पबद्ध किया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं के साथ-साथ अभिभावकों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। इस कार्यक्रम का कुशल आयोजन सन्नी कुमार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उदिता राजपूत व मौहम्मद आरिफ के निर्देशन में किया गया। आज के कार्यक्रम में डॉ. (श्रीमती) अखिलेश, डॉ. साजिद अंसारी, डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह, मौ. सलीम, अरविंद कुमार आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे महाविद्यालय के कार्यालय वरिष्ठ लिपिक राजेश श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा।

### प्रतिमाओं का वितरण करने का निर्णय

**नजीबाबाद।** तंवर तोमर राजपूत महासभा की बैठक राजवीर सिंह तोमर की अध्यक्षता एवं नरेश कुमार तोमर के संचालन में सत्यपाल सिंह तोमर के निवास पर ग्राम हरगनपुर में आयोजित की गई। बैठक में राजवीर सिंह तोमर ने कहा कि हमें अपने बच्चों को शिक्षित बनाना व सामाजिक कुरीतियों को पूर्ण रूप खत्म करना जरूरी है। तोमर राजपूत समाज के संस्थापक आदि पुरुष एवं पूर्वज दिल्ली सम्राट महाराज अनंगपाल सिंह तोमर की प्रतिमाओं का स्वजातीय बन्धुओं के घर-घर जाकर वितरण करने का निर्णय लिया गया। प्रतिमा वितरण कार्यक्रम के अन्तर्गत समाज के निम्न व्यक्तियों अजय तोमर, हरपाल तोमर, दीपक तोमर, चन्द्रपाल सिंह तोमर आदि सहित 50 प्रतिमाओं का वितरण तोमर राजपूत समाज के लोगों के घर-घर जाकर किया।

# पुलिस-बदमाशों के बीच मुठभेड़

■ पैर में गोली लगने से दो चोर गिरफ्तार मंदिर और घरों में करते थे चोरी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में सूरजपुर थाना पुलिस और बाइक सवार बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए, जिन्हें गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों बदमाश मंदिरों और रिहायशी इलाकों में चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे।

बुधवार सुबह सूरजपुर थाना पुलिस मोजर वियर गोलचक्कर के पास सर्विस रोड पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की काले रंग की स्प्लेंडर बाइक पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी और जंगल की ओर भागने लगे। पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया। भागते समय उनकी बाइक फिसलकर गिर गई। इसके बाद हुई जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी और वे घायल होकर गिर पड़े। पुलिस ने दोनों को मौके पर ही दबोच लिया और इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया।

घायल बदमाशों की पहचान सिराजुद्दीन उर्फ गुड्डू निवासी ग्राम आचरू कलां, थाना शिकारपुर, जिला बुलंदशहर और मयंक शर्मा निवासी ग्राम खेड़ा, थाना पिलखुआ, जिला हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस, नवादा मंदिर से चोरी किए गए 20,700 रुपये, तिलपता गांव से चोरी किया गया एक मोबाइल फोन, 2,165 रुपये नकद, एक काला बैग, दो आधार कार्ड, ताला तोड़ने के औजार और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है।

डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि दोनों बदमाश शातिर किस्म के अपराधी हैं। ये पहले इलाके की रेकी करते थे और फिर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। इनके खिलाफ नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद समेत अन्य जिलों में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस इनके आपराधिक इतिहास की और जानकारी जुटा रही है।

## नोएडा प्राधिकरण सहायक प्रबंधक को हटाया

■ प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस, अवैध निर्माण को रोकने में रहे विफल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** अवैध निर्माण को लेकर नोएडा प्राधिकरण सख्त एक्शन ले रहा है। कार्य के प्रति लापरवाही और शिथिल पर्यवेक्षण पाए जाने पर वर्क सर्किल-06 के संबंधित अधिकारियों के खिलाफ प्राधिकरण मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश जारी किए है। इसके तहत वर्क सर्किल-6 के प्रबंधक अब्दुल शाहिद द्वारा प्रभावी पर्यवेक्षण न करने और कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के कारण नोटिस जारी किया गया। साथ ही विभागीय कार्यवाही के लिए निर्देश दिए गए। वहीं सहायक प्रबंधक विनीत कुमार शर्मा की प्रतिनियुक्ति की समय सीमा पूरी होने के बाद प्राधिकरण ने उन्हें तत्काल प्रभाव से सेवा से अवमुक्त कर दिया है। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने स्पष्ट कहा कि अधिसूचित जमीन पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या अवैध निर्माण स्वीकार्य नहीं होगा। यदि किसी भी क्षेत्र में विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत या लापरवाही पाई जाती है तो उनके विरुद्ध इसी प्रकार की कठोर दंडात्मक कार्रवाई जारी रहेगी।

**कराई जा चुकी 25 एफआईआर:** बता दे नोएडा प्राधिकरण द्वारा साल-2024-25 में कुल 215912 वर्ग मीटर और साल 2025-26 में कुल 2393158 वर्ग मीटर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। जिसकी बाजार अनुमानित कीमत रुपए 2745 करोड़ है। वहीं पुलिस थानों में लगभग 25 एफआईआर दर्ज करायी गई।

**527 नोटिस जारी किए गए:** वर्तमान में नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में 174 अतिक्रमणकर्ताओं के विरुद्ध 527 नोटिस जारी किये गए हैं। इसके अलावा टीम बनाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की योजना पर काम किया जा रहा है। जल्द ही शहर में बड़े स्तर पर अवैध निर्माण को ध्वस्तीकरण करने की कार्यवाही की जाएगी।

## अवैध कब्जा करने पर पांच पर मुकदमा दर्ज

### अधिसूचित जमीन पर हो रहा था निर्माण, दो साल में 2745 करोड़ की जमीन कराई मुक्त




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फेज-तीन थाना क्षेत्र में नोएडा प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा करके निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। प्राधिकरण की ओर से पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर जांच कराई जा रही है।

नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल पांच पर तैनात अवर अभियंता राजेश कुमार सिंह ने पुलिस को बताया कि बसई बाउद्दीननगर गांव में प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन है। उस जमीन पर कुढ़िया गढ़ी निवासी अशोक कुमार द्वारा अवैध कब्जा करके निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसके संबंध में पूर्व में कई बार अशोक कुमार को नोटिस देकर सूचना दी, लेकिन आरोपी ने निर्माण कार्य नहीं रुकवाया।

**रात में हो रहा था निर्माण:** अवर अभियंता एसबी मौर्य ने पुलिस को बताया कि गढ़ी चौखंडी गांव निवासी अमित यादव, रवि यादव, भरत यादव ने सेक्टर-121 स्थित गढ़ी चौखंडी गांव में नोएडा प्राधिकरण की जमीन पर अवैध कब्जा करके रात के अंधेरे में निर्माण कार्य कराया जा रहा है। आरोपी बार-बार चेतावनी देने के बाद भी रुक नहीं रहे हैं। इसके अलावा गढ़ी चौखंडी गांव में विजय कुमार सिंघल द्वारा अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**दो साल में 2745 करोड़ की जमीन कराई मुक्त:** नोएडा प्राधिकरण द्वारा साल-2024-25 में कुल 215912 वर्ग मीटर और साल 2025-26 में कुल 2393158 वर्ग मीटर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है, जिसकी बाजार अनुमानित कीमत रुपए 2745 करोड़ है। पुलिस थानों में लगभग 25 एफआईआर दर्ज कराई गई। वर्तमान में नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में 174 अतिक्रमणकर्ताओं के विरुद्ध 527 नोटिस जारी किये गए हैं।

## युवक को चाकुओं से गोदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-63 थाना क्षेत्र की चोटपुर कॉलोनी में बुधवार सुबह बहन से प्रेम-प्रसंग के शक में दो भाईयों ने एक युवक को चाकुओं से गोद डाला। गंभीर हालत में युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि मूलरूप से बिहार के जिला बक्सर निवासी संगम तिवारी परिवार के साथ पिछले कई सालों से चोटपुर कॉलोनी में रहता है। वह एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। बुधवार सुबह करीब 10 बजे संगम के पास कॉलोनी में ही दो युवक श्रीकांत और राज सिंह हाथ में चाकू लेकर आ धमके। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए धमकाने लगे। दोनों ने युवक पर बहन को फोन कॉल करके परेशान करने और प्रेम-प्रसंग का आरोप लगाया। चाकू से किए वार संगम ने विरोध किया तो आरोपियों ने उस पर चाकुओं से हमला कर दिया। युवक के शरीर पर चाकुओं से कई बार हमला किया। युवक पर चाकू से हमला होते देख स्थानीय लोगों में भगदड़ मच गई। कुछ लोगों ने संगम को बचाने का प्रयास किया, लेकिन युवकों के हाथ में चाकू देख दूर हट गए। युवक को लहूलुहान हालत में छोड़कर आरोपी भाग गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों ने दर्ज कराई एफआईआर डॉक्टर के मुताबिक,युवक की हालत गंभीर है।

संगम की मां कंचन तिवारी ने एफआईआर दर्ज कराते हुए बताया कि श्रीकांत की बहन उनके पुत्र संगम को विरोध के बावजूद फोन करती है। यह बात संगम ने परिजन को बताई। परिजन ने इसकी जानकारी श्रीकांत के परिजन को दी। आरोप है कि इस पर श्रीकांत अपनी बहन को समझाने के बजाय चचेरे भाई राज सिंह के साथ मिलकर चाकू से हमला कर दिया।

## एक नजर

### जिला बदर युवक गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने एक जिला बदर युवक को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी को तीन माह पहले जिले से बाहर रहने का आदेश दिया गया था, लेकिन वह क्षेत्र में घूमता पाया गया। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार युवक की पहचान अट्टा फतेहपुर गांव निवासी आशिफ उर्फ कलुआ के रूप में हुई है। उसके खिलाफ दनकौर कोतवाली में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसकी आपराधिक गतिविधियों के कारण प्रशासन ने उसे तीन महीने पहले जिला बदर किया था। बुधवार को दनकौर कोतवाली पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इसी दौरान सलारपुर अंडरपास के पास आशिफ संदिग्ध हालत में घूमता मिला। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान आशिफ के पास से एक तमंचा बरामद हुआ। पूछताछ में उसने बताया कि वह किसी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहा था और इसी फिराक में क्षेत्र में घूम रहा था। इसके बाद पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी आशिफ के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने यह भी कहा कि क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### छात्रा दूसरी मंजिल की सीढ़ियों से गिरी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** हरौला गांव में रहने वाली 11 वर्षीय छात्रा मंगलवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में दूसरी मंजिल की सीढ़ियों से नीचे गिर गई। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से डॉक्टर ने उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए दिल्ली रेफर कर दिया। पुलिस के अनुसार 11 वर्षीय गुलजार बानो हरौला गांव में रहती है। वह मंगलवार रात अपने मकान की दूसरी मंजिल की सीढ़ियों से संदिग्ध परिस्थितियों में नीचे गिर गई। इस घटना में उसे गंभीर चोटें लगीं। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। डॉक्टर ने बिगड़ती हालत को देखते हुए उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में सीढ़ियों पर पैर फिसलने के चलते छात्रा गिरी। गिरने का सही कारण, जांच पूरी होने के बाद ही पता चलेगा।

### चेक बाउंस मामले में प्रोपराइटर को एक साल की सजा और 6.50 लाख जुर्माना

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** विशेष न्यायालय ने चेक बाउंस के एक मामले में केन सर्विस के प्रोपराइटर गाजियाबाद निवासी शिवनाथ गुप्ता को दोषी ठहराते हुए एक साल की सजा सुनाई है। साथ ही 6.50 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इस अर्थदंड में से 6.25 लाख रुपये परिवादी को क्षतिपूर्ति के रूप में दिए जाएंगे जबकि शेष 25 हजार रुपये राज्य सरकार के पक्ष में जमा होंगे। जुर्माने की राशि अदा न करने की स्थिति में दोषी को दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

मामला विरेंद्र सिंह एंड कंपनी बनाम शिवा केन सर्विस से संबंधित है, जो थाना सेक्टर-58 नोएडा क्षेत्र का है। सेक्टर-58 निवासी परिवादी फर्म विरेंद्र सिंह एंड कंपनी का आरोप है कि शिवा केन सर्विस द्वारा नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कंपनी किदवई नगर दिल्ली में खुदाई का कार्य कराया गया था। इसका 4.27 लाख का बिल बना था। इस बकाया राशि के भुगतान के लिए आरोपी की ओर से एक चेक 19 सितंबर 2015 को दिया गया। मगर 23 सितंबर 2015 को चेक अपर्याप्त धनराशि से बाउंस हो गया। दूसरी चेक 7 अक्तूबर 2015 को बाउंस हो गया। तीसरी बार भी 19 नवंबर 2015 को चेक बाउंस होकर लौट आया। इसके बाद आरोपी ने न तो कोई संतोषजनक जवाब दिया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसले में कहा कि परिवादी की ओर से पेश किए गए दस्तावेजी साक्ष्य और बयान विश्वसनीय पाए गए। तीन बार चेक का बाउंस होना और उसके बाद भी भुगतान न किया जाना, आरोपी की मंशा को दर्शाता है। न्यायालय ने आरोपी को एक वर्ष के कारावास और 6.50 लाख के अर्थदंड से दंडित किया।

## नशीला पदार्थ सुंघाकर लूट करने वाला गिरोह सक्रिय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना एक्सप्रेसवे के नजदीक मोबाइल लूट करने वाला एक गिरोह काफी दिन से सक्रिय है। करीब 10 दिनों में इस गिरोह ने चार से अधिक लोगों को अपना शिकार बनाया है। बदमाश नशीला पदार्थ सुंघाकर राहगीरों को बेहोश कर मोबाइल और नकदी लूट रहे हैं। पीड़ित लोगों ने बुधवार को दनकौर कोतवाली में शिकायत की है।

बिहार के बेगूसराय निवासी मुनचुन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वो जेपी ग्रुप में काम करते हैं। मंगलवार देर शाम वो दनकौर कस्बे से सामान लेकर अपने कमरे की तरफ जा रहे थे। जब वो चपरगढ़ अंडरपास के पास पहुंचे तो तभी बाइक सवार 2 अज्ञात लोगों ने रास्ता पूछने के बहाने उन्हें रोक लिया। बातचीत के दौरान आरोपी ने नशीला पदार्थ सुंघा दिया। वो बेहोश हो गए। होश आने पर उनका मोबाइल फोन और करीब 5 हजार रुपये गायब मिले। उन्होंने होश में आने के बाद परिजनों के साथ बुधवार शाम को कोतवाली पहुंचकर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ शिकायत की है। इसी तरह बीते सोमवार को बरेली निवासी रामकिशोर नाम के मजदूर के साथ भी वारदात हुई। बाइक सवार बदमाश ने नशीला पदार्थ सुंघाकर उनका मोबाइल फोन लूट लिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले 10 दिनों में इसी तरीके से कई घटनाएं हो चुकी हैं। क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि पीड़ित लोगों की शिकायत ले ली गई है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से दो घायल

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर कस्बे के मुख्य चौराहे पर मंगलवार रात एक अज्ञात ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक व्यक्ति की हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, जेवर कोतवाली के गांव बेगमाबाद निवासी मुकेश कुमार अपने नौकर पन्नालाल के साथ बाइक से टप्पल के पास स्थित अपने ईंट भट्ठे पर जा रहे थे। जब वे जेवर कस्बे के मुख्य चौराहे के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक अज्ञात ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया।

## डा. मीनाक्षी भराला ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व बच्चों का कराया अन्नप्राशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डा. मीनाक्षी भराला की अध्यक्षता में बुधवार को महिला जनसुनवाई व चौपाल का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान महिलाओं से संबंधित कुल 10 प्रकरण दर्ज किए गए। वहीं गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन कर मातृत्व एवं बाल संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

खंड विकास अधिकारी दादरी के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डॉ मीनाक्षी भराला ने महिलाओं की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा प्रत्येक प्रकरण के प्रभावी एवं त्वरित निस्तारण के लिए मौके पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध समाधान किया जाए, जिससे पीड़ित महिलाओं को शीघ्र न्याय मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह पर रोक लगाने की शपथ भी दिलाई।इस अवसर पर डा. मीनाक्षी भराला द्वारा 5 लाभार्थियों को बेबी किट का वितरण किया गया एवं गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म संपन्न कराई गई तथा छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी विधिवत रूप से कराया गया। उन्होंने महिलाओं से कहा कि स्वस्थ मातृत्व और सुरक्षित बचपन ही एक सशक्त, समृद्ध एवं विकसित समाज की मजबूत नींव होते हैं। सरकार महिलाओं और बच्चों के पोषण, सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। महिला जनसुनवाई एवं पोषण कार्यक्रम के बाद डॉ मीनाक्षी भराला ने नोएडा सेक्टर-62 स्थित राजकीय बाल/बालिका ग्रह एवं वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध व्यवस्थाओं, सुविधाओं एवं पीडित महिलाओं को दी जा रही सेवाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उपायुक्त पुलिस महिला सुरक्षा मनीषा सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर, संरक्षण अधिकारी विभा, वन स्टॉप सेंटर नोएडा की प्रबंधक रिंकी रानी, सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नोएडा एंटरप्रेन्योर एसोसिएशन के चुनाव के लिए नामांकन प्रपत्र जमा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** उद्यमियों की संस्था नोएडा एंटरप्रेन्योर एसोसिएशन (एनईए) का 17 जनवरी को होने वाले चुनाव के लिए बुधवार को विपिन कुमार मल्हन एवं वीके सेठ पैनल के प्रत्याशियों ने सेक्टर-19 स्थित सनातन धर्म मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर नामांकन प्रपत्र दाखिल किए।

चुनाव अधिकारी योगेश आनन्द, राकेश कत्याल, प्रदीप मेहता तथा सुभाष सिंघल ने बताया कि 17 जनवरी 2026 को होने वाले चुनाव में भाग लेने के लिए नामांकन प्रपत्र जमा करने का आज अंतिम दिन था। विपिन कुमार मल्हन एवं वीके सेठ पैनल से 156 उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र एनईए कार्यालय में जमा कराये। इसके अतिरिक्त सेक्टर-10 तथा सेक्टर-87 से 1-1 ईसी मेंबर से नामांकन फार्म प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि सेक्टर-10 तथा सेक्टर-67 में ईसी मेंबर के चुनाव कराये जायेंगे। वहीं नामांकन प्रपत्र जमा करने के बाद अध्यक्ष पद पर खड़े विपिन कुमार मल्हन ने कहा कि हमारा संगठन हमेशा उद्योगों के हित में कार्य करता रहा है। कोई भी संगठन जब मजबूत होता है, तो उसकी बात को सरकार भी गंभीरता से लेती है। यह संगठन नोएडा की स्थापना 1976 के बाद 1978 में ही स्थापित हो गया था और तब से लगातार उद्यमियों के विश्वास पर खरा उतर रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार पैनल में युवा उद्यमियों को विशेष स्थान दिया गया है। जिससे स्टार्टअप, एमएसएमई से जुड़े युवा आगे आएंगे और वर्तमान में बढ़ रहे औद्योगिकीकरण में अपनी भूमिका निभाएंगे।

उन्होंने बताया कि पदाधिकारियों के रूप में दो महिला उद्यमियों को भी शामिल किया गया है। जो महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। विपिन कुमार मल्हन ने कहा कि हमें प्रसन्नता हो रही है कि हमें सभी उद्यमी भाईयों का समर्थन मिल रहा है हमें आशा है कि उद्यमियों का सहयोग हमेशा इसी प्रकार मिलता रहेगा और हमें पुन: 2 वर्ष और उद्यमियों की सेवा करने का अवसर मिलेगा। इस दौरान राकेश कोहली, हरीश जोनजा, धर्मवीर शर्मा, मुकेश कक्कड़, मोहन सिंह, सुधीर श्रीवास्तव, मौ. इरशाद, मयंक गुप्ता, झुमा विश्वास नाग, छाया सिन्हा, राहुल नैय्यर, रजत खुराना, एमपी सिंह, राजकुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार अग्रवाल, प्रभात मेहता सहित बड़ी संख्या में उद्यमी शामिल रहे।

## मेडिकल डिवाइस पार्क परियोजना की समय सीमा बढ़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** यीडा के सेक्टर 28 में राज्य के पहले मेडिकल डिवाइस पार्क को विकसित करने की समय सीमा एक साल बढ़ाई जा सकती है। केंद्र सरकार ने प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए मार्च 2026 तक का समय दिया है, लेकिन डक्च में अभी तक लैब स्थापित नहीं हुई हैं। लैब के उपकरणों के लिए अभी टेंडर प्रक्रिया चल रही है। गामा रेडिएशन लैब के लिए बोर्ड ऑफ रेडिएशन एंड आइसोटोप टेक्नोलॉजी के साथ 9 जनवरी को होने वाला समझौता भी टल गया है।

सेक्टर 28 में 350 एकड़ में फैले मेडिकल डिवाइस पार्क प्रोजेक्ट में यीडा ने पहले ही 101 प्लॉट आवंटित कर दिए हैं। पिछले साल एक यूनिट चालू हो गई थी। केंद्र सरकार ने डक्च के लिए 100 करोड़ रुपये का अनुदान दिया है, जिससे 13 लैब स्थापित की जानी हैं। हालांकि, अभी तक एक भी लैब स्थापित नहीं हुई है।

लैब के लिए बिल्डिंग का निर्माण लगभग पूरा हो गया है, लेकिन उपकरण खरीद और लैब संचालन के लिए एजेंसी अभी तक फाइनल नहीं हुई है। इसलिए, मार्च 2026 तक प्रोजेक्ट पूरा करना संभव नहीं है। एसीई के सीईओ नागेंद्र प्रताप ने बताया कि बुधवार को केंद्रीय फार्मास्यूटिकल्स विभाग के सचिव के साथ हुई ऑनलाइन बैठक में प्रोजेक्ट में बचे हुए काम और बाकी फंड जारी करने पर चर्चा हुई। प्रोजेक्ट में बचे हुए काम को देखते हुए समय सीमा बढ़ाकर मार्च 2027 करने का अनुरोध किया गया है। बैठक में मध्य प्रदेश और तमिलनाडु में विकसित किए जा रहे एमडीपी के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया।

## जेवर में टोल प्लाजा पर युवक से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे के जेवर टोल प्लाजा पर एक युवक से मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में कुछ लोग एक युवक को लगातार थप्पड़ मारते हुए दिखाई दे रहे हैं।

बताया जा रहा है कि यह घटना मामूली कहासुनी के बाद हुई। दबंगों ने युवक के साथ मारपीट शुरू कर दी, जबकि पीड़ित युवक असहाय स्थिति में खड़ा था और आसपास मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे। इस पूरी घटना का वीडियो टोल पर कार में बैठे एक व्यक्ति ने अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड किया और बाद में सोशल मीडिया पर साझा कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों में रोष देखा जा रहा है और कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए जा रहे हैं। इस मामले में जेवर कोतवाली पुलिस का कहना है कि फिलहाल पीड़ित की ओर से कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस के मुताबिक, अब तक पीड़ित युवक की पहचान भी नहीं हो सकी है। हालांकि, वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने या पहचान होने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

## बेकाबू ट्रक की टक्कर से चाचा-भतीजे की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी बाईपास पर बेकाबू ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार में सवार चाचा-भतीजे की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक को छोड़कर भाग गया। पुलिस ने चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कासगंज निवासी विकास ने पुलिस को बताया कि वह नोएडा के गढ़ी चौखंडी में किराये के मकान में रहते हैं। उनका साला रोमेंद्र कुमार अपने चाचा मनजीत के साथ 31 दिसंबर को किसी काम से नोएडा के बिशनपुरा गांव आया था। विकास ने बताया कि दोनों रात के समय अपनी कार से वापस कासगंज अपने घर लौट रहे थे।

वे दादरी बाईपास पर पहुंचे तो बेकाबू ट्रक चालक ने उनकी कार में टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटनास्थल पर रोमेंद्र की मौत हो गई। पुलिस की टीम ने गंभीर हालत में मनजीत को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में इलाज के दौरान मनजीत ने भी दम तोड़ दिया। विकास ने अब इस मामले में आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। दादरी कोतवाली प्रभारी का कहना है कि ट्रैक को कब्जे में ले लिया गया है। आरोपी चालक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी। उसकी तलाश की जा रही है।

## बर्फीली हवा से कंपकंपी बढ़ी, प्रदूषण घटा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में बुधवार को बर्फीली हवा से कंपकंपी बढ़ा गई। हालांकि, प्रदूषण स्तर में कमी दर्ज की गई। नोएडा और ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। मंगलवार को यह बेहद खराब श्रेणी में था। नोएडा का एक्यूआई बुधवार को 288 और ग्रेटर नोएडा का 298 दर्ज किया गया। एक दिन पहले के मुकाबले नोएडा का एक्यूआई 26 अंक कम हुआ। वहीं, ग्रेटर नोएडा के एक्यूआई में 32 अंक की कमी दर्ज की गई। नोएडा में सेक्टर-116 सबसे अधिक वायु प्रदूषित स्थान रहा। यहां का एक्यूआई 312 रहा। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में कड़ाके की ठंड जारी है।

सुबह कोहरा रहा। बर्फीली हवा ने कंपकंपी बढ़ा दी। दोपहर में खिली धूप निकलने से मामूली राहत मिली। नोएडा और ग्रेटर नोएडा का न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक दिन पहले के मुकाबले यह लगभग एक डिग्री अधिक है। मौसम विज्ञान विभाग ने अधिकतम तापमान के आंकड़े जारी नहीं किए। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार गुरुवार को घना कोहरा होने की संभावना है। अगले छह दिनों में न्यूनतम तापमान 7-9 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। अधिकतम तापमान 15 से 18 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। लिहाजा आने वाले दिनों में भी कड़ाके की ठंड रहेगी।

# बीसीबी ने सभी दावों को खारिज किया

## कहाः आईसीसी भारत में विश्व कप खेलने को लेकर चिंताओं पर बात करने के लिए तैयार

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने कहा है कि आईसीसी ने भारत और श्रीलंका में होने वाले आगामी पुरुष टी-20 विश्व कप में बांग्लादेश की पूर्ण और बिना किसी रुकावट के भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड के साथ इस मसले पर करीब से काम करने की इच्छा व्यक्त की है।

बीती शाम सुरक्षा कारणों से टी-20 विश्व कप में बंगलादेश के मुक़ाबले भारत से बाहर स्थानांतरित करने के मसले पर बीसीबी की आईसीसी के साथ हुई वर्चुअल बैठक के बाद क्रिकेट बोर्ड ने अपना बयान जारी किया है। हालांकि बयान में यह नहीं बताया गया है कि बंगलादेश भारत में खेलेगा या नहीं। बीसीबी के बयान में कहा गया है कि बोर्ड ने आगामी विश्व कप के मद्देनजर भारत में बंगलादेश की टीम की सुरक्षा को लेकर जो चिंता व्यक्त की थी और साथ ही बंगलादेश के मुक़ाबले भारत से बाहर स्थानांतरित करने का जो आग्रह किया था उसके जवाब में आईसीसी की ओर से प्रतिक्रिया मिली है। अपने संदेश में आईसीसी ने टूर्नामेंट में बिना किसी रुकावट के बांग्लादेश की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। आईसीसी ने बोर्ड के साथ इस मसले पर क़रीब से काम करने की इच्छा व्यक्त की है और इस बात का आश्वासन दिया है कि सुरक्षा से संबंधी बोर्ड के सुझावों का स्वागत किया जाएगा और इवेंट से संबंधित विस्तृत सुरक्षा योजना बनाते समय पर इन पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाएगा। ईएसपीएन क्रिकइंफो ने बताया था कि मंगलवार की बैठक में आईसीसी ने बंगलादेश के मुक़ाबले भारत से बाहर स्थानांतरित करने के आग्रह को अस्वीकार दिया था और यह कहा था कि अगर बंगलादेश भारत में अपने मुक़ाबले नहीं खेलेगा तो उन्हें अपने अंक गंवाने पड़ेंगे। आगामी टी-20 विश्व कप में बंगलादेश ग्रुप सी में है और उन्हें अपने पहले तीन मुक़ाबले कोलकाता में खेलने हैं। उन्हें 7 फरवरी को वेस्टइंडीज, 9 फरवरी को इटली और 14 फरवरी को इंग्लैंड के खलिाफ खेलना है जबकि 17 फरवरी को उन्हें मुंबई में नेपाल के खलिाफ मुक़ाबला खेलना है। हालांकि बीसीबी ने ऐसी किसी भी चेतावनी मिलने से इनकार किया। बीसीबी ने कहा कि मीडिया में प्रकाशित कुछ रिपोर्ट्स का भी बीसीबी ने संज्ञान लिया है जिसमें यह बताया गया है कि बोर्ड को आईसीसी से अल्टीमेटम मिला है। बीसीबी यह स्पष्ट करना चाहता है कि यह दावे पूरी तरह से निराधार हैं और यह आईसीसी द्वारा मिले संदेश से मेल नहीं खाते हैं।

## भारतीय प्रेजेंटर बीपीएल पैनल से हटी

**ढाका, वार्ता।** भारतीय स्पोर्ट्स प्रेजेंटर रिद्धिमा पाठक ने बुधवार को उन रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया, जिनमें दावा किया गया था कि उन्हें बंगलादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) के प्रेजेंटेशन पैनल से 'हटा दिया गया' है। उन्होंने साफ किया कि टूर्नामेंट से हटने का फैसला उनका अपना था।

अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किए गए एक बयान में, पाठक ने कहा कि बीपीएल से उन्हें हटाए जाने के बारे में एक 'झूठी कहानी' फैलाई जा रही है। उन्होंने लिखा कि यह सच नहीं है। मैंने खुद बाहर होने का फैसला किया। मेरे लिए, मेरा देश हमेशा सबसे पहले आता है, उन्होंने आगे कहा कि वह क्रिकेट के खेल को 'किसी भी एक असाइनमेंट से कहीं ज्यादा' महत्व देती हैं। पाठक ने आगे कहा कि वह इस मामले पर और कोई टिप्पणी नहीं करेंगी। यह सफाई बंगलादेश में मीडिया रिपोर्ट्स के बीच आई है, जिसमें कहा गया था कि टूर्नामेंट के ढाका लेग से पहले पाठक को बीपीएल प्रेजेंटेशन टीम से हटा दिया गया था। बंगलादेश के स्थानीय मीडिया ने बताया कि उन्हें ढाका में मैचों की मेजबानी करनी थी, लेकिन देश जाने से पहले ही उन्हें पैनल से हटा दिया गया। बीपीएल का मौजूदा एडिशन पहले ही शुरू हो चुका है, जिसका पहला लेग सिलहट में हुआ।

# पीवी सिंधु सात्विक-चिराग की विजयी शुरुआत

**कुआलालम्पुर, वार्ता।** चार महीने की चोट के बाद वापसी कर रही पीवी सिंधु ने मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के महिला सिगल्स के पहले राउंड का मैच चीनी ताइपे की कम रैंकिग वाली सुंग शुओ युन के खिलाफ 21-13, 22-20 से जीता।

यह मैच 51 मिनट तक चला। सिंधु को मैच में जमने में समय लगा, पहले गेम में वह 1-6 से पीछे थीं क्योंकि उन्हें अपनी लय खोजने और परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में मुश्किल हो रही थी। हालांकि, एक बार जब उन्हें अपनी रेंज मिल गई, तो स्मैश और पंच क्लियर शॉट लगने लगे। 1-6 से पीछे होने के बाद, सिंधु ने बढ़त बनाते हुए 11-9 की बढ़त ले ली, और मिड-गेम इंटरवल में दो अंकों की बढ़त बना ली। उस बिदु के बाद सिंधु ने पीछे मुड़कर नहीं देखा, क्योंकि सिंधु ने रैलियों पर हावी होना शुरू कर दिया और सुंग को कोई वास्तविक नियंत्रण नहीं दिया। दुनिया में 31वें नम्बर की चीनी ताइपे की शटलर को रैलियों को फ्लैट रखने में मुश्किल हो रही थी - एक ऐसा तरीका जिससे वह प्रतिस्पर्धी बनी रह सकती थीं और उन पर आने वाले आक्रामक शॉट्स की बौछार से बच सकती थीं। आखिरकार सुंग को सिंधु की कमजोरियों का पता चलने लगा, हालांकि जितनी देर में उन्हें पता चला, वह शायद उन्हें पसंद नहीं आया होगा। जब सिंधु दूसरे गेम में 14-9 से आगे थीं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### डी मिनौर व हंटर ने ऑस्ट्रेलिया को क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया

**सिडनी, वार्ता।** एलेक्स डी मिनौर ने मंगलवार रात सिडनी में यूनाइटेड कप में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने डबल ड्यूटी करके ऑस्ट्रेलिया को चेकिया को हराकर क्वार्टर-फाइनल में पहुंचाया। बारबोरा क्रेजसिकोवा ने माया जॉइंट को सीधे सेटों में हराने के बाद, ऑस्ट्रेलिया को अपने घरेलू मैदान पर क्वालिफाई करने के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ा। लेकिन 26 साल के डी मिनौर ने केन रोजवॉल एरिना के जोशीले माहौल का फायदा उठाते हुए जैकब मेंसिक को 6-4, 6-1 से हराया और फिर स्टॉर्म हंटर के साथ मिलकर मिरियम स्कोच और डालिबोर स्वर्सिना को 6-2, 6-3 से हराकर ग्रुप डी में 2-1 से जीत पक्की की। क्रेजसिकोवा की जीत के साथ, चेकिया भी सिडनी में बेस्ट रनर-अप के तौर पर क्वार्टर-फाइनल में पहुंच गया। मेनसिक ने दूसरे सेट की शुरुआत में डी मिनौर के खिलाफ कुछ अच्छे पल दिखाए, जिसमें एक जोरदार फ्टं-फेसिग ट्वीनर वॉली भी शामिल थी, जिसे एक धमाक. दार फर्स्ट सर्व से सेट किया गया था। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी लगातार कोशिश करते रहे, उन्होंने अपने सामने आए सभी चार ब्रेक पॉइंट बचाए और लेक्सस एटीपी हेड2हेड सीरीज में चेक खिलाड़ी के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 5-0 कर लिया।

#### रेसलिंग लीग ने सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ आधिकारिक प्रसारण साझेदारी की घोषणा की

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की प्रमुख पेशेवर कुश्ती प्रतियोगिता पीडब्ल्यूएल के पांचवें सत्र ने 2026 सीजन के लिए सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क को अपना आधिकारिक प्रसारण भागीदार घोषित किया है। सात वर्षों के अंतराल के बाद जनवरी 2026 में पीडब्ल्यूएल की वापसी हो रही है, जिसे एक नए विजन, मजबूत एथलीट-फर्स्ट सिद्धांतों और वैश्विक दर्शकों के सामने उत्कृष्ट कुश्ती प्रतिभा को प्रदर्शित करने की नवीकृत प्रतिबद्धता के साथ पुनर्कल्पित किया गया है। प्रसारण समझौते के तहत, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क सोनी स्पोर्ट्स टेन 4 और टेन 5 टीवी चैनलों के माध्यम से भारत भर के घरों तक पीडब्ल्यूएल के सभी मुकाबलों का लाइव प्रसारण करेगा। इसके साथ ही, सोनी के ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर भी कवरेज उपलब्ध होगी, पीडब्ल्यूएल 2026 सीजन में छह शहर-आधारित फ्रेंचाइजी टीमें, दिल्ली दंगल वॉरियर्स, टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल, हरियाणा थंडर्स, पंजाब रॉयल्स, महाराष्ट्र केसरी और यूपी डॉमिनेटर्स, एक गतिशील और प्रतिस्पर्धी प्रारूप में मुकाबला करेंगी, जिसका उद्देश्य खेल की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक ले जाना और प्रशंसकों के लिए रोमांचक अनुभव प्रदान करना है।

# पहले राउंड में लक्ष्य-आयुष का आमना-सामना

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को घरेलू मैदान पर एक मुश्किल ड्रॉ मिला है। 2022 के चैंपियन लक्ष्य सेन का मुकाबला उभरते हुए आयुष शेट्टी से होगा, जबकि पूर्व वर्ल्ड चैंपियन पीवी सिंधु का सामना वियतनाम की थुई लिन्ह गुएन से होगा। योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट 13-18 जनवरी तक यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेला जाएगा।

वर्ल्ड टूर के सबसे मशहूर टूर्नामेंट में से एक, इंडिया ओपन, केडी जाधव इंडोर स्टेडियम से इंदिरा गांधी स्टेडियम कॉम्प्लेक्स के अंदर एक बहुत बड़े मल्टी-पर्पस हॉल में शिफ्ट हो रहा है। खिलाड़ियों को कंडीशन को समझने और परखने का भी मौका मिलेगा क्योंकि यह इस साल अगस्त में होने वाली बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप का वेन्यू भी होगा। और अगर भारतीय टीम को उम्मीद थी कि ओपनिग राउंड थोड़ा आसान होगा, तो साफ है कि उनकी यह इच्छा पूरी नहीं हुई। भारतीय नजरिए से, लक्ष्य का सामना पूर्व वर्ल्ड जूनियर ब्रॉन्ज मेडलिस्ट आयुष शेट्टी से होगा, इसका मतलब है कि मुकाबले में मौजूद चार भारतीय मेन्स सिगल्स में से सिर्फ तीन को ही दूसरे राउंड में जगह बनाने का मौका मिलेगा। और जो भी इस ऑल-इंडियन मुकाबले में आगे बढ़ता है, उसका सामना चौथी सीड चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन या जापान के केंटा निशिमोटो से हो सकता है। दूसरे भारतीय सिगल्स खिलाड़ियों में, पूर्व वर्ल्ड नम्बर 1 किदांबी श्रीकांत का मुकाबला 2024 ताइपे की थॉमस कप ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली टीम के सदस्य और वर्ल्ड नम्बर 12 लिन चुन-ई से होगा, और दूसरे राउंड में उनका मुकाबला क्रिस्टो पोपोव से हो सकता है, जिन्होंने पिछले महीने वर्ल्ड टूर फाइनल्स मेन्स सिगल्स का खिताब जीतने वाला पहला फ्रांसीसी खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया था। डेनमार्क के एंडर्स एंटनसन के हटने के बाद मेन ड्रॉ में आए एच एस प्रणय अपने अभियान की शुरुआत हांगकांग के पिछले एडिशन के फाइनलिस्ट ली चेउक यियू के खिलाफ करेंगे। महिला सिगल्स में, पूर्व वर्ल्ड चैंपियन पीवी सिंधु का मुकाबला गुएन से होगा, जिनके खिलाफ भारतीय खिलाड़ी अपने पिछले दोनों मुकाबले हार गई थीं। दुनिया में 22वीं रैंक वाली गुएन पिछले साल सर्किट पर सबसे बेहतर खिलाड़ियों में से एक हैं।

# वैभव व एरोन के तूफानी शतक भारत अंडर-19 टीम ने बनाए 393/7

**बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका।** वैभव सूर्यवंशी (127) और एरोन जॉर्ज (118) शानदार शतकीय पारियों और उनके बीच 227 रनों की ओपनिग साझेदारी के दम पर भारतीय अंडर-19टीम ने बुधवार को तीसरे यूथ वनडे में दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 394 रनों का लक्ष्य दिया। यहां दक्षिण अफ्रीका की अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी वैभव सूर्यवंशी और एरोन जॉर्ज की भारतीय सलामी जोड़ी ने विस्फोटक शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 227 रन जोड़े। इस दौरान वैभव सूर्यवंशी ने 23 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वैभव ने सातवां ओवर कर रहे माइकल क्रुइस्काम्प की पहली चार गेंदों पर दो चौके और दो छक्के लगाए और इसके बाद एक रन लेकर इस ओवर में कुल 21 रन जोड़े। वैभव ने 63 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने अपने शतक को पूरा करने के लिए आठ छक्के और छह चौके लगाए। 27वें ओवर में एन सोनी ने वैभव सूर्यवंशी को आउट किया। वैभव सूर्यवंशी ने 74 गेंदों में 10 छक्के और नौ चौके लगाते हुए 127 रनों की पारी खेली। इसी दौरान एरोन ने अपना शतक पूरा किया। 35वें ओवर में माइकल क्रुइस्काम्प ने वेदांत त्रिवेदी (34) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद भारतीय बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे खुल कर नहीं खेल सके और विकेट गंवाते रहे। हरवंश पंगालिया (दो) रनआउट हुए। अभिज्ञान कुंडु (21), कनिष्क चौहान (10) और अमब्रिश आठ रन बनाकर पवेलियन लौट गए, लेकिन मोहम्मद एनान (नाबाद 28) और हेनिल पटेल (नाबाद 19) ने अंतिम ओवरों में तेजी से रन बटोरते हुए भारत को निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 393 रनों का विशाल स्कोर तक पहुंचा दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए एन सोनी ने तीन विकेट लिए।






# नेपाल के टी-20 विश्व कप दल में शेर मल्ला शामिल, पॉडेल करेंगे कप्तानी

**काठमांडू, वार्ता।** नेपाल के टी-20 विश्व कप दल में ऑफ स्पिनर शेर मल्ला को शामिल किया गया है और उन्हें पहली बार राष्ट्रीय टीम का बुलावा आया है। नेपाल ने अपने दल में ऑलराउंडर बासिर अहमद को शामिल किया है जबकि पिछले साल अक्तूबर में टी-20 विश्व कप क्वालिफायर में टीम का हिस्सा रहे कुशल मल्ला को विश्व कप दल में जगह नहीं मिली है।

शीर्ष क्रम बल्लेबाज रोहित पॉडेल टी-20 विश्व कप में टीम की अगुवाई करेंगे जबकि दीपेंद्र सिंह ऐरी टीम के उपकप्तान होंगे। मल्ला को नेपाल प्रीमियर लीग में उनके प्रदर्शन का इनाम मिला है जहां उन्होंने 17 विकेट हासिल किए थे और वह टूर्नामेंट में संयुक्त तौर पर सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। शेर मल्ला ने 17 विकेट 10 मुक़ाबलों में 6.50 की किफायती इकॉनमी से हासिल किए थे। उन्होंने लुंबिनी लायंस को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी जबकि इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीता था। नेपाल के दल में मजबूत शीर्ष क्रम बल्लेबाजों और ऑलराउंडरों का संयोजन है। नेपाल की गेंदबाजी लेग स्पिनर संदीप लैमिछाने के इर्द गिर्द रहेगी और ललिच राजबंशी, मल्ला और ऐरी स्पिन विभाग में उनके सहयोगी की भूमिका अदा करते नजर आएंगे। करण केसी तेज गें. दबाजी विभाग की अगुवाई करते नजर आएंगे और उन्हें नंदन यादव, सोमपाल कामी और ऑलराउंडर गुलशन झा का साथ मिलेगा। 23 वर्षीय पॉडेल बल्लेबाजी इकाई की अगुवाई करते नजर आएंगे जबकि उन्हें शीर्ष क्रम में आक्रामक कुशल भुर्तेल और आसिफ शेख का सहयोग मिलेगा। वहीं निचले क्रम में फर्निशिग टच देने के लिए झा और ऐरी मौजूद होंगे। नेपाल ने 2024 टी-20 विश्व कप में चार मुक़ाबले खेले थे लेकिन उन्हें एक भी मुक़ाबले में जीत हासिल नहीं हुई थी।

हालांकि उन्होंने बंगलादेश और दक्षिण अफ्रीका के खलिाफ करीबी मुक़ाबला खेला था। नेपाल का विश्व कप अभियान 8 फरवरी को वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड के खलिाफ शुरू होगा। यहीं उन्हें अपने चारों ग्रुप मुक़ाबले खेलने हैं। टी-20 विश्व कप के लिए नेपाल का दल रोहित पॉडेल (कप्तान), दीपेंद्र सिंह ऐरी (उपकप्तान), संदीप लैमिछाने, कुशल भुर्तेल, आसिफ शेख, संदीप जोरा, आरिफ शेख, बासिर अहमद, सोमपाल कामी, करण केसी, नंदन यादव, गुलशन झा, ललित राजबंशी, शेर मल्ला, लो. केश बाम



# आईसीसी महिला टी -20 विश्व कप 2026 क्वालीफायर का शेड्यूल कन्फर्म

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी महिला टी -20 विश्व कप क्वालीफायर 2026 के पूरे फिक्स्चर, जिसमें सुपर सिक्स स्टेज भी शामिल है, कन्फर्म हो गए हैं। नेपाल में 18 जनवरी से 1 फरवरी तक होने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली 10 टीमें जून-जुलाई में इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आईसीसी महिला टी -20 विश्व कप 2026 के लिए चार क्वालिफिकेशन स्पॉट के लिए मुकाबला करेंगी।

वार्म-अप मैच 14 और 16 जनवरी को तीन जगहों पर होंगे - त्रिभुवन यूनिवर्सिटी क्रिकेट ग्राउंड, अपर मुलपानी क्रिकेट ग्राउंड और लोअर मुलपानी क्रिकेट ग्राउंड। 18 जनवरी से ग्रुप स्टेज शुरू होने के बाद त्रिभुवन यूनिवर्सिटी क्रिकेट ग्राउंड और अपर मुलपानी क्रिकेट ग्राउंड में ही कॉम्पिटिटिव मैच खेले जाएंगे। सुबह के मैचों (9 बजे लोकल




टाइम) में नेपाल का मुकाबला थाईलैंड से होगा,

जबकि बांग्लादेश का सामना यूएसए से होगा। दोपहर (1 बजे लोकल टाइम) में जिम्बाब्वे का मुकाबला नीदरलैंड्स से और आयरलैंड का मुकाबला पापुआ न्यू गिनी से होगा। स्कॉटलैंड और नामीबिया अपने पहले मैच 20 जनवरी को खेलेंगे, ग्रुप स्टेज के दौरान हर दूसरे दिन चार मैच होंगे, जो 26 जनवरी को खत्म होगा। ग्रुप ए और ग्रुप बी की टॉप तीन टीमें सुपर सिक्स में जाएंगी। ए मैच, जिनसे चार क्वालिफाई करने वाले देशों का फैसला होगा, 28, 30 जनवरी और 1 फरवरी को होंगे।

#### केआईबीजी पेंचक सिलाट में राजा ने जीते दो स्वर्ण पदक

**दीव, वार्ता।** खेलो इंडिया बीच गेम्स की तुग्गल स्पर्धा के फाइनल में राजा दास ने स्थानीय पसंदीदा और गत चैंपियन प्रसन्ना बेंद्रे को हराकर प्रतियोगिता के शुरुआती दो स्वर्ण पदक जीते। पश्चिम बंगाल के इस खिलाड़ी ने वर्षों से राष्ट्रीय स्तर पर लगातार पदक जीते हैं दीव में जीता गया यह स्वर्ण पदक राजा के उतार-चढ़ाव भरे करियर का एक और अहम पड़ाव है। 2025 के खेलो इंडिया बीच गेम्स और गोवा में आयोजित 22वें नेशनल गेम्स में रजत पदक जीतने वाले राजा ने खुद को देश के सबसे निरंतर प्रदर्शन करने वाले आर्टिस्टिक पेंचक सिलाट खिलाड़ियों में स्थापित किया है। उन्होंने 2023, 2024 और 2025 में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीते हैं। राजा के लिए दीव का यह स्वर्ण पदक आगामी सीनियर नेशनल चैंपियनशिप की आदर्श तैयारी है।

# कनाडा को 3-0 से हराकर बेल्जियम क्वार्टर-फाइनल में

**सिडनी, वार्ता।** टीम बेल्जियम ने मंगलवार को सिडनी में यूनाइटेड कप में टीम कनाडा पर 3-0 से शानदार जीत हासिल करके ग्रुप बी जीता और क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाई। जिजू बर्ग्स और एलिसे मर्टेंस ने टाई जीतने के लिए प्रभावशाली सिगल्स जीत हासिल करने के बाद, बेल्जियम के खिलाड़ियों ने ग्रुप में टॉप पर रहने के लिए एक महत्वपूर्ण मिक्स्ड डबल्स मैच में क्लीव हार्पर और विक्टोरिया म्बोको को 6-3, 3-6, 10-5 से हराया। बर्ग्स ने कहा कि हमें आज कुछ बड़े खिलाड़ियों और एक बड़े टेनिस देश को हराना था। हम छोटे बेल्जियम के लोग, हमें आज एक-दूसरे पर बहुत गर्व है कि हमने एक टीम के रूप में क्या किया,

खासकर चीन के साथ पहले मुश्किल मुकाबले के बाद। इसलिए हम खुश हैं और ग्रुप बहुत खुश है। बेल्जियम के खिलाड़ी आज सुबह उठे तो उन्हें पता था



कि अपना ग्रुप जीतने के लिए उन्हें कनाडा को हराना होगा। यह एक मुश्किल काम था, यह देखते हुए कि कनाडा ने चीन को हराया था, जिसने टूर्नामेंट में पहले बेल्जियम को हराया था। केन रोजवॉल एरिना के अंदर यह बात बेमानी साबित हुई, जहां बर्ग्स और मर्टेंस ने अपने यूनाइटेड कप को जदिा रखने का रास्ता खोज लिया। मर्टेंस ने कहा कि मुझे इस टीम पर 100 प्रतिशत भरोसा है और मुझे लगता है कि हम यह कर सकते हैं और हमने सच में यह किया। कुछ भी असंभव नहीं है, इसलिए हमने जो डबल्स खेला, उससे बहुत खुश हैं। हम सच में एक टीम थे, हम आगे बढ़ रहे थे।

बर्ग्स ने दिन की शुरुआत अपने करियर की सबसे बड़ी जीत के साथ की, उन्होंने वर्ल्ड नंबर 5 फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे को 6-4, 6-2 से हराया। बर्ग्स ने कहा कि परफॉर्मेंस से बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि यह हमारी ताकत भी दिखाता है। हम गिर सकते हैं, लेकिन हम वापस उठेंगे और पिछले दिन से बेहतर बनने की कोशिश करेंगे।हम यही करते हैं, और मैं अपने आस-पास ऐसी टीम पाकर बहुत शुक्रगुजार हूं। बर्ग्स ने एक घंटे 28 मिनट में अपनी दूसरी टॉप-10 जीत (2-10) हासिल की, उन्होंने 10 महीने पहले मियामी में तत्कालीन वर्ल्ड नंबर 9 आंद्रेई रुब्लेव को भी हराया था।

इससे पहले किसी बेल्जियम के खिलाड़ी ने यूनाइटेड कप में जीत हासिल नहीं की थी। बर्ग्स ने कहा कि मैं तो भूल ही गया था कि यह मेरी दूसरी टॉप-10 जीत है, तो यह सच में बहुत बड़ी बात है, खासकर जिस तरह से मैंने खेला। मैंने इसे सिर्फ एक मैच की तरह देखा। यह थोड़ा अलग फॉर्मेट है, इसलिए हम अभी भी पीछे हैं। हमें आज अभी भी बहुत सारे मैच जीतने हैं, इसलिए मेरा फोकस उसी पर था।

# हुरकाज, स्वियाटेक ने पोलैंड को क्वार्टर-फाइनल में पहुंचाया


**सिडनी, वार्ता।** ह्यूबर्ट हुरक. ाज ने बुधवार को टैलन ग्रीक्सपूर को 6-3, 7-6(4) से हराकर पोलैंड को यूनाइटेड कप के क्वार्टर-फाइनल में पहुंचा दिया। इगा स्वियाटेक ने सुजान लैमेंस को 6-3, 6-2 से हराकर मैच अपने नाम कर लिया। आज के मैच से पहले, पोलैंड को मिक्स्ड-टीम इवेंट में आखिरी आठ में अपनी जगह पक्की करने के लिए एक मैच जीतना था। इस टूर्नामेंट से पहले, हुरकाज ने जून 2025 से कोई मुकाबला नहीं खेला था क्योंकि घुटने की चोट के लिए सर्जरी की जरूरत थी।

लेकिन एटीपी रैंकिग में पहले नम्बर 6 पर रहने वाली खिलाड़ी ने नए सीजन में वर्ल्ड नम्बर 3 एलेक्जेंडर ज्वेरेव और ग्रीक्सपूर के खिलाफ सीधे सेटों में जीत हासिल करके अच्छा प्रदर्शन किया है। इसके बाद स्वियाटेक ने बिना देर किए स्कोर 2-0 कर दिया। 2025 यूएस ओपन में अपनी पहली मुलाकात में लैमेंस द्वारा तीन सेट तक धकेले जाने के बाद, स्वियाटेक ने पहले सेट में 3-3 से स्कोर को आगे बढ़ाया और आखिरी 11 में से नौ गेम जीते। पोलैंड के पहले ग्रुप-स्टेज मैच में जर्मनी की ईवा लिस के खिलाफ अपने सीजन ओपनर में सर्व पर संघर्ष करने और सात बार ब्रेक होने के बाद, स्वियाटेक ने लैमेंस के खिलाफ चीजों को काफी हद तक सुधारा और उनके खिलाफ 2-0 का स्कोर बनाया। उसने पांच होल्ड टू लव रिकॉर्ड किए, अपने 84 परसेंट फर्स्ट-सर्व पॉइंट जीते, और सिर्फ एक ब्रेक पॉइंट का सामना किया।

# राहुल की प्रतिक्रिया

यूं तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प समय-समय पर पीएम मोदी को लेकर टिप्पणी करते रहते हैं, लेकिन यह टिप्पणी विरोधाभासी ज्यादा होती हैं। वह पीएम मोदी को अपना बेहतर दोस्त भी बताते हैं, साथ ही टैरिफ आदि लगाकर ऑपरेशन सिंदूर जैसे मामलों में यह कहकर टांग फंसाते रहते हैं कि भारत-पाक के बीच संघर्ष उन्होंने ही रुकवाया था जबकि भारत बराबर उनकी बातों को नकारता रहा है, लेकिन इससे उन पर कोई फर्क पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है पिछले कुछ दिनों विशेषकर वैनेजुएला पर सर्जिकल स्ट्राइक के बाद से जिसमें उन्होंने वहां के राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार कराया है, तब से वह पीएम मोदी पर फिर से निशाना साध रहे हैं। ट्रम्प के पिछले दो दिनों में दो बयान आए हैं, जिसमें वह यह कहते दिखाई दे रहे हैं कि भारत ने उनकी इच्छा को ध्यान में रखते हुए रूस से तेल खरीदना कम कर दिया है। ऐसा कहते हुए वह यह भी नहीं भूलते कि पीएम मोदी उनके अच्छे दोस्त हैं, लेकिन उनको पता है कि रूस से तेल खरीदने व अन्य रक्षा सौदों को लेकर वह उनसे नाराज हैं और पीएम मोदी उनकी नाराजगी दूर करने के लिए ही रूस से दूरी बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसमें भी वह चेतावनी देते हैं कि अगर भारत ने रूस से तेल लेना पूरी तरह बंद नहीं किया, तो वह उस पर और टैरिफ लगाने के विषय में सोच सकते हैं। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी अपनी प्रतिक्रिया के साथ मैदान में आ गए हैं और उन्होंने बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी की लीडरशिप की तुलना पूर्व पीएम स्व. इंदिरा गांधी से कर डाली। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा है कि फर्क समझो सर जी! कैप्शन देकर शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि मोदी ट्रम्प के आगे सरेंडर हो जाते हैं, लेकिन इंदिरा गांधी ने अमेरिका को झुकाया था, उन्होंने 1971 के युद्ध की भी याद दिलाई है और कहा है कि इस युद्ध में अमेरिका ने एयरक्राफ्ट और हथियार भेजे थे, तब इंदिरा ने कहा था कि मुझे जो करना है मैं करूंगी। दूसरी तरफ पीएम मोदी हैं जो जरा सा दबाव पड़ते ही सरेंडर हो जाते हैं। राहुल गांधी ने बेबाक अंदाज में यह भी कह डाला कि वह अब इन भाजपा-आरएसएस के लोगों को अच्छी तरह से जान गए हैं। उन्हें थोड़ा धक्का दो और वह डर के मारे भाग जाएंगे। आखिर ट्रम्प चाहते क्या हैं, यह सवाल तो बनता ही है, क्योंकि मंगलवार को ही बयान में उन्होंने यह कह डाला कि एक दिन मोदी उनके पास आए थे, उन्होंने मुझसे कहा सर! क्या मैं आपसे मिल सकता हूं, मैंने कहा हां। हालांकि उन्होंने यह तो नहीं बताया कि यह बातचीत कब हुई, लेकिन जो अंदाज ट्रम्प का कहने का है वह बिल्कुल भी मर्यादित नहीं है। खासतौर से आबादी के हिसाब से दुनिया के सबसे बड़े लो. कतंत्र के प्रधानमंत्री के साथ। सब सरकारों की कूटनीति का तरीका अलग होता है, जिस तरह सरकार ट्रम्प की बातों पर चुप्पी साधे है, यह उसकी रणनीति हो, लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि जो संकेत जा रहा है वह ठीक नहीं है।

## बांग्लादेश सरकार गंभीर नजर नहीं आती



बंगलादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को लेकर वहां की सरकार गंभीर नजर नहीं आती है, किसी भी देश की आंतरिक राजनीतिक अस्थिरता, प्रशासन की नाकामी या वैचारिक बदलाव किसी भी समुदाय पर हिंसा और उत्पीड़न को सही नहीं ठहरा सकते, यह चिंताजनक है कि किसी अन्य देश की आंतरिक अव्यवस्था का खामियाजा भारतीयों और विशेषकर हिंदुओं को भुगतना पड़ रहा है, मानवाधिकारों और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को कभी भी राजनीतिक अराजकता की बलि नहीं चढ़ाया जा सकता, अंतर्राष्ट्रीय मानकों और मानवीय मूल्यों को देखते हुए बंगलादेश सरकार अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास करे।

**-रॉबर्ट वाड्रा, भारतीय उद्योगपति**

# इंडिगो प्रकरण में नियामक सुस्ती बनी गलत मिसाल



रजनीश कपूर




साल 2025 नागरिक उड्डयन की दृष्टि से सबसे बुरा साल बीता। एयर इंडिया का दर्दनाक हादसा हो या इंडिगो का एफडीटीएल संकट, दोनों ने ही भारत का नाम दुनिया के सिविल एविएशन सेक्टर में बदनाम किया है। वहीं सरकार और नियामक (डीजीसीए व नागर विमानन मंत्रालय) की देरी, आधे-अधूरे कदम और चेतावनियों तक सिमटी कार्रवाई ने हालिया एफडीटीएल प्रकरण के बाद इंडिगो को बेवजह समय, स्पेस और नैरेटिव तीनों में फायदा पहुंचाया है। सरकार का यही ढीलापन पिछले मामलों में भी दिखा, जिसने निजी एयरलाइंस को यह संदेश दिया कि यदि आपके 'संपर्क' सही हैं तो बड़े अपराधों पर भी अंतत: 'नोटिस और चेता. वनी' से काम चल सकता है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा नए एफडीटीएल नियमों की प्रभावी तारीख काफी पहले से तय और सार्वजनिक थी, फिर भी न तो इंडिगो ने पर्याप्त पायलट और स्टाफिंग तैयार की और न ही डीजीसीए ने समय से सख्त अनुपालन की मॉनिटरिंग की। परिणाम यह हुआ कि नवंबर. दिसंबर में हजारों फ्लाइट्स प्रभावित हुईं, पर नियामक की शुरुआती भूमिका दिखावटी ऑडिट, 'विशेष निरीक्षण' और ऑपरेशनल रियायतों तक सीमित रही, न कि कठोर दंडात्मक कार्रवाई तक। इस देरी ने इंडिगो को दो स्पष्ट लाभ दिए, संकट के दौरान पब्लिक आक्रोश ठंडा पड़ने तक कोई बड़ी पेनल्टी या उड़ान-सीमिती नहीं लगी, जिससे कंपनी को रिकवरी का वक्त मिला। डीजीसीए द्वारा 'रिकवरी रोडमैप', 'विशेष ऑडिट' और भविष्य की निगरानी जैसी भाषा ने यह संकेत दिया कि मामला बातचीत और सुधार योजनाओं से सुलझ जाएगा, न कि लाइसेंस या स्लॉट पर त्वरित प्रहार से। एफडीटीएल नियमों के मसौदे के समय से ही विशेषज्ञों और पायलट प्रति. निधियों ने आगाह किया था कि अगर एयरलाइंस ने समय पर भर्ती व रोस्टर सुधार नहीं किए, तो पायलट थकान और ऑपरेशनल कोलैप्स का जोखिम बढ़ेगा। डीजीसीए की जिम्मेदारी सिर्फ नियम बनाना नहीं, बल्कि समयबद्ध ट्रांजिशन सुनिश्चित करना भी थी, खासकर उस एयरलाइन पर जो घरेलू बाजार की सबसे बड़ी हिस्सेदारी रखती है और जिसके फेल होने से पूरा सिस्टम झटके में आ सकता है। इसके बावजूद, डीजीसीए ने इंडिगो की विंटर शेड्यूल मंजूर करते समय एफडीटीएल कंप्लायंस की रियलिस्टिक क्षमता पर कठोर स्ट्रेस टेस्ट नहीं किया।नवंबर से ही बढ़ती देरी, कैंसिलेशन और 'फैक्चर्ड रोस्टर' की शिकायतों के बावजूद समय रहते दंडात्मक हस्तक्षेप नहीं हुआ। चेतावनियां और अपीलें ज्यादा दिखीं, प्रतिबंध कम। ऐसा नहीं है कि यह पहली बार हुआ। नोटिस, चेतावनी, 'कड़ी निगरानी में लिया गया है' जैसे वाक्य, दोषी प्रबंधन पर त्वरित नजीर-स्थापित करने वाला प्रहार नहीं। जब सिस्टम बार-बार इसी पैटर्न पर चलता है, तो यह एक खघ्तरनाक मिसाल बन जाता है। यानी नियम तोड़ो, संकट खड़ा करो, फिर बातचीत और लॉबिंग से मामला नरम करवा लो। वहीं दूसरी ओर दिलचस्प और चिंताजनक तथ्य यह है कि डीजीसीए व मंत्रालय छोटी या अपेक्षाकृत सीमित प्रभाव वाले उल्लंघनों पर तुरंत और बड़ी सखघ्ती दिखाने में पीछे नहीं रहते। एयर इंडिया पर सिर्फ एक फर्स्ट ऑफिसर की 'रेसेन्सी' न होने के बावजूद फ्लाइट ऑपरेट करने के मामले में 30 लाख रूपए का जुर्माना और रोस्टरिंग अधिकारियों पर सखघ्त अनुशासनात्मक कार्रवाई का आदेश दिया गया। एयर इंडिया व्हीलचेयर सेवा में चूक और लो-विजिबिलिटी ट्रेनिंग की कमी जैसे मामलों में भी 30-30 लाख के जुर्माने झेल चुकी है, साथ ही पायलट सस्पेंशन और अन्य कार्रवाइयां भी हुई। बोइंग के विमान पर बिना अनुमति विशिष्ट बाहरी लिवरी पेंट करने जैसे अपेक्षाकृत 'टेक्निकल' उल्लंघन पर भी एयर इंडिया पर 30 लाख का दंड लगाया गया। इतना ही नहीं संसद में इसे सख्त एन्फोर्समेंट का उदाहरण बता कर पेश भी किया गया। वहीं इसके उलट, इंडिगो के एफडीटीएल संकट जैसा गंभीर मामला, जिसमें पूरे नेटवर्क में हजारों यात्रियों की यात्रा, समय, स्वास्थ्य और आर्थिक हित प्रभावित हुए, अब तक मुख्यत: ऑडिट, चेतावनी, भविष्य में कड़ी कार्रवाई की धमकी और 'रिकवरी प्लान' तक सीमित दिखता है, न कि तत्काल और उच्च-स्तरीय दंड तक। नागर विमानन मंत्रालय और डीजीसीए दोनों अक्सर डेटा दिखाते हैं कि हर साल सैकड़ों इनफोर्समेंट एक्शन लिए जाते हैं, जिसमें चेतावनी, सस्पेंशन, कैंसिलेशन और आर्थिक दंड शामिल हैं। लेकिन कागजी कार्रवाई और वास्तविक नजीर के बीच एक बड़ा एग्जिक्यूशन गैप है। हाल के वर्षों में 500-600 से अधिक एन्फोर्समेंट एक्शन हर साल दर्ज हुए, पर इनमें बड़ी एयरलाइंस के टॉप मैनेजमेंट पर सीधे प्रहार करने वाले केस बहुत कम हैंय ज्यादातर चेतावनी, मामूली जुर्माना या मिड.लेवल अफसरों पर जिम्मेदारी तक सिमटे दिखते हैं।डीजीसीए ने कई मौकघें पर एयरलाइंस को भविष्य में 'किसी भी उल्लंघन पर सखघ्त कार्रवाई' की चेतावनी दी, लाइसेंस निलंबन तक की धमकी दी, पर बड़े संकटों के बाद वास्तविक लाइसेंस स्तर की कार्रवाई विरले ही देखी गई। इंडिगो संकट में भी, मंत्री स्तर पर ऐसी मिसाल बनाएंगे कि कोई दोबारा हिम्मत न करे जैसे बयान दिए गए, पर जमीनी स्तर पर जो दिखा, वह था, शो कॉज नोटिस, समीक्षा बैठकें, सिस्टम सुधार और आगे की निगरानी। इस अंतर ने संदेश साफ कर दियारू कड़े शब्द, नरम दंड। यदि भारतीय एविएशन में नियम सिर्फ पायलट की नींद और कानून की किताब में लिखे घंटों तक सीमित नहीं, बल्कि यात्री के अधिकार, सार्वजनिक सुरक्षा और बाजार अनुशासन से जुड़े हैं, तो फिर चुनिंदा सख्ती से आगे जाना ही होगा।डीजीसीए और नागरिक उड्डयन मंत्रालय को बड़े 'ऑपरेशनल फियास्को', जैसे एफडीटीएल संकट, व्यापक क्रू थकान या जानबूझकर की गई शेड्यूलिंग हेरफेर पर सीधे टॉप मैनेजमेंट और बोर्ड स्तर तक दंडात्मक कार्रवाई करनी चाहिए, जिसमें भारी आर्थिक जुर्माना, स्लॉट कटौती और नए रूट अनुमोदनों पर अस्थाई रोक शामिल हो।चेतावनी और नोटिस को केवल प्रारंभिक कारवाही ही बनाया जाए। एक बार सिस्टमिक गलती सिद्ध हो जाए, तो 'ग्रेजुएटेड पेनल्टी' के तहत स्वचालित और समयबद्ध दंड लागू हो, ताकि न तो राजनीतिक इच्छा पर निर्भरता रहे और न ही लॉबिंग के लिए मौका बचे। मंत्रालय को भी अपने भीतर जवाबदेही तय करनी होगी। जब एक साल पहले से ज्ञात नियम लागू होते समय ध्वस्त हो जाते हैं, तो सिर्फ एयरलाइन नहीं, उस नियम-निर्माण और निगरानी ढांचे पर भी कार्रवाई हो। इंडिगो संकट और एफडीटीएल विवाद ने दिखा दिया कि नियामक और सरकार की सुस्ती सिर्फ एक निजी एयरलाइन की मदद नहीं करती, वह पूरी इंडस्ट्री को गलत संकेत देती है, कि बड़ा खिलाड़ी बन जाओ, फिर बड़े अपराध भी मैनेज हो सकते हैं। अगर यह पैटर्न नहीं टूटा, तो अगली दुर्घटना या संकट के समय केवल पायलट, क्रू और यात्रियों को दोषी ठहराना न केवल अन्याय होगा, बल्कि सच से भी भागना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इस एक्सरसाइज से मिलेगी हाथ-पांव को राहत

**हाथों से पैर के तलवों पर रोजाना ताली बजाने से पैरों की नसें खुलती हैं और ब्लड फ्लो में सुधार होता है। बता दें कि पैरों में कई ऐसे एक्यूप्रेशर पॉइंट्स होते हैं, जो शरीर के कई अंगों से जुड़े होते हैं। हाथों से पैर के तलवों पर ताली बजाने से यह एक्यूप्रेशर पॉइंट्स एक्टिव होते हैं। जिससे आपका स्वास्थ्य अच्छा रहता है। रोजाना इस एक्सरसाइज का अभ्यास करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को फायदा मिलता है। इससे दिमाग शांत रहता है और शरीर को आराम मिलता है। ताली बजाने से शरीर में एंडोर्फिन और सेरोटोनिन नामक हार्मोन रिलीज होते हैं। जो हमारे मूड को सही रखने में मदद करते हैं।**

आज के समय में हेल्थ और फिटनेस को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ी है। ऐसे में लोग फिट और हेल्दी रहने के लिए रोजाना एक्सरसाइज और योग आदि करते हैं। ऐसे में अगर आप भी लंबे समय तक फिट और हेल्दी रहना चाहते हैं, तो खान-पान में पोषक तत्व और रोजाना एक्सरसाइज के साथ कुछ देर ताली जरूर बजाएं। भले ही आपको यह सुनने में थोड़ा अजीब लग रहा हो, लेकिन ताली बजाकर आप खुद को कई बीमारियों से दूर रख सकते हैं। इससे न सिर्फ आपका शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है। हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो हाथों से पैरों पर ताली बजाने से गॉल ब्लैडर, किडनी, लिवर, हार्ट, आंख, ब्रेन, पैंक्रियास जैसे आंतरिक अंगों और पूरे शरीर का बल्ड सर्कुलेशन अच्छा होता है और शरीर में एनर्जी बनी रहती है। इस एक्सरसाइज को करने से शरीर के हर अंग को पोषण मिलता है और आप सेहतमंद बने रहते हैं। साथ ही इससे डायबिटीज और ब्लड प्रेशर को अच्छे से कंट्रोल किया जा सकता है और दिल और किडनी संबंधित बीमारियों का खतरा भी कम होता है।

**ब्लड सर्कुलेशन में होगा सुधार**

हाथों से पैर के तलवों पर रोजाना ताली बजाने से पैरों की नसें खुलती हैं और ब्लड फ्लो में सुधार होता है।

**एक्टिव होते हैं एक्यूप्रेशर पॉइंट्स**

बता दें कि पैरों में कई ऐसे एक्यूप्रेशर पॉइंट्स होते हैं, जो शरीर के कई अंगों से जुड़े होते हैं। हाथों से पैर के तलवों पर ताली बजाने से यह एक्यूप्रेशर पॉइंट्स एक्टिव होते हैं। जिससे आपका स्वास्थ्य अच्छा रहता है।

**रिलैक्स होंगे आप**

रोजाना इस एक्सरसाइज का अभ्यास करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को फायदा मिलता है। इससे दिमाग शांत रहता है और शरीर को आराम मिलता है।

**कम होगा तनाव**

ताली बजाने से शरीर में एंडोर्फिन और सेरोटोनिन नामक हार्मोन रिलीज होते हैं। जो हमारे मूड को सही रखने में मदद करते हैं। साथ ही इस एक्सरसाइज को रोजाना करने से एंग्जायटी और डिप्रेशन जैसी समस्या से निपटने में मदद मिलती है और मन में निगेटिव विचार नहीं आते हैं। यह एक्सरसाइज करने से ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है।



**पैरों दर्द से राहत**

इस एक्सरसाइज को करने से पैर की मसल्स का तनाव दूर होता है। जिससे पैर दर्द से राहत मिलती है।

**इम्यूनिटी होती है मजबूत**

अगर आप भी अपनी इम्यूनिटी को बूस्ट करना चाहते हैं, तो आपको रोजाना इस तरह से ताली बजाना चाहि। इससे शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है और शरीर के सभी अंग तेजी से काम करने लगते हैं।

**बढ़ने लगती है याद्दाश्त**

बता दें कि भूलने की आदत से परेशान रहने वाले व्यक्ति को रोजाना ताली बजानी चाहिए। इससे याददाश्त अच्छी होती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि हाथ की नसों का संबंध ब्रेन से होता है।

**ताली बजाने की विधि**

इसके लिए सबसे पहले पीठ को सीधा करके बैठ जाएं।
फिर वज्रासन अवस्था में बैठें।
अब दाएं पैर को बाएं पैर के ऊपर रखकर बैठ जाएं।
फिर दोनों हाथों से तलवे पर टैप करें।
इस प्रक्रिया को रोजाना 10 मिनट करें।

**...साभार**


# वर्चुअल दुनिया में पनप रहे झूठे रिश्ते

सोशल मीडिया, मोबाइल एवं संचार-क्रांति से दुनिया तो सिमटती जा रही लेकिन रिश्तों में फासले बढ़ते जा रहे हैं। भौतिक परिवर्तनों, प्रगति के आधुनिक संसाधनों एवं तथाकथित नए जीवन का क्रांतिकारी दौर हावी हैं। लेकिन हम सामा. जिक-पारिवारिक-सांस्कृतिक प्रभावों के प्रति उतने सजग नहीं है जितना बदलावों की आंधी के दौर में होना चाहिए। मोबाइल ने छीन रखा है सबका सुकून, जीवन का आनन्द एवं शांत एवं संतुलित जीवन का स्रोत। व्हाट्सअप, फेसबुक, इंस्टाग्राम ने चला रखा है अजीब जादू? हाथ मैं मोबाइल, सामने लगा रहे टीवी- बस यहीं बन चुकी है सबकी जिन्दगी। आज किसी भी घर के वातायन में झांककर देख लें-दु:ख, चिन्ता, कलह, ईर्ष्या, घृणा, उन्मुक्तता, पक्षपात, विरोध, विद्रोह एवं रुखापन के साए चलते हुए दीखेंगे। अपनों के बीच भी पराएपन का अहसास पसरा हुआ। बड़ी चुनौतीपूर्ण स्थिति है, खुद पर तरस खाओ, रिश्तों को सम्भालों वरना अकेले रह जाओगे, जिन्दगी भर पछताओगे। ऐसे ही एक अभिभावक के लिए पछतावे की स्थिति तब बनी जब उन्होंने अपनी किशोरी को स्मार्ट फोन दिलाया। पिता ने सोचा था कि मोबाइल से पढ़ाई में सहायता होगी। जब उन्होंने देखा कि बेटी पढ़ाई के बजाय अक्सर किसी अजनबी युवक से बात करती है तो टोका। यह बात किशोरी को इतनी नागवार गुजरी कि वह शिकायत लेकर बुधवार को थाने पहुंच गई। माता-पिता की डांट फटकार से नाराज कोई बच्चा यदि थाने पहुंचता है तो इसे बाल अधिकारों के प्रति उसकी जागरूकता से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन लखनऊ की यह किशोरी जिस शिकायत का लेकर थाने पहुंच गई वह अनेक चिंताजनक सवाल खड़े करता है एवं नए बनते सामाजिक सोच की परते उधेड़ता है। बालिका का तर्क है कि माता-पिता मेरी जिंदगी में क्यों दखल दे रहे हैं।

हमारे अनुभव हमारी सोच को गहरे प्रभावित करते हैं। हमारे मूल्य और आदर्श भी इससे प्रभावित होते हैं। नित नए अनुभव हमारे नजरिए में बदलाव करते रहते हैं। अगर निरपेक्ष होकर देखें तो पाएंगे कि कुछ सालों पहले आप जैसे थे, आपकी पारिवारिक दुनिया जितनी खुशनुमा थी, आज उतनी नहीं है। हम अपने स्व को भूल रहे हैं, अपनी संस्कृति एवं पारिवारिक संरचना से दूर होते जा रहे हैं। अपने सिद्धांतों और आदर्शों से समझौता करने लगे हैं। अजीब हालात है कि दूसरों की खबर लेने का वक्त है पर अपनों की होश नहीं। दुनियाभर के दोस्तों से दुआ सलाम सब हो रहा, लेकिन अपने से दूरियां बढ़ती जा रही है। अपनों को पराया और पराया को अपना कर रहे देखिए किस तरह सब हो रहे। साथ होकर भी साथ नहीं, अपनों के लिए वक्त नहीं। तनहा हो गए सब एक ही घर में। साथ अपना होकर भी बाहर सब साथी ढूंढ रहे हैं। न सीमाएं है, न संस्कार, न मर्यादा। उच्छृंखलता एवं उन्मुक्तता इस कदर हावी है कि माता-पिता का किसी गलत बात पर डांटना भी बच्चों के लिए अपराध जैसा हो गया है, तभी इसकी शिकायत यानी अपने माता-पिता को ही पुलिस थाने पहुंचा दिया गया और वह भी एक बालिका के द्वारा।

प्रश्न है कि किशोर-किशोरियां में अपने माता-पिता के प्रति इस तरह के भाव-विचार-विद्रोह क्यों पैदा हो रहे हैं। बच्चों व अभिभावकों के बीच दूरियां क्यों बढ़ रही है? जवाब हर परिस्थिति में अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन समग्रता का सार यह है कि किसी बच्चे के सकारात्मक विकास के लिए परिवार, पड़ोस और विद्यालय से जो संस्कार मिलने चाहिए, वे नहीं मिल रहे हैं। बल्कि अपसंस्कृति एवं विकारों के प्रति चेतना का भी ह्रास हो रहा है। वास्तव में आज मोबाइल फोन महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इसके उपयोग को लेकर हमें बच्चों को सतर्क करना होगा। बच्चों को फोन दिलाना यदि जरूरत है तो इसके अच्छे-बुरे का संस्कार देना कर्तव्य। वह जिम्मेदारी परिवार, पड़ोस और विद्यालय की सामूहिक है।

माता-पिता इनदिनों सोशल मीडिया पर बह रही रिश्तों की अंधी दुनिया से ज्यादा चिन्तीत एवं परेशान है। क्योंकि वहां पर दिखने वाले खुशनुमा चेहरे वास्तविक जिंदगी में शायद ही उतने खुशनुमा होते हैं। लेकिन किशोर पीढ़ी तस्वीरों को ही सच मानकर खुद को उनमें संलिप्त कर लेती हैं। यह सम्पूर्ण पीढ़ी सच का सामना ही नहीं करना चाहती। दरअसल, सोशल मीडिया की दृष्टि से जब किशोर बड़े हो रहे होते हैं तो उन्हें झूठ से भरी चीजों पर यकीन करना सिखाया जाता है, अपने संस्कृति, अपनी परम्परा एवं अपनी जीवनशैली से एक षडयंत्र के तहत दूर करने की इन कुचेष्ठाओं के प्रति सचेत करना नितान्त अपेक्षित है, भले ही कोई किशोरी पुलिस का डर दिखाए। सोशल मीडिया किशोर पीढ़ी को यह सोचने पर मजबूर करता है कि उनके पास विकल्प नहीं हैं और उन्हें उनके साथ हो रही सभी चीजों को स्वीकार करके उनसे तालमेल बिठा लेना चाहिए। लेकिन, हर चीज इसी तरह से काम नहीं करती। हमारे आसपास कोई भी चीज आदर्श नहीं है और ना ही सोशल मीडिया का तिलिस्मी संस्कार। एक तरह से सोशल मीडिया एक नशा है, एक अभिशाप है, जिसने जीवन के सौन्दर्य को खंडित किया है। जीवन में चमकपूर्ण उदासी एवं तनाव को बिखेरा है। इसके कारण कभी लोग छूट जाते हैं तो कभी वस्तुएं। खुद को संभाले रखना जटिल होता जा रहा है। समझ नहीं आता, करें तो क्या? पिछले एक दशक में सोशल नेटवर्किंग साइट्स एवं स्मार्ट फोन की लोकप्रियता जबरदस्त बढ़ रही हैं तो जिन्दगी में जहर भी घोल रही है, दुनिया छोटी होती गई है और पारिवारिक रिश्तों में दूरियां बढ़ती गई है। लोग अपने जिंदगी के हर पहलू पर अपने लोगों की नहीं पराए लोगों की राय, उनकी पसंद और उनकी रूचि जानना चाहते हैं। वीडियो, संदेश, पिक्चर्स, रिकार्डेड आवाज के जरिए ज्यादा से ज्यादा लोग आपस में जुड़े हैं। परंतु क्या इस बात से आप भी सहमत हैं कि इस जुड़ाव में न तो विश्वास है, न अपनापन है, न आत्मीयता है और न ही असली रूचि, न ही रिश्तों की गर्माहट, बल्कि भौतिक चकाचौंध, प्रतिस्पर्धा और जलन अधिक है? शुरुआत में नई उम्र के लोग सोशल मीडिया से जुड़े और धीरे-धीरे बड़ी उम्र के लोग भी इससे जुड़ते गए, अब महिलाएं भी बड़ी संख्या में जुड़ चुकी है। मजाक में कहा जाता है कि पूरे परिवार को एक साथ बातचीत के लिए इकट्ठा करना हो तो वाई फाई थोड़ी देर के लिए बंद कर दो।



सोशल मीडिया एवं स्मार्ट फोन एक ऐसी दुनिया से लोगों को जोड़ रहा है जो नजर से बहुत दूर हैं और उन अपनों से भी दूर कर रहा है जो नजर के सामने हैं। रिश्तों की हो या फिर चीजों की पोटली, इसमें ज्यादातर गैरजरूरी चीजें ही भरने का प्रचलन चल रहा है। अपनी जरूरतों का सामान जोड़ना और उन्हें अपने साथ रखना जरूरी है, पर कुछ भी लिए रहना या किसी भी तरह के रिश्तों को ढोते रहना हमें थका देता है, परेशानी एवं संकट में डाल देता है। जरूरी कामों को किनारे कर कई बार जिंदगी को मुश्किल बना देता है। जबकि आत्मीय एवं पारिवारिक रिश्तों के बल पर हम अंधेरों में भी रोशनी ढूंढ़ लेने में समर्थ होते रहे हैं। बाधाओं के बीच विवेक जगा लेते थे, ऐसे घरों एवं दायरों में कहीं घर में मंदिर बनता रहा है तो कहीं घर ही मन्दिर बन जाता था।

जहां समस्याओं की भीड़ नहीं, वैचारिक वैमनस्य का होलाहल नहीं, संस्कारों के विघटन का प्रदूषण नहीं, तनावों के त्रासदी की घुटन नहीं। लेकिन अब ऐसा नहीं हो पा रहा है, जिन्दगी स्वयं एक समस्या बन गई है, टूटते-बिखरते रिश्तों के बीच मूल्य भी टूट रहे हैं, संस्कृति भी कराह रही है। अपनी ही नजरों में हीन करने की यह चेष्टा है, यह भ्रम एवं दिखावे की दुनिया है, यह बाजारवाद है। कई बार संबंधों को ठीक करना भी हमारे वश में नहीं होता। ऐसे में आपको दुखी होने के बजाय स्थिति को स्वीकार कर लेना आपकी मजबूरी होती है।

**...साभार**



अनंतनाग। बिजबेहरा स्थित दारा शिकार पार्क में अपने पिता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की पुण्यतिथि पर उनकी समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करती पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती।

## भारत जैव-बिटुमेन का व्यावसायिक उत्पादन करने वाला दुनिया का पहला देश बनाः गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि भारत जैव-बिटुमेन का व्यावसायिक उत्पादन करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। गडकरी ने बुधवार को यहां वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद के प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समारोह 'फ्रॉम फार्म रेजड्यू टू रोडः पायरोलिसिस के माध्यम से बायो-बिटुमेन' को संबोधित करते हुए इस उपलब्धि को भारत के सड़क बुनियादी ढांचे के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया।

## थाइलैंड के साथ शांति बहाली के लिए कंबोडिया प्रतिबद्धः हून सेन

**फ्नोम पेन्ह।** कंबोडिया की सत्ता पर काबिज कंबोडियन पीपल्स पार्टी (सीपीपी) के अध्यक्ष सैमडेक टेको हून सेन ने बुधवार को कहा कि उनका देश थाईलैंड के साथ संघर्षविराम लागू करने और दोनों देशों के बीच शांति बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है। हून सेन ने कहा कि कंबोडिया और थाईलैंड के बीच शांति बहाल होने से पूरे क्षेत्र में अमन, सुरक्षा, स्थिरता और खुशहाली को भी बढ़ावा मिलेगा। हून सेन सत्तारूढ़ दल के अध्यक्ष होने के साथ-साथ कंबोडिया की सीनेट के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण समाधान हासिल करने में भागीदारी निभाने और सक्रिय सहायता देने के लिए कंबोडिया सभी मैत्री देशों और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के प्रति गहरा आभार व्यक्त करता है।


# अब वेनेजुएला के गृहमंत्री ट्रम्प के निशाने पर

## कहाः काबेलो अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज से मिलकर वाशिंगटन की शर्तें मानें और शांति बनाए रखें

**वाशिंगटन।** मादुरो को सत्ता से हटाने के बाद ट्रम्प के निशाने पर वेनेजुएला के गृह मंत्री और सुरक्षा प्रमुख डियोसदादो काबेलो आ गए हैं। अमेरिका चाहता है कि काबेलो अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज के साथ मिलकर वाशिंगटन की शर्तें मानें और देश में शांति बनाए रखें। अगर काबेलो ने सहयोग नहीं किया, तो अमेरिका उनके खिलाफ भी कार्रवाई कर सकता है।

अमेरिका ने बिचौलियों के जरिए काबेलो को चेताया है कि अगर उन्होंने विरोध किया, तो उनका हश्र भी मादुरो जैसा हो सकता है। जिन्हें हाल ही में अमेरिका ने गिरफ्तार कर न्यूयार्क ले जाकर मुकदमा शुरू किया है। हालांकि, अमेरिका फिलहाल काबेलो को तुरंत हटाना नहीं चाहता, क्योंकि ऐसा करने से सरकार समर्थक गुट सड़कों पर उतर सकते हैं और हालात बिगड़ सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका एक तरफ काबेलो (बाएं) से सहयोग कराने की कोशिश कर रहा है, तो दूसरी तरफ भविष्य

■ अगर काबेलो ने सहयोग नहीं किया, तो अमेरिका उनके खिलाफ भी कार्रवाई कर सकता है



में उन्हें सत्ता से हटाकर देश से बाहर भेजने के विकल्प भी तलाश रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी प्रशासन को विपक्ष पर भरोसा नहीं है। उसे लगता है कि विपक्ष इस समय शांति नहीं रख पाएगा। अमेरिका चाहता है कि हालात काबू में रहें ताकि उसकी तेल कंपनियों को वेनेजुएला में काम करने का मौका मिले और अमेरिकी सेना भेजने की जरूरत न पड़े। मादुरो की गिरफ्तारी के बाद विपक्षी नेता मारिया मचाडो को देश की सत्ता सौंपने की खबरें थी।

हालांकि ट्रम्प प्रशासन ने इसे नकारते हुए उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को ही वेनेजुएला की सत्ता सौंपने का समर्थन किया। फिलहाल अमेरिका डेल्सी रोड्रिग्ज को मादुरो के बाद सबसे अहम चेहरा माना जा रहा है। अमेरिका की डेल्सी से मांग है कि तेल सेक्टर खोला जाए, ड्रग तस्करी रोकी जाए, क्यूबा के सुरक्षा कर्मी हटें और ईरान से रिश्ते तोड़े जाएं। डेल्सी रोड्रिग्ज ने 5 जनवरी को नेशनल असेंबली की बैठक के दौरान वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। डियोसदादो काबेलो वेनेजुएला की सत्ता व्यवस्था का ऐसा नाम हैं, जिनकी ताकत और भूमिका को देश के भीतर और बाहर दोनों जगह गंभीरता से लिया जाता है। रायटर्स के मुताबिक, काबेलो पूर्व राष्ट्रपति ह्यूगो चावेज के करीबी रहे हैं और मादुरो शासन में उन्हें सत्ता का सबसे सख्त चेहरा माना गया। फिलहाल वे देश के गृह मंत्री हैं और आंतरिक सुरक्षा, पुलिस और खुफिया एजेंसियों पर उनकी मजबूत पकड़ है।

# ग्रीनलैंड पर कब्जे के लिए सेना भेजेंगे ट्रम्प !

## व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलीन लेविट ने इसे अमेरिकी सुरक्षा के लिए अहम बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी प्रशासन ने एक बार फिर ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कही है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलीन लेविट ने इसे अमेरिकी सुरक्षा के लिए अहम बताया। उन्होंने कहा कि उनकी टीम इसे साकार करने के कई तरीके तलाश रही है, जिनमें सैन्य बल का इस्तेमाल भी शामिल है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कई बार ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कह चुके हैं। ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ग्रीनलैंड बहुत जरूरी है। वहां पर रूसी और चीनी जहाजों की मौजूदगी चिंता की बात है।

उन्होंने कहा था कि वह 20 दिन में ग्रीनलैंड पर बात करेंगे। ग्रीनलैंड, डेनमार्क का एक स्वायत्त इलाका है, जो नाटो का हिस्सा भी है। यहां पर डेनमार्क के करीब 200 सैनिक तैनात हैं। व्हाइट हाउस ने भले ही ग्रीनलैंड पर कब्जे के लिए सेना का इस्तेमाल पर विचार करने की बात कही है, हालांकि अमेरिकी विदेश मंत्री की सोच इससे अलग है। रायटर्स के मुताबिक विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने बताया कि प्रशासन का इरादा ग्रीनलैंड पर हमला करने का नहीं है, बल्कि डेनमार्क से इसे खरीदने का है। एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने रायटर्स से कहा कि विकल्पों में सीधे खरीद या ग्रीनलैंड के साथ विशेष समझौता शामिल है और अमेरिका ग्रीनलैंड के लोगों के साथ फायदेमंद रिश्ते बनाना चाहता है। वहीं, ट्रम्प के वरिष्ठ सलाहकार स्टीफन मिलर ने सीएनएन को दिए इंटरव्यू में कहा कि अमेरिकी सरकार चाहती है कि ग्रीनलैंड अमेरिका का हिस्सा हो। साथ ही भविष्य में कोई भी देश ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका से नहीं उलझे। ट्रम्प के पहले कार्यकाल में ग्रीनलैंड को लेकर ट्रम्प की इच्छा को मजाक समझा गया था। सीएनएन के मुताबिक, ग्रीनलैंड पर कंट्रोल की बात को राष्ट्रपति की बेफिजूल बकवास माना गया था। पिछले साल, डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ग्रीनलैंड की औपचारिक यात्रा की थी। इस समय भी अमेरिका की ट्रोलिंग की गई थी। यूरोपीय नेताओं ने कहा कि अब वे ट्रम्प की धमकियों को गंभीरता से ले रहे हैं। वेनेजुएला के राष्ट्रपति को अगवा करने के बाद ट्रम्प सरकार अब पूरे वेस्टर्न हेमिसफेयर को ट्रम्प का इलाका मानने लगी है। ट्रम्प प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी स्टीफन मिलर ने सोमवार को सीएनएन पर कहा कि अमेरिका अब ताकत से चलने वाली नियमों का पालन कर रहा है। ग्रीनलैंड की अपनी कोई सेना नहीं है। उसकी रक्षा और विदेश नीति की जिम्मेदारी डेनमार्क की है। यह डेनमार्क का एक स्वायत्त क्षेत्र है। यहां का अबादी महज 57 हजार है। 2009 के बाद, ग्रीनलैंड सरकार को तटीय सुरक्षा और कुछ विदेशी मामलों में छूट मिली है, लेकिन रक्षा और विदेश नीति के मुख्य मामले अभी भी डेनमार्क के पास हैं। अमेरिकी सैनिक-अमेरिका का पिटुफिक स्पेस बेस (थुले एयर बेस)। ग्रीनलैंड के उत्तर-पश्चिम में स्थित यह बेस अमेरिका चलाता है। यह बेस मिसाइल चेतावनी सिस्टम और स्पेस मानिटरिंग के लिए इस्तेमाल होता है। एनवाइट के मुताबिक यहां करीब 150 से 200 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। ये मिसाइल चेतावनी, स्पेस निगरानी और आर्कटिक सुरक्षा के लिए हैं। यह अमेरिका का सबसे उत्तरी सैन्य अड्डा है। डेनिश सैनिक- डेनमार्क की जाइंट आर्कटिक कमांड ग्रीनलैंड में काम करती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यहां कुल करीब 150 से 200 डेनिश सैन्य और सिविलियन कर्मी हैं। जो निगरानी, सर्च एंड रेस्क्यू, और संप्रभुता की रक्षा करते हैं। इसमें प्रसिद्ध सीरियस डाग स्लेज पेट्रोल (एक छोटी एलीट यूनिट, करीब 12-14 लोग) भी शामिल है, जो कुत्तों की स्लेज से लंबी गश्त करती है।



■ ग्रीनलैंड, डेनमार्क का एक स्वायत्त इलाका है, जो नाटो का हिस्सा भी है

## कोलंबिया के राष्ट्रपति की ट्रम्प को धमकी

**बोगोटा।** वेनेजुएला में अमेरिका की सैन्य कार्रवाई के बाद वाशिंगटन और लैटिन अमेरिका के देशों के रिश्तों में भारी तनाव पैदा हो गया है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो खुलकर अमेरिका के खिलाफ आ गए हैं। पेट्रो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को सीधी चुनौती देते हुए कहा है कि अगर हिम्मत है तो उन्हें गिरफ्तार करके दिखाएं। उन्होंने कहा कि वह कोलंबिया में ही मौजूद हैं और अमेरिका का इंतजार कर रहे हैं। पेट्रो के इस बयान ने पूरे लैटिन अमेरिका में सियासी हलचल तेज कर दी है। उन्होंने यह बयान वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार करने के बाद दिया। गौरतलब है कि मादुरो भी अगस्त 2025 में डोनाल्ड ट्रम्प को इसी तरह की चुनौती दे चुके हैं। मादुरो ने कहा था कि अगर हिम्मत है तो अमेरिका आकर उन्हें गिरफ्तार करे। इसके जवाब में अमेरिका ने मादुरो की गिरफ्तारी पर घोषित इनाम की राशि और बढ़ा दी थी। पेट्रो ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने कोलंबिया या उसके आसपास के इलाकों में सैन्य हमला किया तो इसके गंभीर नतीजे होंगे। पेट्रो के मुताबिक, अमेरिकी बमबारी की स्थिति में गांवों में रहने वाले किसान हथियार उठा सकते हैं।

■ कहाः हिम्मत है, तो मुझे पकड़कर दिखाओ, वेनेजुएला के राष्ट्रपति ने भी ऐसी धमकी दी थी

## नरम पड़ा मेक्सिको कहाः अमेरिका से बातचीत को तैयार

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने कहा है कि मेक्सिको के अपने सिद्धांत हैं, जिन पर वह चलता है लेकिन वह हमेशा अमेरिका के साथ अपने मसले सुलझाने के लिए बातचीत का पक्षधर है। सुशिनबाम की यह प्रतिक्रिया अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस हालिया सुझाव के बाद आई है, जिसमें उन्होंने नशीली दवाओं की तस्करी से निपटने में मदद के लिए अमेरिकी सैनिकों को भेजने की बात कही थी। उन्होंने देश में किसी भी तरह के विदेशी हस्तक्षेप को मंगलवार को सिरे से खारिज कर दिया। अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन के दौरान सुशिनबाम ने मादक पदार्थों की तस्करी से प्रभावी ढंग से लड़ने के लिए साझा जिम्मेदारी और राष्ट्रीय संप्रभुता के प्रति अटूट सम्मान के ढांचे के भीतर बातचीत और द्विपक्षीय सहयोग की वकालत की। मेक्सिको प्रमुख के अनुसार वह वाशिगटन के साथ आपसी बातचीत के रास्ते बंद किए बिना एक दृढ़ और सैद्धांतिक रुख बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि वह किसी भी अन्य चीज से ऊपर बातचीत को प्राथमिकता देती हैं और हमेशा अमेरिकी सरकार के साथ वार्ता की पक्षधर हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक साथ काम करने का उचित तरीका यही है कि राजनयिक माध्यमों को मजबूत किया जाए।

# मोदी और नेतन्याहू ने गाजा शांति योजना पर बात की



■ हमने आने वाले वर्ष में भारत-इजराइल रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ भारत-इजरायल रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों और गाजा शांति योजना पर चर्चा की। बातचीत के बाद मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मुझे अपने मित्र, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात करके और उन्हें तथा इजराइल के लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं देकर प्रसन्नता हुई। हमने आने वाले वर्ष में भारत-इजराइल रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

हमने क्षेत्रीय स्थिति पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और आतंकवाद के खिलाफ और अधिक दृढ़ संकल्प के साथ लड़ने के अपने साझा संकल्प की एक बार फिर पुष्टि की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि नेतन्याहू ने मोदी के साथ बातचीत के लिए टेलीफोन किया था। बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने गर्मजोशी के साथ नववर्ष की शुभकामनाओं का आदान प्रदान किया और दोनों देशों के लोगों के लिए शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, गहरे आपसी विश्वास और दूरदर्शी दृष्टिकोण के मार्गदर्शन में आने वाले वर्ष में भारत-इजराइल रणनीतिक साझेदारी को और सुदृढ़ करने के लिए साझा प्राथमिकताओं की पहचान की।

उन्होंने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति को दोहराया और इस खतरे के खिलाफ लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने मोदी को गाजा शांति योजना के कार्यान्वयन के बारे में जानकारी दी। मोदी ने क्षेत्र में न्यायपूर्ण और स्थाई शांति की दिशा में प्रयासों के लिए भारत के निरंतर समर्थन की पुष्टि की। दोनों नेताओं ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

## दक्षिण-पश्चिम यमन में सऊदी हवाई हमलों में 20 लोग मारे गए

**काहिरा।** दक्षिण-पश्चिम यमन के अद-दाली प्रांत पर शासन कर रहे 'दक्षिणी परिवर्ती परिषद' (अल-मजलिस अल-इंतकाली अल-जुनूबी) की सेनाओं के खिलाफ सऊदी नेतृत्व वाले अरब गठबंधन के हमलों में 20 लोग मारे गए हैं। प्रांतीय सरकार के एक सूत्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा कि गठबंधन के विमानों ने अद-दाली प्रांत के जुबैद, अल-जंद और जहाफ इलाकों में सैन्य उपकरणों पर लगभग 12 हवाई हमले किए। ए उपकरण अस्थाई राजधानी अदन से तस्करी करके लाए गए हथियारों और गोला-बारूद से भरे ट्रकों में ले जाए जा रहे थे। हवाई हमलों में महिलाओं और बच्चों सहित 20 लोग मारे गए।

## भारत ने वेनेजुएला की स्थिति पर जताई चिंता

**लक्जमबर्ग।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वेनेजुएला के हालिया घटनाक्रम पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि भारत का मुख्य ध्यान वेनेजुएला के लोगों के कल्याण और उनकी सुरक्षा पर केंद्रित है। उन्होंने सभी पक्षों और संबंधित हितधारकों से संवाद का रास्ता अपनाने तथा नागरिकों की सुरक्षा के लिए शांतिपूर्ण समाधान खोजने का आह्वान किया।

लक्जमबर्ग के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री जेवियर बेटटेल के साथ बातचीत में जयशंकर ने वेनेजुएला के साथ भारत के दीर्घकालिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि वह वेनेजुएला के घटनाक्रम को लेकर वास्तव में चिंतित हैं और वह इसमें शामिल सभी पक्षों से आग्रह करते हैं कि वे एक साथ बैठें और ऐसी स्थिति पर पहुंचें जो वेनेजुएला के लोगों के कल्याण और सुरक्षा के हित में हो। भारत के विदेश मंत्रालय ने भी एक बयान जारी कर वेनेजुएला की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है और बातचीत के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान की अपील की है। मंत्रालय ने वेनेजुएला के लोगों के प्रति अपना समर्थन दोहराया और संकट के समाधान के लिए शांतिपूर्ण संवाद पर जोर दिया। इसके साथ ही मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों के लिए एक यात्रा परामर्श भी जारी किया है, जिसमें उन्हें वेनेजुएला की गैर-जरूरी यात्रा से बचने और काराकस के भारतीय दूतावास से संपर्क बनाए रखने का सुझाव दिया गया है।

■ विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संवाद और शांतिपूर्ण समाधान का किया आह्वान

# ऑपरेशन सिंदूर पर पश्चिमी देशों की दोहरी नीतिः जयशंकर

## विदेश मंत्री ने लक्जमबर्ग में पश्चिमी देशों के दोहरे मानदंडों की कड़ी आलोचना की

**लक्जमबर्ग।** विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने लेटिन अमेरिका के घटनाक्रम का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पश्चिमी देशों के दोहरे मानदंडों की बुधवार को कड़ी आलोचना की।

डा. जयशंकर ने भारतीय समुदाय के लोगों के साथ बातचीत में भारत और लक्जमबर्ग के बीच मजबूत साझेदारी पर आधारित संबंधों पर भी जोर दिया। बातचीत के दौरान विदेश मंत्री ने उन देशों पर निशाना साधा जो भारत को क्षेत्रीय तनावों पर उपदेश देते हैं लेकिन अपने ही क्षेत्रों में हो रही हिंसा और जोखिमों को नजरअंदाज करते हैं। उन्होंने कहा कि कभी-कभी लोग कहते हैं, जैसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कहा गया। अब अगर आप उनसे पूछें कि सच में आपको चिंता है, तो क्यों न आप अपने ही क्षेत्र को देखें? और खुद से पूछें कि वहां हिंसा का स्तर क्या है, कितने जोखिम उठाए गए हैं और हममें से बाकी लोग आपके कार्यों को लेकर कितने चिंतित हैं। लेकिन यही दुनिया की प्रकृति है। लोग जो कहते हैं, वह हमेशा वही नहीं होता जो वे करते हैं, और हमें इसे उसी भावना के साथ स्वीकार करना पड़ता है। डा. जयशंकर की टिप्पणियों से उन देशों के प्रति उनकी नाराजगी झलकी जो ऐसे संघर्षों पर अनचाही सलाह देते हैं जिन्हें वे ठीक से समझते भी नहीं। उन्होंने कहा कि दूर बैठे देश अक्सर 'बिना जटिलताओं को समझे या अपने रणनीतिक हितों पर विचार किए' बोलते हैं। उन्होंने कहा कि अब दुनिया के बाकी हिस्सों में हो रहे घटनाक्रमों का इस पर कितना असर पड़ता है, यह कहना मुश्किल है। दूर बैठे लोग बातें करेंगे, कभी सोच-समझकर, कभी बिना सोचे, कभी अपने स्वार्थ में, तो कभी लापरवाही से। आज के समय में देश अधिक आत्मकेंद्रित हो रहे हैं और वही करेंगे जिससे उन्हें सीधा लाभ हो। वे आपको मुफ्त की सलाह देते रहेंगे। विदेश मंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत का रुख इस बात पर निर्भर करता है कि वह किससे निपट रहा है। उन्होंने कहा कि भारत उन देशों के साथ सकारात्मक और रचनात्मक रूप से जुड़ने को तैयार है जो नई दिल्ली के साथ सकारात्मक तरीके से काम करना चाहते हैं, लेकिन जो पाकिस्तान की तरह व्यवहार करते हैं, उनसे अलग ढंग से निपटना पड़ता है।

■ बातचीत के दौरान विदेश मंत्री ने उन देशों पर निशाना साधा जो भारत को क्षेत्रीय तनावों पर उपदेश देते हैं



## कैमरून में सैन्य हमले में 11 अलगाववादी लड़ाके मारे गए

**याउंडे।** कैमरून के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में एक सैन्य हमले में कम से कम 11 अलगाववादी लड़ाके मारे गए है। सुरक्षा सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि यह घटना कल स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 3:00 बजे हुई, जब सैनिकों ने इलाके के नटाबाह क्षेत्र में अलगाववादी लड़ाकों के मोटरसाइकिल काफिले पर हमला किया। सूत्र ने बताया कि अभियान में एक सैनिक घायल हो गया और उसका इलाज चल रहा है। उल्लेखनीय है कि कैमरुन में वर्ष 2017 से सरकारी बल सशस्त्र अलगाववादी ताकतों के साथ संघर्ष कर रहे हैं, जो उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम के अंग्रेजी-भाषी क्षेत्रों को एक नया आजाद देश बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

# वेनेजुएला अमेरिका को 30-50 मिलियन बैरल तेल देगाः ट्रम्प

## यह घोषणा अमेरिकी सेना द्वारा तीन जनवरी को 'बड़े पैमाने पर हमले' के कुछ दिनों बाद हुई

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को कहा कि वेनेजुएला अमेरिका को 30 से 50 मिलियन बैरल तेल देगा और यह तेल बाजार दरों पर बेचा जाएगा एवं इससे होने वाली कमाई अमेरिकी सरकार के नियंत्रण में रहेगी।

ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि वेनेजुएला में अंतरिम सरकार अमेरिका को 30 से 50 मिलियन बैरल उच्च गुणवत्ता वाला तेल सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि इससे होने वाली कमाई से वेनेजुएला और अमेरिकी दोनों नागरिकों को फायदा होगा। ट्रम्प ने लिखा कि यह तेल बाजार मूल्य पर बेचा जाएगा और पैसा मेरे द्वारा अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में नियंत्रित किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इसका उपयोग वेनेजुएला और अमेरिका के लोगों के फायदे के लिए किया जाए। उन्होंने ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट को बिना किसी देरी के इस योजना को लागू करने का निर्देश दिया। तेल को जहाजों में भरकर सीधे अमेरिकी बंदरगाहों पर उतारने के लिए भेजा जाएगा। यह घोषणा अमेरिकी सेना द्वारा तीन जनवरी को 'बड़े पैमाने पर हमले' के कुछ दिनों बाद हुई है। हमले में वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार कर गत शनिवार शाम को न्यूयॉर्क लाया गया था और उन्हें ब्रुकलिन में मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले के लिए अमेरिकी जिला न्यायालय में दायर एक नए आरोप पत्र में, जिसे अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने साझा किया है, आरोप लगाया गया है कि मादुरो 'राष्ट्र-प्रायोजित गिरोह' चलाते थे और देश में नशीले पदार्थों की तस्करी को बढ़ावा देते थे। अमरीकी राष्ट्रपति ने सैन्य अभियान के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिकी तेल कंपनियों द्वारा वेनेजुएला के खराब हो रहे तेल बुनियादी ढांचे में अरबों का निवेश करने की योजनाओं की रूपरेखा बताई। उन्होंने देश के पेट्रोलियम क्षेत्र को मादुरो सरकार के तहत वर्षों के कुप्रबंधन के परिणामस्वरूप 'पूरी तरह से बर्बाद' बताया।




■ इससे तेल से होने वाली कमाई से वेनेजुएला और अमेरिकी दोनों नागरिकों को फायदा होगा

## मेडागास्कर में बारिश से मरने वालों की संख्या 11 पहुंची

**एंटानानारिवो।** मेडागास्कर में पिछले साल नवम्बर के आखिर से हो रही भारी बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है और छह अन्य घायल हो गए हैं। आपदा प्रबंधन एजेंसी की मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार राजधानी एंटानानारिवो, सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में से एक है। राष्ट्रीय जोखिम एवं आपदा प्रबंधन कार्यालय ने कहा कि कुल 274 लोग प्रभावित हुए हैं, और 26 घरों को नुकसान पहुंचा है, या वे नष्ट हो गए हैं। एंटानानारिवो के शहरी समुदाय ने लोगों से बहुत ज्यादा सतर्क रहने की अपील की है और पुराने या असुरक्षित पारंपरिक घरों में रहने वाले सभी परिवारों से सुरक्षित जगहों पर जाने को कहा है।

